✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 182 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 29 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गोवा में पीएम मोदी ने किया दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा का अनावरण

### मुख्यमंत्री ने बिहार की दस लाख महिलाओं के खाते में हस्तांतरित किये दस-दस हजार रुपये

## बिहार का और तेजी से होगा विकास : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को 10 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि ट्रांसफर किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर डीबीटी के जरिए राशि ट्रांसफर किया। इसके लिए मुख्यमंत्री आवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सीएम नीतीश के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। सीएम नीतीश ने 10 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किया। आज कुल 1 हजार करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर किया गया। सीएम नीतीश ने कहा कि आप जानते हैं कि इस बार बिहार के लोगों ने बिहार विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से एनडीए को जिताया है। अगले 5 सालों के लिए हमें सेवा करने का मौका फिर से दिया है। मैं इसके लिए बिहार के सभी महिलाओं के साथ-साथ सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। सीएम नीतीश ने कहा कि आज 10 हजार रुपए की राशि 10 लाख महिलाओं को भेजी जा रही है। कुल मिला कर 1 करोड़ 56 लाख लोगों को इसका फायदा मिल जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी महिलाओं को इस 10 हजार रुपये की राशि से अपना काम शुरू करने में काफी मदद मिलेगी। इससे आपका परिवार खुशहाल होगा तथा बिहार का और तेजी से विकास होगा। आज के कार्यक्रम में तीनों लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किये हैं। महिलाओं में आत्मविश्वास देखकर मुझे खुशी होती है। हमलोग सभी लोगों के विकास के लिये लगातार काम कर रहे हैं। केन्द्र सरकार का भी राज्य के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। आगे सबके विकास के लिये काम करते रहेंगे।



## सरकारी बंगला बपौती नहीं, खाली करना ही होगा : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नई सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को पिछले दिनों 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगले को खाली करने का नोटिस दिया था। इसके बाद राजद की तरफ से उनके प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए डेरा नहीं छोड़ेंगे। उनके इस बयान पर अब नीतीश सरकार में गृह विभाग संभाल रहे और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में जब उनसे बंगले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए पूर्व मुख्यमंत्री को किसी भी हाल में राबड़ी आवास खाली करना ही होगा। बंगले को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सरकारी आवास की मालिक जनता होती है, यह किसी की बपौती नहीं है। उसे खाली करना ही होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार से कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है लेकिन सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि पूर्व मुख्यमंत्रियों को सरकारी बंगला नहीं मिल सकता है। ऐसे में पूर्व सीएम राबड़ी देवी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर जो घर कैटिगराइज किया गया है, वो मिल गया है। इसलिए अब उन्हें 10 सर्कुलर वाला बंगला खाली करना ही होगा। गृह मंत्री चौधरी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में सबका घर बदलता रहा है। पिछले 28 साल में उन्हें भी 6 घर बदलने पड़े। वहीं, आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के 'जो करना है करें, डेरा खाली नहीं करेंगे' वाले बयान को उन्होंने अराजकता का बोल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरजेडी के लोग अराजकता और गुंडागर्दी वाले हैं। वो कैसे बोल सकते हैं कि सरकारी आवास नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान बंगले की साइज को लेकर जब गृह मंत्री से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सरकार का काम है कि वह नेता विरोधी दल को सम्मान करें और नीतीश कुमार की सरकार किसी को भी सम्मान देने से पीछे नहीं हटती है। ऐसे नेता प्रतिपक्ष होने के कारण राबड़ी देवी को पहले से बड़ा बंगला सरकार की तरफ से आवंटित किया गया है। बंगले के आवंटन के दौरान इस बात का पूरा ख्याल रखा गया है कि उन्हें किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। सरकारी नियम के अनुसार किसी भी सरकारी पद पर रहे व्यक्ति को सेवा के समाप्ति के बाद उन्हें आवंटित सरकारी बंगले को खाली करने के लिए 30 दिन का वक्त मिलता है। ऐसे में राबड़ी देवी को यह बंगला नोटिस मिलने के 30 दिन के भीतर खाली करना ही होगा।



### संक्षिप्त समाचार

#### सीआइडी इंस्पेक्टर माधव ठाकुर के ठिकानों पर रेड

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित अपराध अनुसंधान विभाग (कमजोर वर्ग) में तैनात पुलिस निरीक्षक माधव ठाकुर के ठिकानों पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को छापेमारी की। बेगूसराय एवं पटना स्थित आवास पर की गई छापेमारी में 12 बैंक खाते, जमीन के छह दस्तावेज एवं विभिन्न बीमा कंपनियों में निवेश के कागजात मिले। इन्हें जब्त कर लिया गया है। निगरानी ब्यूरो के अनुसार प्राप्त कागजात का विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही तलाशी एवं अनुसंधान का कार्य जारी है।

#### सहकारिता विभाग में खाली पदों पर जल्द होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सहकारिता विभाग में कुल 1089 पदों पर भर्ती होगी। इन पदों की अधियाचना संबंधित आयोग को भेज दी गई है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने इन रिक्तियों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया है। सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को विभागीय रिक्तियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में बताया गया कि कुल 1089 पदों की अधियाचना संबंधित आयोगों को भेजी गई है। बिहार लोक सेवा आयोग को 31 सहायक निबंधक, चार जिला अंकेक्षण पदाधिकारी अर्थात कुल 35 पद और सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 502 पदों की अधियाचना भेजी गई है।

#### डीएलएड कोर्स के लिए अधिकतम शुल्क तय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के प्राइवेट इंस्टिट्यूट में दो वर्षीय डीएलएड कोर्स के लिए अधिकतम शुल्क तय कर दिया गया है। शिक्षा विभाग, पटना के संयुक्त सचिव, शोध एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एकेडमिक सेशन 2023-25 से प्रति छात्र अधिकतम 60 हजार रुपये प्रतिवर्ष तथा पूरे दो वर्ष के कोर्स के लिए कुल एक लाख 20 हजार रुपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जा सकेगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह शुल्क अधिकतम सीमा है।

#### डिग्री महाविद्यालय विहीन प्रखंडों को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलनेकी योजना के तहत डिग्री महाविद्यालय विहीन प्रखंडों को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू हो गयी है। ऐसे प्रखंडों में डिग्री कॉलेज चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इसके लिए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने अधिकारियों को ऐसे प्रखंडों को जल्द चिह्नित करते हुए आगे की कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस पर उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने राज्य के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों से यह जानकारी तत्काल मांगी है कि वर्तमान में कितने प्रखंडों डिग्री कॉलेज हैं। इसके तहत डिग्री कॉलेजों की कोटिवार जानकारी ली गयी है।

## राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** बिहार के विभिन्न जिलों में निगरानी विभाग के रेड की खबर अक्सर ही सामने आती रहती है। शिकायत मिलते ही अधिकारी एक्शन में आते हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा सिवान में भी देखने को मिला। हसनपुरा प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शुक्रवार को विजिलेंस की छह सदस्यीय टीम ने कार्रवाई की। विजिलेंस की टीम हसनपुरा अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी दिलीप कुमार सिन्हा के प्राइवेट ऑफिस पर पहुंची। आरोप था कि एक व्यक्ति के द्वारा काम के बदले ?5000 की मांग की गयी थी। जिसकी सूचना उन्होंने विजिलेंस की टीम को दी थी। इसके बाद आज विजिलेंस की टीम ने भ्रष्टाचारी राजस्व कर्मचारी को 15 हजार रुपए कैश लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने वहां मौजूद एक निजी कंप्यूटर ऑपरेटर धनंजय को भी हिरासत में ले लिया है। यही नहीं प्राइवेट ऑफिस के बाहर एक कार भी बरामद हुई है। जिसको विजिलेंस की टीम स्थानीय थाने के हवाले कर दिया है। विजिलेंस टीम में डीएसपी श्याम बाबू के नेतृत्व में 6 लोग शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद पूरे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी राजस्व कर्मचारी दिलीप कुमार सिन्हा से पहले सिवान के अतिथि गृह में पूछताछ की भी गयी। इसके बाद राजस्व कर्मचारी को पटना ले जाया गया। डीएसपी ने बताया कि शिकायत की जांच के लिए विजिलेंस टीम ने गोपनीय रूप से सत्यापन कराया। जांच में शिकायत सत्य पाई गई, जिसके बाद 26 नवंबर को दिलीप के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।



## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में एफसीआइ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में भारतीय खाद्य निगम का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के श्रेणी में उत्कृष्ट पवेलियन प्रदर्शन के लिए भारतीय खाद्य निगम को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. नीरज खैरवाल द्वारा भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा को प्रदान किया गया। निगम के पवेलियन में पारंपरिक अनाज भंडारण व्यवस्था से लेकर आधुनिक साइलो (संरचना) तक की झलक प्रस्तुत की गई थी, जिसने खाद्य सुरक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की प्रगति और तकनीकी रूपांतरण को दर्शाया। भारतीय खाद्य निगम के अनुसार, यह सम्मान न सिर्फ संस्था के बेहतर प्रदर्शन की पहचान है, बल्कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना की दिशा में खाद्य सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने की प्रेरणा भी है। निगम ने कहा कि इस उपलब्धि से उनकी प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई है और भविष्य में भी राष्ट्रहित में कार्य जारी रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आए दर्शकों और विशेषज्ञों ने भारतीय खाद्य निगम के प्रदर्शनी मंडप में प्रदर्शित नवीनतम तकनीकी प्रक्रियाओं, सतत भंडारण प्रणाली, अनाज प्रबंधन और भविष्य की खाद्य सुरक्षा योजनाओं की सराहना की। भारतीय खाद्य निगम ने इस उपलब्धि को टीमवर्क, तकनीकी नवाचार और पारदर्शी खाद्य प्रबंधन प्रणाली का परिणाम बताया है।



## विधायकों के शपथ ग्रहण से पूर्व पटना में धारा 163 लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में चुने गए विधायकों को दिसंबर की पहली या दूसरी तारीख को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी। इससे पहले पटना प्रशासन ने जिले में कानून व्यवस्था की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में धारा 163 लागू कर दिया है। धारा 163 के लागू होते ही शहर में कई तरह की पाबंदियां लग गई है जो 5 दिसंबर तक लागू रहेगी। प्रशासन की तरफ से धारा 163 लागू करते हुए बताया गया है कि 1 दिसंबर से 5 दिसंबर के दौरान पांच या उससे अधिक लोग एक साथ एक जगह जमावड़ा नहीं कर सकेंगे। कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन या घेराव नहीं किया जाएगा, चाहे वह हथियारों और रोशनी के साथ हो या उसके बिना। इसी तरह आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद, विस्फोटक, फरसा, गड़ासा, भाला, चाकू जैसे किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलना पूरी तरह मना है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित रहेगा, ताकि इलाके में अनावश्यक शोर-शराबा और अव्यवस्था न फैले। यह पाबंदी जिन इलाकों में लगाया गया है उनमें विधानसभा के उत्तर में चिड़ियाघर के गेट नंबर 1 से विश्वेश्वरैया भवन तक का इलाका शामिल है, जो नेहरू पथ और केरल टी प्वाइंट से होकर गुजरता है। दक्षिण में यह क्षेत्र आर ब्लॉक गोलंबर से लेकर रेलवे लाइन तक फैला है। पश्चिम में पटना जीपीओ गोलंबर तक का क्षेत्र इस आदेश के दायरे में आएगा।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिवालय का किया औचक निरीक्षण

## अनुशासन के साथ करें कार्य का निष्पादन : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य सचिवालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया और व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कोषांग, मंत्रिमंडल कक्ष, वित्त मंत्री का कार्यालय, अतिथि कक्ष समेत सचिवालय के सभी प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया और वहां काम करने वाले अधिकारियों से कार्य की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय आयें और कार्य का निष्पादन अनुशासन के साथ करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पूरी संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ काम किया जाए ताकि सभी कार्य समय पर पूरे किए जा सकें। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सचिवालय परिसर की साफ-सफाई और सुंदरता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर सुसज्जित और आकर्षक दिखाई दे, उद्यान क्षेत्र हरा-भरा रहे और जहां जरूरत हो वहां पौधारोपण कराएं। साथ ही आगंतुकों के बैठने और उनकी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिवालय को और बेहतर और व्यवस्थित बनाने की योजना पर तेजी से काम किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ. एस. सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, कुमार रवि, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह तथा मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।



## बिहार बनेगा हाई-टेक इंडस्ट्रियल हब, खुलेंगे डिफेंस कॉरिडोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार भारत को रक्षा और हाई-टेक तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के मिशन पर काम कर रही है। इसी मिशन में अब बिहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए देश में डिफेंस कॉरिडोर तैयार किए जा रहे हैं और अब इस दिशा में बिहार को शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके साथ ही इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत बिहार में सेमीकंडक्टर पार्क स्थापित किए जाने की संभावना भी है। डिफेंस कॉरिडोर का मतलब ऐसा औद्योगिक क्षेत्र होता है जहां हथियार, सैन्य उपकरण ड्रोन, यूनिफॉर्म, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और सेना से जुड़े लगभग हर तरह के सामान बनाए जाते हैं। अब तक केवल कुछ राज्यों तक ही भारत का रक्षा निर्माण सीमित था लेकिन बदलते समय और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए बिहार को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाना एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय होगा। यदि यह कॉरिडोर बिहार में बनता है तो राज्य में ना केवल बड़े हथियारों का निर्माण होगा बल्कि हल्के एयरक्राफ्ट से लेकर एके-47, कार्बाइन, स्नाइपर राइफल, पिस्टल और सैन्य यूनिफॉर्म तक के उत्पादन की फैक्ट्रियां खुल सकेंगी। इससे बिहार पहली बार कंज्यूमर स्टेट से प्रोडूसर स्टेट की श्रेणी में आ जायेगा। भारत ने वर्ष 2029 तक रक्षा उत्पादन को 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है जो वर्तमान स्थिति से दोगुने से भी अधिक है। ऐसे समय में बिहार के पास यह अवसर है कि वह इस तेजी से बढ़ते राष्ट्रीय रक्षा बाजार का हिस्सा बने। यह प्रोजेक्ट न केवल राज्य में निवेश लाएगी बल्कि उद्योगों के माध्यम से लोकल इकॉनमी को भी मजबूत करेगी। बिहार की इंडस्ट्रियल इमेज में भी बड़ा बदलाव आएगा और नई कंपनियों के आने से रोजगार, तकनीक और ट्रेनिंग के बड़े अवसर बनेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के बन जाने से बिहार में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। हथियार प्रोडक्शन, मशीन प्रोडक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम, कंपोनेंट प्रोडक्शन और तकनीकी सेवाओं जैसे कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए नौकरी के नए अवसर बनेंगे। इसके अलावा तकनीक और रिसर्च का नया युग भी बिहार में शुरू हो सकता है। ड्रोन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, एविएशन पार्ट्स और नई पीढ़ी की मिलिट्री टेक्नोलॉजी के लिए रिसर्च सेंटर खुलने की संभावना है।



## सड़क हादसे में सीएसपी संचालक समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के सहेजनी गांव के पास बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार सीएसपी संचालक समेत दो लोगो टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में टक्कर मारने के बाद पिकअप भी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसका दोस्त व सीएसपी संचालक ने आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक पिकअप छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना की सूचना पाकर हसन बाजार थानाध्यक्ष विकाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल से पिकअप को जब्त कर लिया। मृतकों में सिकरहटा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व. नरेंद्र सिंह का 38 साल का बेटा प्रबिन्द कुमार उर्फ योगी है। दूसरा मृतक उसी गांव के निवासी मनोज कुमार उर्फ मुन्ना मास्टर का 23 साल का बेटा सह सीएसपी संचालक सुमित कुमार उर्फ बीरु कुमार है। इसमें मृतक सुमित कुमार उर्फ बीरु कुमार सीएसपी संचालक था और हसन बाजार स्थित एसबीआई का सीएसपी केंद्र चलाता था। मृतक उसका दोस्त प्रबिन्द कुमार समाजसेवी था और दो बार मुखिया का चुनाव भी लड़ा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि किसी वजह देर हो जाने के कारण संचालक सुमित कुमार उर्फ बीरू कुमार अपने दोस्त प्रबिन्द कुमार उर्फ योगी के साथ बाइक से हसन बाजार से वापस गांव लौट रहा था।

### मुख्यमंत्री ने पी.एम.सी.एच. स्थित आपातकालीन इकाई भवन का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल स्थित आपातकालीन इकाई भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई में उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सा संबंधी सुविधाओं एवं सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई भवन के तीसरे तल का निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य औषधि वाह्य विभाग, दंत चिकित्सा वाह्य विभाग, स्त्री एवं प्रसूति वाह्य विभाग आदि का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने छठे तल पर पहुंचकर मॉडयूलर ओ.टी., गहन चिकित्सा इकाई, ऑक्सीजन पाइप लाइन सेवा, परामर्श कक्ष सहित अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं एवं सेवाओं की अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई भवन के सबसे ऊपरी तल पर जाकर एयर एम्बुलेंस लैंडिंग एरिया का निरीक्षण कर प्रगति कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करायें। निर्माण कार्य बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष रुप से ख्याल रखें। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एयर एम्बुलेंस लैंडिंग एरिया के चहारदीवारी की ऊंचाई पर्याप्त होनी चाहिये। ज्ञातव्य है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना का पुर्नविकास निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा 8. फरवरी 2021 को किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा 27 फरवरी 2024 को कम्बाइंड अल्ट्रासाउंड एंड बायोकेमिकल स्क्रीनिंग (सीयूबी), (एमएलसीपी), नर्सेज एवं गर्ल्स हस्टल का उद्घाटन किया गया। साथ ही पावरग्रिड का शिलान्यास किया गया। उद्घाटन के पश्चात् सीयूबी में द्वितीय तल पर बिहार राज्य रक्त अधिकोष का संचालन शुरू किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा 3 मई 2024 को नवनिर्मित भवन टावर-01-02 का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित भवन टावर-01-02 में बेसमेंट में 120 चार पहिया एवं दो पहिया वाहन का पार्किंग संचालित है। नवनिर्मित भवन टावर-01-02 में प्रथम तल पर सीटी स्कैन/एमआरआई/ अल्ट्रासाउन्ड एवं एक्स-रे जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा इस तल पर इएनटी आइपीडी भी संचालित है। नवनिर्मित भवन टावर-01-02 में द्वितीय एवं चतुर्थ तल पर औषधि आइपीडी, चर्म तथा रति रोग आइपीडी का संचालन किया जा रहा है। इस भवन के तृतीय तल पर पीएसएम/औषधि/ जेराट्रिक्स/शिशु/ दन्त/स्त्री एवं प्रसूति रोग/चर्म एवं रति रोग/ कार्डियोलॉजी/ पीएमआर/ इएनटी/ नेत्र वाह्य विभाग का संचालन किया जा रहा है।

# टिकट फर्जीवाड़ा से बचने के लिए दानापुर स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल संस्कृतिक संघ की प्रस्तुति नुक्कड़ नाटक रहे सदा सतर्क का दानापुर स्टेशन पर मंचन किया गया। अरुण कुमार द्वारा निर्देशित इस नाटक में टिकट काउंटर पर टिकट दलालों एवं फर्जी टिकट से बचने के लिए एवं आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से बहुत रोचक ढंग से नाटक की प्रस्तुति की गई। इसमें यह बताया गया कि कैसे कभी-कभी टिकट काउंटर पर टिकट दलालों के द्वारा यात्रियों को गुमराह करते हुए असली के बदले नकली टिकट पकड़ा दिया जाता है। इसके साथ ही कंफर्म टिकट के नाम पर भी टिकट दलालों के द्वारा यात्रियों को नकली टिकट पकड़ा दिया जाता है। कभी-कभी पुरानी टिकट का भी इस्तेमाल इस फर्जीवाड़ा में किया जाता है जिससे यात्रियों को सावधान रहने की जरूरत है। नाटक का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को नकली टिकट से बचने के लिए जागरूक करना था। इसके साथ ही यात्रियों को ट्रेन में वेंडर के द्वारा पानी की बोतल अथवा किसी खाद्य पदार्थ में एक्स्ट्रा चार्जिंग से बचने को लेकर भी जागरूक किया गया। नाटक में शिव कुमार पासवान, अरुण कुमार, रंजन कुमार सिंह, राजेश कुमार, चंदन शर्मा, पवन कुमार, गोपाल चंद्र वर्मा, रूबी कुमारी ने अपने अभिनय से आकर्षित किया। वही ढोलक पर विजय कुमार थे। यह नाटक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार की उपस्थिति में प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में यात्री भी उपस्थित थे। आगे भी दानापुर मंडल के द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर इस प्रकार के नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# बी.डी. कॉलेज और इक्विटी फाउंडेशन ने किया मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इक्विटी फाउंडेशन ने बी.डी. कॉलेज, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से परियोजना 'अभियान' के अंतर्गत एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह पहल सूचना, शिक्षा और संचार के माध्यम से समुदाय के कल्याण हेतु व्यवहारिक परिवर्तन पर केंद्रित थी। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया जिसकी शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के प्रेरणादायी स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बदलते सामाजिक परिवेश में विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक दृढ़ता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया। इक्विटी फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशिका नीना श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. दिव्या ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक चुनौतियों से निपटने के लिए खुले संवाद की आवश्यकता पर विशेषज्ञ विचार प्रस्तुत किए। विशाल विजय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

कार्यक्रम का समापन नीतू तिवारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने आयोजन टीम, मुख्य वक्ता, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों के योगदान को सराहा।

# एनटीपीसी ने किया ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतियोगिता में दोनों समूहों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मिली 50,000 की पुरस्कार राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज ज्ञान भवन, पटना में ऊर्जा संरक्षण-2025 पर बीईई राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने स्कूली छात्रों को ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा पर अपनी सोच व कल्पनाओं को चित्रों में अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच प्रदान किया। कुल 100 चयनित छात्र-छात्राओं ने ऑन-द- स्पॉट पेंटिंग के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया जिससे बच्चों में ऊर्जा-संरक्षण के प्रति रचनात्मक जोश देखने को मिला। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी, विद्युत मंत्रालय के राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत, राज्य नोडल एजेंसी के रूप में एनटीपीसी ने बिहार सहित आठ राज्यों में स्कूल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का संचालन किया। इस वर्ष बिहार के 106 स्कूलों में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिताओं से प्राप्त 5,961 प्रविष्टियों में से 50 से अधिक स्कूलों के 100 प्रतिभावान छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। आज आयोजित ऑन-स्पॉट प्रतियोगिता में से दोनों समूहों की 26 सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग का चयन बिहार शिक्षा विभाग द्वारा नामित निर्णायक मंडल ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल, सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, महाप्रबंधक (मा. सं.) विल्सन अब्राहम तथा क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक राजकुमार सहित एनटीपीसी व बिहार शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री गोयल ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा ऊर्जा संरक्षण केवल भविष्य की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी है। आज बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता से जो संदेश दिया है, वह समाज को प्रेरित करने वाली नई सोच का प्रतीक है। एनटीपीसी सदैव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रबी मौसम में खाद आपूर्ति पर कृषि मंत्री सख्त

### कृषि अधिकारी ऑफिस में नहीं फील्ड में नजर आएं : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**फुलवारी शरीफ।** रबी मौसम में किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में खाद की उपलब्धता, भंडारण, वितरण और आपूर्ति श्रृंखला की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अब कृषि विभाग का कोई भी अधिकारी सिर्फ कार्यालय में बैठकर काम नहीं करेगा। सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड में रहकर किसानों से संवाद स्थापित करना होगा और जमीनी स्थिति की मॉनिटरिंग करनी होगी। साथ ही हर जिले से उर्वरक की दैनिक निगरानी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से मांगी गई है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसानों को 'एक दिन भी खाद की कमी' नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार को मुख्यालय स्तर से विशेष उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) गठित करने का निर्देश दिया है। यह टीम सभी जिलों में औचक छापेमारी कर कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली करने वालों पर कार्रवाई करेगी। मंत्री ने हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम को और अधिक सक्रिय रखने का भी आदेश दिया, ताकि किसानों की शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। उन्होंने दोहराया कि किसानों के हित से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और सरकार उनकी फसल सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए तय की गई उर्वरक आवश्यकता के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित है। 28 नवंबर तक राज्य में 3.34 लाख मे.टन यूरिया, 1.55 लाख मे.टन डीएपी, 2.37 लाख मे.टन एनपीके, 0.55 लाख मे.टन एमओपी और 1.12 लाख मे.टन एसएसपी उपलब्ध है। मंत्री के अनुसार वर्तमान में किसी भी जिले में खाद की कमी नहीं है। उर्वरक अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई करते हुए रबी 2025-26 में अब तक 12 प्रतिष्ठानों पर एफआईआर दर्ज की गई है और 41 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द किया गया है। लगातार छापेमारी और निरीक्षण अभियान से बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रित मूल्य व्यवस्था को मजबूती मिली है। मंत्री ने निर्देश दिया कि जहां भी उर्वरक निगरानी समिति की बैठक लंबित है, वहां तुरंत बैठक आयोजित की जाए।

# नीतीश सरकार ने शुरू की एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने की कारवाई : राजीव रंजन प्रसाद

### सभी प्रशासनिक विभागों को रिक्तियों का विवरण 31 दिसंबर तक देने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बिहार सरकार युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। बयान के अनुसार राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी या रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सभी प्रशासनिक विभागों, प्रमंडलीय आयुक्तों, पुलिस मुख्यालय के अधीन कार्यालयों और सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि उनके विभागों में मौजूद सभी रिक्तियों का विवरण 31 दिसंबर तक सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाए। बताया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग इन रिक्तियों की जांच कर उन्हें संबंधित नियुक्ति आयोगों और चयन एजेंसियों तक पहुंचाएगा, ताकि भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ सके। बयान में यह जानकारी भी दी गई है कि सभी नियुक्ति आयोग और चयन एजेंसियों को जनवरी 2026 में पूरे वर्ष का नियुक्ति कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया है। इस कैलेंडर में विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि, संभावित परीक्षा तिथि और नियुक्ति प्रक्रिया के अन्य चरणों का विवरण शामिल रहेगा। सूत्रों ने यह भी बताया है कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया है और स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी नियुक्ति विज्ञापन के प्रकाशन के एक वर्ष के भीतर अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा। राजनीतिक हलकों में इस कदम को बिहार सरकार की रोजगार नीति में एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है।

# महात्मा गांधी और युवा विषय पर बापू टावर ने किया अरविंद महिला कॉलेज में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बापू टावर और अरविंद महिला कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन अरविंद महिला कॉलेज, पटना के सभागार में किया गया। 'महात्मा गांधी और युवा' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. साधना ठाकुर, प्राचार्या, अरविंद महिला कॉलेज थीं जबकि अध्यक्षता हिंदी के प्रो. शिवनारायण द्वारा की गई। कार्यक्रम में बापू टावर पटना के निदेशक, आई.ए.एस. विनय कुमार ने कॉलेज की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांधीजी ने अपने जीवन में सत्य और अहिंसा को प्रतिरोध का हथियार बनाया और इस देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने में सर्वप्रमुख भूमिका निभायी। उन्होंने बापू टावर पटना द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस तरह के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता प्रो. साधना ठाकुर ने गांधीजी के छात्र जीवन के बारे में बताया और इस बात की ओर इशारा किया कि छात्राएं अपने जीवन में उनसे काफी प्रेरणा ले सकती हैं। अध्यक्षता करते हुए प्रो. शिवनारायण ने बताया कि आज गांधी को बार-बार याद किए जाने की जरूरत है।

# पटना जंक्शन पर रैपिडो कस्टमर सपोर्ट सेंटर की शुरुआत

**बिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रैपिडो ने रेलयात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए,पटना जंक्शन पर अपना नया कस्टमर सपोर्ट सेंटर शुरू किया है जिसका उद्घाटन अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि रैपिडो कस्टमर सपोर्ट सेंटर खोले जाने से पटना जंक्शन पर आने वाले प्रत्येक यात्री को 24 गुणे 7 सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे और रैपिडो की प्राथमिकता है कि हर यात्री को सुरक्षित और ससमय उनके घर तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करेगा। इस सेंटर की शुरुआत के साथ यात्रियों को अब बिहार के किसी भी जिले में जाने या पटना शहर में यात्रा करने के लिए बाइक टैक्सी, ऑटो और कैब सेवाएं एक ही स्थान से उपलब्ध होंगी। यह सेंटर पटना जंक्शन के गेट नंबर-3 पर स्थित है और यहां 24गुणे 7 कस्टमर सपोर्ट उपलब्ध रहेगा।

रैपिडो की ओर से बताया गया कि नए उपयोगकर्ता 'जीओ फ्री' कूपन कोड का उपयोग करके बाइक टैक्सी पर 30 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। रैपिडो के प्रतिनिधि द्वारा जानकारी दी गई कि आने वाले समय में रैपिडो यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य रेलवे स्टेशन पर भी कस्टमर सपोर्ट सेंटर स्थापित करेगा, ताकि सुरक्षित, सुलभ और किफायती यात्रा समाधान अधिक से अधिक यात्रियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर रेलवे प्रशासन और रैपिडो टीम उपस्थित रही।

# राज्य के सभी तकनीकी संस्थानों में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा राज्य के सभी तकनीकी संस्थानों में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 38 सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों तथा 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकार, उनके दुष्प्रभाव तथा समाज एवं व्यक्तिगत जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में भी गंभीर बाधाएं उत्पन्न करता है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली और संकल्प व्यक्त किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएंगे। विभाग का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# दानापुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दानापुर मंडल यात्रियों की सेवा में सदैव तत्पर रहता है। ट्रेन परिचालन के साथ-साथ दानापुर मंडल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज कल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल के द्वारा पटना के प्रथमा ब्लड सेंटर के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग तिथियों को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दानापुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर राजेंद्र नगर कोचिंग कंपलेक्स परिसर में 27.11.2025 को आयोजित की गई थी जिसमें लगभग 15 लोगों ने रक्तदान किया था। इसी प्रकार पटना जंक्शन में 02.12.2025 को एवं कैरेज वर्कशॉप, दानापुर में 03.12.2025 को आयोजित किया जाएगा। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। रक्तदान किसी के लिए जीवन का अनमोल तोहफा है। दानापुर मंडल के द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करके हम भी जीवन बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बनें।


# एचडीएफसी बैंक की 17वीं सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत का निजी क्षेत्र का अग्रणी एचडीएफसी बैंक अपने फ्लैगशिप सीएसआर इनिशिएटिव, परिवर्तन के तहत देश भर में ब्लड डोनेशन ड्राइव का 17वां एडिशन ऑर्गनाइज करेगा। यह ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर, 2025 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एक साथ भारत के 1,100 से ज्यादा शहरों में होगा। इसमें एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, डिफेंस फोर्स के मेंबर, स्टूडेंट और कम्युनिटी मेंबर शामिल होंगे। यह इनिशिएटिव कम्युनिटी वेलफेयर के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दिखाता है और देश की सुरक्षित और समय पर ब्लड डोनेशन की लगातार जरूरत को सपोर्ट करता है। यह सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव बैंक द्वारा शुरू किए गए पहले सीएसआर इनिशिएटिव में से एक है और हेल्थकेयर और हाइजीन के मेन फोकस एरिया में आता है। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा, यह ड्राइव कई सालों से लोगों को एक कॉमन मकसद के लिए एक साथ लाती रही है। ब्लड डोनेट करना एक आसान काम है जो किसी की जिंदगी में तुरंत बदलाव ला सकता है। एचडीएफसी बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भावेश जवेरी ने कहा, सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव लगातार बढ़ी है क्योंकि हमारे कर्मचारी और भागीदार इसे ईमानदारी और टीमवर्क के साथ करते हैं।

# मैकाले शिक्षा पद्धति को जड़ से समाप्त करना जरूरी : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देश के चर्चित गांधीवादी प्रेम जी ने प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से आयोजित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नई शिक्षा नीति पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुये कहा कि भारत का गौरवशाली अतीत रहा है जहां गुरुकुलम से श्री राम, श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, महावीर, युधिष्ठिर और अर्जुन निकलते थे। गुरुकुल में मानव निर्माण और चरित्रवान और संस्कारवान बनाया जाता था। वही फिरंगियों ने षड्यंत्र के तहत मैकाले शिक्षा पद्धति को लागू किया यह शिक्षा सिर्फ ललबबुआ के फौज खड़ा कर रहा है जो चेहरा मोहरा से तो भारतीय है, लेकिन दिमाग और दिल से काला अंग्रेज है। आज का युवा इसलिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे की भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके। इसी आनंद की तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन में जहर घोलता है। देश के हजारों विश्वविद्यालयों से प्रतिवर्ष लाखों लोग स्नातक, स्नातकोत्तर, डिलीट और पीचडी की डिग्री लेकर निकलते हैं बमुश्किल से चार से पांच प्रतिशत लोगों को ही सरकारी नौकरी हो पाती है बाकी बचे लोग प्राइवेट स्कूल या घर-घर ट्यूशन कर पेट पालने को विवश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति में आंशिक सुधार किया है इसमें व्यापक सुधार की गुंजाइश है। महात्मा गांधी ने जो बुनियादी शिक्षा का मार्ग बताया है उसे अपनाने की आवश्यकता है।

### रोहतास जिला को साक्षर बनाने को लेकर डीएम ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पूर्व में किये गए सर्वे को त्वरित गति से करें पुनरीक्षित : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में रोहतास जिला को संपूर्ण साक्षर करने के उद्देश्य से संध्या 4 बजे से सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड प्रबंधक, जीविका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की एक विस्तृत बैठक की गई जिसमें उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, बाल विकास परियोजना, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आइसीडीएस, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान तथा माध्यमिक शिक्षा -सह- साक्षरता सहित प्रखंड के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि पूर्व में असाक्षर व्यक्तियों का गृहवार सर्वे करते हुए 92701 असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की गयी है जिसमें 65000 असाक्षर महिलाओं को चिन्हित किया गया है, इन्हें साक्षर बनाने हेतु कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि किये गये सर्वे को एक बार त्वरित गति से पुनरीक्षित करने की आवश्यकता है। 7 दिसंबर 2025 को आहूत बुनियादी साक्षरता परीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप नवसाक्षर महिलाओं को शामिल कराना सुनिश्चित करें। उक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक प्रखंड में 02 आदर्श बुनियादी साक्षरता परीक्षा केन्द्र बनाये जायेंगे। बुनियादी साक्षरता परीक्षा के बाद बाकी बचे 15 वर्ष से 60 वर्ष की आयु वर्ग के असाक्षरों हेतु जन प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए आदेश निर्गत करेंगे। असाक्षरों के लिए साक्षरता केन्द्र के रूप में आंगनबाड़ी केंद्रों को नामित किया जाय। एक केन्द्र पर 10 से 15 असाक्षरों को नामांकित किया जायेगा अगर इसके बावजूद भी उक्त वार्ड में असाक्षर शेष रहते हैं तो नजदीक के विद्यालय या अन्य सामुदायिक केंद्रों को साक्षरता केन्द्रों के रूप में चिन्हित कर असाक्षरों को पढ़ाया जायेगा। इन केंद्रों पर पढ़ाने की जवाबदेही शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज, आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका के ग्राम संगठन की सी0एम0 की मुख्य भूमिका होगी। साथ ही 9वीं एवं 11वीं के छात्र एवं छात्राओं को चिन्हित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के देख-रेख में मैचिंग-बैचिंग का कार्य करते हुए तीन महीने के अंदर लक्ष्य की प्राप्ति की जायेगी। फरवरी 2026 के अंत तक रोहतास जिला को संपूर्ण साक्षर जिला घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय के सभाकक्ष में मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस वर्ष की यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंडल के वाणिज्य विभाग के समन्वयन में आयोजित बैठक में स्वागतोपरांत सर्वप्रथम समिति के सम्मानित सदस्यों से उनका परिचय प्राप्त किया गया। इसके बाद समिति के सदस्यों को मंडल के गठन, क्षेत्र, विस्तार, श्रेणीवार स्टेशनों व उन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं तथा जारी विकास कार्यों आदि से अवगत कराया गया। तदुपरांत बैठक के दौरान मंडल के अंतर्गत स्टेशनों पर ट्रेनों, यात्री सुविधाओं, खान-पान, सुरक्षा- संरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा रेलवे की विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए गए हैं। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए समुचित सकारात्मक कार्यवाही किये जाने की बात कही गयी तथा यात्रियों के लिए सुविधा सुधार के महत्वपूर्ण सुझावों हेतु सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में सदस्यों द्वारा रेलवे द्वारा विगत वर्षों में बड़े पैमाने पर किए गए विकास एवं सुधार कार्यों की सराहना भी की गई। इन प्रयासों से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हुई हैं और मंडल में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान डीडीयू मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार तथा विभिन्न शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों के लिए व्हाइट कोट उनकी पहचान और उपस्थिति का द्योतक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** चिकित्सा शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए व्हाइट कोट शिरोमणि एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण होता है। चिकित्सकों के लिए व्हाइट कोट उनके पहचान और उपस्थिति का द्योतक तक होता है तथा व्हाइट कोट देखकर ही आम लोग उन्हें चिकित्सक के रूप में स्वीकार करते हैं। व्हाइट कोट पहनकर जो व्यक्ति मरीजों को मृत्यु के मुंह से जीवन वापस लौटाता है, वह चिकित्सक धरती का भगवान माना जाता है। उक्त बातें गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 2025-26 सत्र के नवागंतुक चिकित्सा स्नातक छात्रों को व्हाइट कोट शिरोमणि कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, कुलाधिपति के सलाहकार डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ कुमार आलोक प्रताप, नारायण मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रों को उनके चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एहसास कराया कि आप आने वाले समय में समाज और राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका की कड़ी के रूप में जाने जायेंगे। इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने में अपना संपूर्ण ध्यान लगाएं एवं अनुशासित जीवन के माध्यम से अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त करें। इस अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो ने चिकित्सा शिक्षा के छात्रों को हीप्पोक्रेटिक शपथ भी दिलाई। यह शपथ चिकित्सा संबंधी कार्यों में अभ्यास को केन्द्रित कर दिलाई जाती है। इसके पूर्व सभी छात्र-छात्राओं को वहां उपस्थित सभी अतिथियों ने बारी-बारी से ह्वाइट कोट पहनाया और पुष्प से सम्मानित किया।

# प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** मिरेकल फाउंडेशन इंडिया द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई रोहतास के सहयोग से हर बच्चे के लिए एक स्नेह पूर्ण परिवार, बिहार में परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल की दिशा में बदलाव विषय पर रोहतास, कैमूर, बक्सर एवं भोजपुर जिला अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल देखरेख संस्थानों, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं अन्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण -सह- क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन होटल नटराज सासाराम में किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमतावर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ विनीता कुमारी, वरीय उप समाहर्ता -सह -सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, रोहतास द्वारा किया गया। विनीता कुमारी द्वारा अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा प्रशिक्षण के उपरांत अपने कार्य क्षेत्र में जाकर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने, बच्चों की हितों को संरक्षित करने तथा सुरक्षित करने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यशाला में भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास के बाल कल्याण समिति के सदस्य और रेलवे सुरक्षा बल, सासाराम के अधिकारी के साथ-साथ बाल गृह, बालिका गृह, ऑब्जर्वेशन होम, चाइल्ड हेल्पलाइन, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण -सह-क्षमता वर्धन कार्यक्रम में मिरेकल फाऊंडेशन इंडिया के मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर सुनील राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, कैमूर संतोष कुमार, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, रोहतास तथा दीपक सिंह, पदाधिकारी, मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2022, अल्टरनेटिव केयर, परिवार सशक्तिकरण, रिहैबिलिटेशन, गेट कीपिंग, इंडिविजुअल केयर प्लान एवं सोशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट तैयार करने आदि विषयों पर प्रशिक्षण दी गई। इस अवसर पर डॉ. विनोद सरोज, डायरेक्टर डीन, नारायण स्कूल आफ लॉ, जमुहार, सासाराम, रोहतास तथा विक्रमादित्य पाल बाल संरक्षण पदाधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई रोहतास उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया डीडीयू-सासाराम रेलखंड में औचक रात्रिकालीन निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में शीतकालीन मौसम के दौरान पूर्णतः संरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित रखने हेतु सतर्कता और कार्य व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा 27 एवं 28 नवम्बर 2025 की दरम्यान रात में डीडीयू-सासाराम रेलखंड पर औचक रात्रिकालीन फुटप्लेट निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा दो ट्रेनों के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा 27 नवम्बर की रात लगभग 23:25 बजे से ट्रेन संख्या 12398 नई दिल्ली-गया महाबोधि एक्सप्रेस पर डीडीयू से सासाराम तक फुटप्लेट निरीक्षण किया गया। अगले दिन 28 नवम्बर को रात में लगभग 01:23 बजे से ट्रेन संख्या 12942 आसनसोल- भावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस पर सासाराम से डीडीयू तक फुटप्लेट निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों के बीच मंडल रेल प्रबंधक ने सासाराम स्टेशन पर निरीक्षण कर स्टाफ की तैनाती, सजगता व सतर्कता, कार्यप्रणाली और रेल संचालन की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि क्रू सतर्क थे और सिगनलों का उचित कॉल-आउट कर रहे थे। पीला संकेत मिलने के बाद प्रतिबंधित गति का पालन किया गया तथा सहायक लोको पायलट द्वारा भी लगातार संबंधित संकेतों की घोषणा की गई। स्टेशन स्टाफ और ट्रेन संचालन स्टाफ के बीच 'ऑलराइट' का आदान-प्रदान सही तरीके से किया गया। शीतकालीन मौसम गश्ती दल भी सक्रिय पाया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने फुटप्लेट निरीक्षण के दौरान संरक्षा, सिगनलों की दृश्यता, ट्रैक की स्थिति, ओवरहेड ट्रैक्शन, कॉशन ऑर्डर पालन तथा स्टेशन एवं लेवल क्रॉसिंग पर सिगनल एक्सचेंज की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी कार्य संरक्षा मानकों के अनुरूप हों और क्रू सदैव सजगता से कार्य करें। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी को संरक्षा को सदैव सर्वोपरि रखते हुए सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय वरीय मंडल विद्युत अभियंता(परिचालन) वीरेन्द्र यादव व संबंधित अन्य उपस्थित रहे।

# रोहतास जिले की दस हजार महिला लाभुकों को 10 करोड़ रुपये का किया गया अंतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य के 10 लाख महिला लाभुकों को 10000 रुपये प्रति लाभुक की दर से 1000 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया जिसका सीधा प्रसारण रोहतास जिला के डीआरडीए सभागार, सासाराम में आयोजित किया। वहीं सिर्फ रोहतास जिले में ही लगभग कुल 10000 हजार दीदियों को रोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। रोहतास जिले में आयोजित मुख्यमंत्री महिला रोजगार कार्यक्रम में जिले के लगभग 170 दीदियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अंतरण कार्यक्रम को सुनी एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दीं। वहीं रोहतास जिले के कुल 19 प्रखण्ड, 43 संकुल संघ एवं 1750 ग्राम संगठनों को मिला कर लगभग 1 लाख 92 हजार दीदियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अंतरण कार्यक्रम का लाइव सुनी। रोहतास जिले के लगभग 10 हजार से अधिक दीदियों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ प्राप्त हुआ जो लगभग 10 करोड़ रुपये का अंतरण डी.बी.टी. के माध्यम से किया गया। आज के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के जिलाधिकारी उदिता सिंह, जिला विकास पदाधिकारी विजय पांडे, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्नातक परीक्षा में मोबाइल ले जाने को ले छात्रों ने किया हंगामा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से अंगीभूत महिला कॉलेज डालमियानगर में स्नातक सेमेस्टर पांच की परीक्षा में गेस पेपर व मोबाइल लेकर परीक्षा देने को ले लगभग एक घंटे तक हंगामा किया। पुलिस व प्रशासन ने मामले को शांत कराया। एक घंटे बाद छात्र परीक्षा देने कमरे में गए। बताया जाता है कि जवाहर लाल नेहरू कालेज का इस कालेज में स्नातक पांच का केंद्र बनाया गया है। आज दूसरी पाली में बीएससी की परीक्षा थी जिसमें परीक्षार्थी गेस पेपर व मोबाइल लेकर आ रहे थे। उन्हें गेट पर रोक दिया गया। छात्रों का कहना था कि पूर्व कि परीक्षा में वे गेस पेपर व मोबाइल लेकर परीक्षा देते रहे हैं वे उसी व्यवस्था को लेकर छात्रों ने हंगामा करना प्रारम्भ किया। 50 से अधिक छात्र-छात्राएं नियमानुसार परीक्षा देने को कमरे में चले गए। हंगामे की सूचना एसडीएम व अन्य अधिकारियों को दी गई। सीओ व महिला थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया।

# समाज के विकास के लिए मुख्यमंत्री से अपील

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग में प्रतिनिधित्व की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष एवं डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त समाजसेवी मोहन राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार सरकार से महत्वपूर्ण मांग रखी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निकट भविष्य में बिहार के बदहाल एवं उपेक्षित मेहतर, डोम, बासफोर एवं वाल्मीकि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन किया जा रहा है, जो एक स्वागत योग्य कदम है। मोहन राम ने कहा कि सदियों से वंचित इस दलित समाज के उत्थान के लिए आयोग में उचित प्रतिनिधित्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपील करते हुए कहा कि समाज के सबसे निचले पायदान से आने वाले एवं समाजहित में निरंतर कार्य कर रहा संगठन 'मेहतर सेवा संघ बिहार' से एक प्रतिनिधि को आयोग में शामिल किया जाए।

# आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन एवं लेट्स इंस्पायर ने किया हेल्थ अवेयरनेस एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन एवं लेट्स इंस्पायर बिहार द्वारा हेल्थ अवेयरनेस एवं सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 30 नवंबर रविवार को किया जा रहा है। उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम सदर अस्पताल के सभागार, रोहतास में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस विकास वैभव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विशेष अतिथि के रूप में रोहतास जिला के जिला विकास पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही अतिथि के रूप में रोहतास जिला के जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. आलोक कुमार तिवारी, अनिल कुमार सिंह एवं डॉ. शोभा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आम नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक स्वास्थ्य चेतना स्थापित करने हेतु तथा ग्रामीण चिकित्सकों को सही मार्गदर्शन देने हेतु आयोजित किया जा रहा है। संस्था का विश्वास है कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

# पूर्व चेयरमैन मनीष कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर के स्टेशन रोड स्थित उनके आवास पर डिहरी डालमियानगर के पूर्व चेयरमैन मनीष कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह की पुण्यतिथि धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके भाई मुखिया झुना सिंह तथा पुत्र दिग्विजय सिंह और शुभम सिंह द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उसी वार्ड में रहने वाले करणी सेना के पप्पू सिंह ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि 'बिट्टू सिंह समाज के शान थे, वे लोगों को जोड़कर रखने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उनके न होने से समाज ने एक सच्चा जनसेवक खो दिया है।' उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी विंदा देवी को हम लोगों ने मिलकर लगातार चार बार निर्विरोध पार्षद चुने हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय बिट्टू सिंह के परिवार द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच मिठाई एवं कंबल वितरण कर उनकी स्मृति को भावपूर्ण तरीके से याद किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे जिनमें संजय सिंह बाला, महाराणा प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख के.के. सिंह, मुखिया अशोक भारद्वाज, अजय सिंह, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, पत्रकार कर्मवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल मामले में किशोर निरुद्ध, एक फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के जमुहार गांव में एक शादी में एक किशोर द्वारा देशी पिस्टल से हर्ष फायरिंग करते वीडियो वायरल करने के आरोपी एक किशोर को निरुद्ध किया है जबकि दूसरा किशोर फरार है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि एक किशोर का हथियार लहराता वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने उक्त किशोर को निरुद्ध किया तो उसने बताया कि उसकी बहन की गत 15 नवम्बर को शादी का उक्त वीडियो है। उसने वीडियो को डिलिट कर दिया है। हथियार उसके सासाराम निवासी मित्र ने शादी में लेकर आया था। निरुद्ध किशोर के मोबाइल को जब्त किया गया। पुलिस उसके निशानदेही पर उसके मित्र के सासाराम स्थित आवास पर छापेमारी किया, लेकिन वह घर पर नहीं मिला।


## जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

**वाहन स्वामियो के लिये आवश्यक सूचना**

निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि काफी दिनों से आपके वाहन का पथकर बकाया है, जिसके कारण अंकेक्षण दल द्वारा आपके वाहन के विरूध आपति दर्ज की गयी है। पथकर एवं दण्ड की राशि जमा करने हेतु आपको सूचना दी गयी थी, फिर भी आपके द्वारा पथकर तथा दण्ड की राशि जमा नहीं की गयी। इस सूचना के माध्यम से आपको पुणः सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर बकाया पथकर एवं दण्ड की राशि जमा करना सुनिश्चित करेंगें। एक सप्ताह के अंदर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आपके विरूद्ध निलामपत्रवाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी।

| क्रमांक | वाहन की निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम | बकाया पथकर की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH14C-3279 | GDS | चाँद मोहम्मद खान | 59160 | |
| 2 | JH14C-7629 | GDS | चतुर्गुण राम | 20280 | |
| 3 | UP70N-9540 | GDS | साहिम अंसारी | 34776 | |
| 4 | HR46A-0176 | GDS | धर्मेंद्र शर्मा | 15708 | |
| 5 | JH14A-4724 | BUS | श्रामानुज सिंह | 46050 | |
| 6 | BR15G-1240 | BUS | सूर्य प्रकाश दुबे | 44190 | |
| 7 | JH14B7164 | GDS | उपेन्द्र सिंह | 6300 | |
| 8 | JH14B-9603 | GDS | मुनीप कुमार | 6840 | |
| 9 | JH14C-0196 | GDS | दयाशंकर दुबे | 8892 | |
| 10 | JH14C-0961 | GDS | सुरज देव तिवारी | 9963 | |
| 11 | JH14C-1406 | GDS | लखनदेव साह | 17325 | |
| 12 | JH14C-4696 | GDS | विनोद प्रसाद | 6300 | |
| 13 | JH14C-5832 | GDS | अवधेश पासवान | 3420 | |
| 14 | JH14C-6721 | GDS | निमाजी अंसारी | 3420 | |
| 15 | JH14C-6887 | GDS | मंदीप शर्मा | 9450 | |
| 16 | JH14C-7189 | GDS | मजीद आलम | 6174 | |
| 17 | JH14C-7450 | GDS | प्रदुमन चौधरी | 3420 | |
| 18 | JH14C-7789 | GDS | कुलोल रजवार | 3420 | |
| 19 | JH14C-8543 | GDS | अमरजीत राम | 4545 | |
| 20 | JH14C-8642 | GDS | रमेश पाण्डेय | 5484 | |
| 21 | JH14C-8745 | GDS | देवेन्द्र पसाद गुप्ता | 7056 | |
| 22 | JH14C-9314 | GDS | अजय कुमार | 3420 | |
| 23 | JH14C-9219 | GDS | ललन प्रसाद गुप्ता | 12339 | |
| 24 | UP64B-2084 | GDS | महेन्द्र प्रसाद गुप्ता | 7140 | |

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 367308 Transport (25-26)_D

# दस लाख लाभुकों को एक हजार करोड़ का अंतरण

## नालंदा में 5,483 महिलाओं को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की 10 लाख महिलाओं के खातों में 10 हजार प्रति लाभुक की दर से कुल 1000 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। इस राज्यव्यापी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नालंदा के हरदेव भवन सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने सहभागिता की। यह योजना राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को अपना रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान करती है। हर वर्ग और हर समुदाय की महिलाएं इस योजना की पात्र हैं। सरकार द्वारा 10,000 की प्रारंभिक पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि व्यवसाय की प्रगति के आधार पर 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता का भी प्रावधान है। साथ ही चयनित क्षेत्र में प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। योजना पूरी तरह सामुदायिक सहकारिता आधारित है। लाभुक महिलाओं को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा, जिससे रोजगार चयन, संचालन एवं विपणन में उन्हें लगातार सहयोग मिलता रहे। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जा रहे हैं, ताकि उनके उद्यम को स्थायी बाजार मिल सके। नालंदा जिले में आज कुल 5,483 महिलाओं के खातों में 5,48,30,000 की राशि सफलतापूर्वक अंतरण की गई। कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, इस्लामपुर विधायक रुहेल रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जीविका परियोजना प्रबंधक, आइटी मैनेजर सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।




## नवादा में 18 हजार महिलाओं को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 28 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत 10 लाख महिला लाभुकों को 10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल 1,000 करोड़ की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। इस राज्यव्यापी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीआरडीए सभागार, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उसकी पसंद के रोजगार की शुरुआत हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसके तहत प्रारंभिक सहायता के रूप में 10,000 रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रोजगार प्रारंभ करने के बाद आकलन के उपरांत महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से महिलाएँ अधिक सशक्त होंगी, आत्मनिर्भर बनेंगी तथा राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर जीविका जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने बताया कि नवादा जिले की 18,148 महिला लाभुकों को आज 10,000 प्रति लाभुक की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले के 14 प्रखंड मुख्यालयों, 39 जीविका संकुल स्तरीय संघों एवं 1435 जीविका ग्राम संगठनों के स्तर पर किया गया। इस दौरान लगभग 1 लाख 32 हजार महिलाओं ने कार्यक्रम में भागीदारी की।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, सीनियर डिप्टी कलेक्टर अमरनाथ कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# पत्नी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के पुरानी हरदिया के कचहरिया डीह में शुक्रवार को लगभग 3 बजे एक पति ने अपनी ही पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतका की पहचान कचहरिया डीह निवासी गोपाल मिश्रा की 50 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। पत्नी की हत्या करने के बाद पति घर छोड़कर फरार हो गया है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

**कैसे हुई घटना :-**

घटनास्थल पर मौजूद रहे मृतका के भैंसुर शम्भु मिश्रा ने बताया कि उसका भाई गोपाल मिश्रा नशे आदि का सेवन करता है और अक्सर आसपास के लोगों से झगड़ा करते रहता है। गोपाल मिश्रा के आक्रमक व्यवहार से परिजनों से भी उनका मेलजोल नहीं रहता है। शुक्रवार को लगभग 3 बजे गोपाल मिश्रा अपनी पत्नी के सीने में गोली मारकर ईंट भट्ठा की ओर भाग गया। साथ ही बताया कि घटनास्थल से दूर जाने के क्रम में फायरिंग भी किया है। गीता देवी का शव घर के समीप ही पड़ा हुआ है।

**बेटे ने पिता पर लगाया मां की हत्या का आरोप :-**

मृतक गीता देवी के पुत्र श्रीकांत कुमार और पुत्रवधू घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे अपनी पत्नी,बहन और मां के साथ गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बुधुआ गांव में स्थित अपने पैतृक घर में रहा करते थे।पिता द्वारा बेटे पर काफी दवाब बनाकर शुक्रवार को रजौली बुलवाया था।बेटे और बहु द्वारा गीता देवी को छोड़कर गए हुए आधे घंटे भी नहीं हुए थे,कि पिता ने ही बेटे को कॉल करके सूचित किया कि तुम्हारी मां को गोली लगी है।जल्द उसे अस्पताल ले जाकर इलाज करवाओ,किंतु जब बेटे और बहु हरदिया स्थित अपने घर पहुंचे,तो मां गीता देवी को मरा हुआ पाया।

**क्या कहती है पुलिस :-**

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की दोनों टीम में रहे डायल 112 से एएसआई सुरेन्द्र यादव एवं एसआई पप्पू कुमार पहुंचें। वहीं थाना से प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार के साथ एएसआई अमित कुमार व एएसआई संजय कुमार यादव सशस्त्र पुलिस बलों के साथ घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया एवं परिजनों व पड़ोसियों से आवश्यक जानकारी ली।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 : उत्कृष्ट कार्य हेतु कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर निर्वाचन कार्यों के सफल एवं व्यवस्थित निष्पादन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को आज सम्मानित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी 237 नवादा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग द्वारा अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित इस कार्यक्रम में विजय कुमार उच्च वर्गीय लिपिक, मिथिलेश कुमार उच्च वर्गीय लिपिक, एवं सुमन कुमार कार्यपालक सहायक सहित सभी कार्यरत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्वाची पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्यों में लगे सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संचालन में उनके परिश्रम, समर्पण और समयबद्ध कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन में प्रत्येक कर्मी का योगदान सराहनीय है। इस सम्मान से सभी कर्मियों में उत्साह का संचार हुआ तथा भविष्य में भी इसी तरह निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन का संकल्प लिया गया।



# 'संबल' योजना में किए गए संशोधनों के आलोक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु व्यापक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण को अधिक प्रभावी, सुगम एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा "संबल" योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग तथा बैट्री चालित ट्राइसाईकिल से संबंधित प्रावधानों में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इन सुधारों का लक्ष्य पात्रता का दायरा बढ़ाना, लाभ की पहुंच सुनिश्चित करना तथा आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः सरल एवं पारदर्शी बनाना है। संशोधित प्रावधानों के तहत सहायक उपकरणों एवं कृत्रिम अंगों की श्रेणी को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप विस्तृत किया गया है, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन योजना से लाभान्वित हो सकें। Early Intervention श्रेणी में न्यूनतम आयु–सीमा को समाप्त कर दिया गया है तथा दिव्यांगता प्रमाण–पत्र उपलब्ध न रहने की स्थिति में भी पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। पारिवारिक वार्षिक आय सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही, आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन बनाते हुए ऑफलाइन आवेदनों के डिजिटल प्रविष्टि की जिम्मेदारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को सौंप दी गई है। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल से संबंधित प्रावधानों में भी व्यापक सुधार किए गए हैं। चलंत दिव्यांगता की न्यूनतम पात्रता को 60 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। छात्र एवं रोजगाररत दिव्यांगजनों के लिए पूर्व में निर्धारित दूरी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इसके अतिरिक्त पुनः लाभ प्राप्त करने की अवधि को 10 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष कर दिया गया है, जिससे शिक्षा एवं रोजगार में संलग्न दिव्यांगजन इस सुविधा का अधिक प्रभावी उपयोग कर सकें। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजना में किए गए संशोधनों का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को योजना के दायरे में लाया जाए। इसके लिए पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका एवं अन्य कर्मियों की सहायता से पंचायत स्तर पर दिव्यांगजनों का व्यापक सर्वेक्षण कराने तथा सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग एवं बैट्री चालित ट्राइसाइकिल हेतु नये आवेदनों का सृजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सभी आवेदनों का जांच प्रतिवेदन शीघ्र जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।



# बीइओ ने संकुल के संचालकों एवं समन्वयकों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** शुक्रवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने संकुल संचालकों एवं समन्वयकों के साथ बैठक की। बैठक में एफएलएन के मास्टर ट्रेनर्स भी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य सीआरसी को सक्रिय करते हुए उनकी भूमिकाओं एवं उत्तरदायित्वों से अवगत कराना था। बताया गया कि बिहार के सभी सीआरसी संचालकों के लिए हाल ही में बिहार बिहार शिक्षा परियोजना एवं मंत्रा फ़ॉर चेंज द्वारा राज्य-स्तरीय ऑनलाइन ओरिएंटेशन आयोजित किया गया, जिसमें सीआरसी की नई भूमिका, विद्यालय सहयोग, समुदाय की भागीदारी, विषयवार शिक्षक समूह निर्माण तथा उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। बैठक में पिरामल फाउंडेशन से गौरव ठाकुर, संजीव यादव एवं अशुतोष शामिल हुए। जिन्होंने नई शिक्षा नीति के महत्व, नई शिक्षा पद्धतियों की आवश्यकता तथा एक मजबूत शिक्षा तंत्र के निर्माण में इन नीतियों की भूमिका पर विस्तार से बातचीत की। बैठक में पीटीएम के दौरान पीबीएल गतिविधियों और छात्रों के कार्य को अभिभावकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया गया। सीआरसी को प्रशिक्षणों के प्रभाव की निगरानी, विद्यालय आकलन की समीक्षा तथा उसके आधार पर आगामी कार्य योजनाएँ तैयार करने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। यह तय किया गया कि सीआरसी बैठकों का आयोजन अब प्रत्येक माह होगा ताकि नेतृत्व क्षमता एवं स्कूल सुधार की प्रक्रिया निरंतर सुदृढ़ हो सके। इसके अतिरिक्त निपुण टीएलएम मेला 3.0 को सीआरसी स्तर पर 15 दिसंबर से पहले सफलतापूर्वक आयोजित कराने के निर्देश भी दिए गए।

# बच्चे को बाइक सवार ने मारी टक्कर,बच्चे का पैर टूटा,रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल जा रहे एक बच्चे को अनियंत्रित बाइकसवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में बच्चे का बायां पैर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बाइकसवार को ग्रामीणों ने पकड़ लिया एवं डायल 112 को घटना की सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस बलों ने बाइक को जब्त कर ली एवं बाइकसवार को पकड़ हिरासत में लेकर थाना ले गई। वहीं घायल बच्चे को इलाज हेतु परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती किया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान बहादुरपुर गांव निवासी रामकुमार पासवान के सात वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है।घायल बच्चे का बायां पैर टूट गया है,जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद घायल बच्चे के चाचा चंदन पासवान ने बताया कि मेरा भतीजा विशाल घर से स्कूल जा रहा था, इसी बीच तेज रफ्तार में रहे एक बाइकसवार द्वारा टक्कर मार दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर वे घटनास्थल पर पहुंचे एवं ग्रामीणों के गिरफ्त में रहे बाइकसवार मोहनपुर गांव के अनिल यादव के पुत्र कुंदन कुमार को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।साथ ही बाइक को भी पुलिस को दे दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अवैध क्रॉसिंग पर ट्रॉली से टकराई दानापुर–तिलैया ईएमयू ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर- बख्तियारपुर रेल खंड पर शुक्रवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। हसनपुर गांव के पास अवैध मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग पर धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली दानापुर–तिलैया ईएमयू ट्रेन से टकरा गई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बख्तियारपुर से तिलैया की ओर जा रही ईएमयू ट्रेन अचानक लाइन पार कर रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉली पलट कर पटरी के किनारे जा गिरी। गनीमत रही कि ड्राइवर समय रहते कूद गया और किसी को चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही राजगीर जीआरपी थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर के इंजन को जब्त कर लिया है और चालक की पहचान के लिए इंजन नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बावजूद रेल परिचालन बाधित नहीं हुआ और ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। राजगीर जीआरपी थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि जहां घटना हुई वह स्थान एक अवैध क्रॉसिंग है जिसका किसान अक्सर उपयोग करते हैं। धान की ढुलाई के दौरान ट्रैक्टर चालक उसी अवैध मार्ग से गुजर रहा था जिससे यह दुर्घटना हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि रेलवे लाइन के निकट ऐसे अनधिकृत रास्तों का उपयोग बेहद खतरनाक है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।



# नवादा में जनता दरबार का आयोजन समस्याओं का हुआ तत्काल समाधान




## जिलाधिकारी ने सुनी फरियादें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएँ एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। कुल 25 शिकायतें प्राप्त की गईं।इनमें से अधिकांश मामलों को तत्काल निष्पादन कर दिया गया एवं शेष मामलों को संबंधित पदाधिकारी को जांच हेतु प्रेषित की गई।

आज के जनता दरबार में थाना-मुफस्सिल नवादा, ग्राम-अमौनी के प्रमोद कुमार द्वारा होमगार्ड में नियुक्ति के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-कोइरी बीघा की इजी कुमारी द्वारा अनुदान राशि के भुगतान संबंध में, थाना-हिसुआ, ग्राम-बाजरा के विनोद कुमार द्वारा जमीनी विवाद संबंध में, तथा थाना-मुफस्सिल नवादा, ग्राम-आषाढ़ी बन्दाचक की विमला देवी द्वारा जमीनी विवाद संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य उपस्थित लोगों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा, "आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा, ताकि जनता को समय पर न्याय उपलब्ध हो सके।"

इस अवसर पर अपर समाहर्ता नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभू शरण पांडे, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, बिजली विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देना संघ की प्राथमिकता

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के कार्यकारणी की बैठक कादिरगंज उच्च विद्यालय के मैदान में डीसीए अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक की मुख्य एजेंडा नवादा में आयोजित होने वाले अंडर 14 चैंपियंस ट्राफी एवं जिला क्रिकेट लीग ए डिविजन तथा बी डिविजन के लिए खिलाड़ियों के निबंध की प्रक्रिया एवं निर्धारित तिथि की घोषणा की गई। सभी खिलाड़ी 5 दिसंबर तक निबंधन कर लेंगे तथा निबंध के पश्चात दिसंबर के पहले सप्ताह में अंडर - 14 चैंपियंस ट्राफी तथा दिसंबर के मध्य से जिला क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाएगा, इसके पश्चात सीनियर खिलाड़ियों के लिए ए डिवीजन लीग प्रारंभ होगा। सभी खिलाड़ी निबंधन के लिए जो दस्तावेज मांगे गए हैं उसमें आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र की डिजिटल कॉपी, पैन कार्ड, बैंक पासबुक का फोटो कॉपी तथा माता-पिता कामतदाता पहचान पत्र फार्म के साथ सबमिट करना अनिवार्य होगा। सभी खिलाड़ी जिला क्रिकेट संघ कार्यालय जी बी कॉम्प्लेक्स में फॉर्म भरकर दस्तावेज जमा कर देंगे, अगर किसी खिलाड़ी का जन्म प्रमाण पत्र गलत पाया जाता है तो उसे 2 वर्ष के लिए डीसीए से निबंधित किसी भी टूर्नामेंट खेलने के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। इस बैठक में इस वर्ष नवादा के सीनियर खिलाड़ी दीपक का चयन तथा अंदर-19 बिहार टीम में आदर्श पांडे की चयन पर भी खुशी जाहिर की गई एवं उन दोनों खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की गई । इस बैठक में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह सचिव राकेश कुमार संयुक्त सचिव सुरेश यादव कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे सहित बीसीए के मैनेजर मनीष कुमार, अरुण यादव एवं मनीष गोविंद, पंकज केशरी उपस्थित रहे।

### हिलसा थाने के पीछे बेखौफ बदमाशों का आतंक, कोचिंग हब बना फायरिंग ज़ोन

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से महज 300 मीटर दूर सेब लदे ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो मवेशियों की मौत के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह हुई सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाने में पदस्थापित एएसआई जयप्रकाश चौधरी को पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। जम्मू से सेब लादकर कोलकात्ता जा रही ट्रक संख्या जेके02बीयू5817 सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त पाया गया,जिसका सभी 12 चक्का ऊपर हवा में झूल रहा था और नीचे दो मवेशियों के दबने से मौत हो चुकी थी। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि पॉपुलेन की मदद से दबे मवेशियों एक बैल और एक काड़ा को पोस्टमार्टम हेतु पशु चिकित्सालय भेजा गया। बताते चलें कि इस सड़क दुर्घटना में ट्रक में सवार रहे तीनों लोग सुरक्षित हैं और गरीब पशु पालक को भी ट्रक द्वारा कुछ आर्थिक सहयोग किया गया है। साथ ही ट्रक में लदे सेब को दूसरे ट्रक के माध्यम से गंतव्य स्थान तक भेज दिया गया है। वहीं प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि ट्रक चालक के द्वारा तेज और लापरवाही के कारण ट्रक पलटी मार दिया। पुलिस द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दुर्घटनाग्रस्त को जांच चौकी परिसर में लगाया गया है।साथ ही कहा कि पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में संस्कार जीविका दीदी रसोई का शुभारंभ



**बिहारशरीफ।** महानंदपुर कोरई स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में गुरुवार को 'संस्कार जीविका दीदी की रसोई' का भव्य उद्घाटन किया गया। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार, नगर आयुक्त दीपक मिश्रा तथा उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रसोई का संचालन शुरू किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में आवासित बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में ही स्टेशनरी दुकान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को बाहर जाने की आवश्यकता न रहे और उनकी सुरक्षा व सुविधा बनी रहे। विद्यालय में वर्तमान में 195 बच्चे आवासित होंगे, जिनके लिए चार टाइम के मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

संस्कार जीविका दीदी रसोई में 12 कुक दीदी, 2 सुपरवाइजर, 8 सफाई कर्मी दीदी दो शिफ्टों में बेहतर संचालन हेतु तैनात रहेंगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जीविका व जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें जीविका परियोजना प्रबंधक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहित अन्य टीम सदस्य शामिल रहे।

### संगीतकार के.के. सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मशहूर संगीतकार व संगीत शिक्षक स्व. कृष्ण कुमार सिन्हा उर्फ के.के. सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। नालंदा ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के संगीत जगत में उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। मात्र 15 वर्ष की आयु में उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रखा और वर्षों तक अपनी कला से लोगों का मन मोहते रहे। के.के. सिन्हा पढ़ाई के साथ-साथ संगीत साधना में निरंतर सक्रिय रहे। उन्होंने केके संगीत महाविद्यालय की स्थापना कर नालंदा में संगीत शिक्षा को नई दिशा दी। जिले में आयोजित होने वाले युवा महोत्सव, राजगीर महोत्सव सहित अनेक सांस्कृतिक आयोजनों की शोभा उनकी सहभागिता से ही बढ़ती थी। उन्होंने कई कैसेट रिकार्डिंग और फिल्मों में संगीतकार के रूप में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके महाविद्यालय से निकले सैकड़ों विद्यार्थी आज देश के विभिन्न हिस्सों में संगीतकार व संगीत शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। संगीत के प्रति उनकी निष्ठा, सरल व्यक्तित्व और उत्कृष्ट कला-कर्म ने उन्हें हमेशा के लिए लोगों की स्मृतियों में अमर कर दिया है। तीसरी पुण्यतिथि पर सभी ने उन्हें सम्मानपूर्वक याद किया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज आएंगे अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** 10वीं बार शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पिता के पुण्यतिथि के अवसर पर 29 नवंबर यानि आज शनिवार को अपने पैतृक गांव हरनौत के कल्याण बीघा आने वाले हैं। 10वीं बार बिहार राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद नीतीश कुमार का कल्याण बिगहा गांव में यह पहला आगमन होगा। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर नालंदा जिला अधिकारी कुंदन कुमार पुलिस अधीक्षक भारत सोनी समेत स्थानीय पुलिस प्रशासन कल्याण बिगहा गांव में स्थित स्मृति वाटिका में तैयारी का जायजा लिए हैं। जिलाधिकारी ने स्थानीय पदाधिकारी को गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्या की पहचान कर उनके ऑन द स्पॉट निपटारा करने का निर्देश दिए हैं। जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिता स्वर्गीय राम लखन सिंह की पुण्यतिथि समारोह को लेकर स्मृति वाटिका परिसर में साफ सफाई एवं रंगरोहण का कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे कल्याण बिगहा गांव आकर अपने पिता वैध कविराज स्वर्गीय राम लखन सिंह की पुण्यतिथि समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के साथ उनके बड़े भाई सतीश कुमार और पुत्र निशांत कुमार भी शामिल होकर श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर पर स्मृति वाटिका परिसर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। वही सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल एवं कल्याण बीघा थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री की आगमन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना: डॉ. प्रेम कुमार

## महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत आज पूरे बिहार में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 1,000 करोड़ रुपये की तृतीय किस्त का अंतरण किया जिससे प्रदेश की 10 लाख महिलाएं लाभान्वित हुईं। इसी क्रम में गया समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा के वरीय नेता एवं गया टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तर पर चयनित 10 हजार लाभुक महिलाओं को योजना की तीसरी किस्त जारी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रभावी पहल साबित हो रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक आधार प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना ही वास्तविक सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार है। यह योजना बिहार को आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत और स्थायी कदम प्रदान कर रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी लाभुक महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से महिला विकास और स्वावलंबन की दिशा में ऐसे सार्थक प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुक महिलाएं, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दिए वन-वे व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया शहर में बढ़ते जाम और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण, वाहन पड़ाव, अवैध वसूली और सार्वजनिक परिवहन की अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शहर में लागू वन-वे व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने गैर कानूनी बस और टेंपो पड़ाव को तत्काल हटाने, मानपुर बस स्टैंड को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने तथा डेल्हा बस स्टैंड को उपयुक्त स्थल पर ले जाने की बात कही। उन्होंने केपी रोड पर डिवाइडर और अतिक्रमण को यातायात बाधा का मुख्य कारण बताते हुए इन्हें हटाने की मांग की। साथ ही सब्जी मंडी, फल मंडी और मांस-मछली की दुकानों को चंदौती स्थित बाजार समिति में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि बिजली और टेलीफोन विभाग के अप्रयुक्त खंभों को हटाया जाए और नगर निगम द्वारा अनधिकृत स्थानों पर टेंपो चालकों से की जा रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगे। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केपी रोड पर तीन दिनों तक माइकिंग कर लोगों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए जागरूक किया जाए तथा सोमवार से अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और वन-वे व्यवस्था का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित ट्रैफिक कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्त को अवैध बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड और सड़क पर वसूली पूरी तरह बंद कराने का निर्देश दिया। साथ ही बिना पंजीकरण वाले ई-रिक्शा और टोटो को जब्त करने और नए पंजीकरण पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने सड़कों पर आवारा पशुओं, अवैध खटालों और बेकार बिजली-टेलीफोन खंभों को हटाने के लिए भी आदेश दिया। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के कौशलेंद्र प्रताप सिंह, विपेंद्र अग्रवाल, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष निशांत कुमार गुप्ता, विकास कुमार जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विक्की शर्मा, देवानंद पासवान, धनंजय कुमार धीरू, शशि रंजन, अमित लोहानी और सामाजिक कार्यकर्ता बृजनंदन पाठक सहित समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विशेष यातायात योजना तैयार कर शहर में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित किया जाएगा।

# डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार गठन पर भारत सरकार के कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह विजय जनता के विश्वास, विकास के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी नेतृत्व की नीतियों का परिणाम है जिसने बिहार को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बिहार की जनता ने जो भारी जनसमर्थन और भरोसा एनडीए गठबंधन को दिया है, वह आने वाले वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास के मार्ग को और अधिक मजबूत करेगा। बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# मगध विश्वविद्यालय में 120 सीटों के साथ एमसीए की पढ़ाई शुरू : एस पी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के गणित विभाग में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को गणित विभाग के सभागार में हुआ। उद्घाटन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद इश्तियाक, कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही, प्रतिकुलपति प्रोफेसर बी. आर. के. सिन्हा, कुलसचिव प्रोफेसर बी. के. मंगलम, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस. एन. पी. यादव, गणित विभाग के प्रभार में प्रोफेसर सुनील सुमन, प्रोफेसर निखिल रंजन पाल और इंसा वरिष्ठ वैज्ञानिक आईएसआई कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कुलगीत से हुई। इसके बाद आगत अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक गणित और कंप्यूटेशनल विज्ञान आज शोध और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गणित अब केवल सिद्धांत आधारित विषय नहीं बल्कि डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, एल्गोरिदम, सांख्यिकीय विधियों और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में भी अत्यंत उपयोगी हो चुका है। कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में इसी सत्र से 120 सीटों के साथ एमसीए की पढ़ाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन छात्रों और शोधकर्ताओं को आधुनिक शोध अभिरुचियों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रतिकुलपति प्रोफेसर बी. आर. के. सिन्हा ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सम्मेलन आयोजित होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। वहीं कुलसचिव प्रोफेसर बी. के. मंगलम ने शोध और अंतर्विषयी सहयोग को समय की आवश्यकता बताया। प्रथम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन सीसीडीसी प्रोफेसर संजय कुमार तिवारी ने किया। दूसरे सत्र में प्रोफेसर निखिल रंजन पाल, प्रोफेसर सुबीर दास (आईआईटी बीएचयू) और प्रोफेसर जयप्रकाश (आईआईटी बीएचयू) ने शोधार्थियों को अपने शोध नवाचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रोफेसर उपेंद्र कुमार, प्राचार्य प्रोफेसर एम. एस. इस्लाम, डॉ. कुमार विशाल, डॉ. अमर किशोर, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. प्रयाग प्रसाद, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, आदित्य भारती सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पत्रकार पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में पूर्व थानाध्यक्ष पर कार्रवाई का आदेश

## एडीजे कोर्ट गया ने लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गुरुआ थाना के पूर्व थानाध्यक्ष सरफराज इमाम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक पत्रकार को कथित रूप से फर्जी मुकदमे में फंसाने के आरोपों की सुनवाई करते हुए एडीजे अदालत ने कड़ी टिप्पणी की है और पुलिस विभाग को उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मामला 'नवबिहार टाइम्स' के पत्रकार रंजीत कुमार से जुड़ा है जिन्होंने गुरुआ क्षेत्र में अवैध खनन, पुलिस दलाली और अन्य अनियमितताओं पर लगातार खबरें प्रकाशित की थीं। आरोप है कि इन रिपोर्टों से नाराज होकर तत्कालीन थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने राजेश कुमार नामक व्यक्ति के नाम पर दर्ज मामले में दबाव बनाकर पत्रकार का नाम शामिल कराया। सुनवाई के दौरान मामले के वादी गुरुआ के नगवा टोला तकिया निवासी राजेश कुमार ने अदालत में बयान दिया कि उनका पत्रकार से कोई संबंध या विवाद नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने थानाध्यक्ष को सत्य बताने की कोशिश की तो उन्हें डांटते हुए कहा गया – जो कहा जा रहा है, वही लिखो, तुम्हें कुछ नहीं होगा। अदालत ने मामले में उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर पाया कि पूर्व थानाध्यक्ष का आचरण द्वेषपूर्ण, गैर-पेशेवर और पद के दुरुपयोग का उदाहरण है। ऐसे व्यक्ति को थाना प्रभार का दायित्व नहीं दिया जा सकता। एडीजे कोर्ट ने अब पुलिस मुख्यालय को विभागीय जांच प्रारंभ करने और त्वरित कार्रवाई की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इस फैसले को मीडिया जगत और सामाजिक संस्था प्रतिनिधियों ने प्रेस की स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। कई पत्रकार संगठनों ने इस आदेश का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय सत्ता या पद के दुरुपयोग के खिलाफ एक मजबूत संदेश देता है।

# मगध विश्वविद्यालय को खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक, खुशबू कुमारी ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के लिए शुक्रवार का दिन गौरव और उपलब्धि का दिन रहा जब विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता के वेटलिफ्टिंग (महिला वर्ग) में विश्वविद्यालय की खिलाड़ी खुशबू कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 180 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विश्वविद्यालय के सम्मान में स्वर्ण पदक दर्ज कराया। खुशबू कुमारी ने इस प्रतियोगिता में न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की, बल्कि मगध विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया। उनकी इस सफलता से विश्वविद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का वातावरण बना रहा। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि यह विजय विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनके प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि खुशबू कुमारी की यह सफलता विश्वविद्यालय की खेल नीतियों, बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। खेलकूद विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय और भी अधिक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उतारने की दिशा में कार्य करेगा। वहीं खेलकूद प्रभारी डॉ. सुदर्शन राय ने इसे विश्वविद्यालय की खेल यात्रा में ऐतिहासिक क्षण बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों ने खुशबू कुमारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 49, 154, 155-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 22.11.2025 (सिविल और ब्रिज कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला - मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 154-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/ जमालपुर-1 के लिए-भागलपुर-किऊल-तट/उप-तट के सेस मरम्मत द्वारा पुनर्वास के कार्य हेतु खुली ई-निविदा-किमी (307.6-308.6 डाउन), (309.9-311 डाउन), (311.5-319 डाउन), (320-321 डाउन), (321.6-321.9 डाउन), (322-323.2 डाउन), (323.7-328.9 डाउन), (329.9-330.45 डाउन), (332.2-335 डाउन), (335.4-336.2 डाउन), 337.4-337.75 डाउन), (338.3-339.1 डाउन), (339.9-340.3 डाउन), (340.8-342 डाउन), (343.3-345.3 डाउन), (345.6-347 डाउन), (349.2-349.6 डाउन), (350.2-350.5 डाउन), (352.6-352.7 डाउन), (307.8-308.7 अप), (310.8-313.5 अप), (314-319 अप), (320.4-328.8 अप), (330-336.1 अप),(337.4-340.4 अप), (341.1-342.2 अप), (343.3-345.45 अप), (345.7-346.9 अप), (347 .9-348.1 अप) और (349.2-350.2 अप)। **निविदा मूल्य:** रु.29,96,81,381.30, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 155-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/ पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/जमालपुर-II के लिए भागलपुर-किउल-सेस मरम्मत-(31.50 किमी) द्वारा तट/उप-तट के पुनर्वास के कार्य हेतु खुली ई-निविदा-किमी (361.1-361.3 डाउन), (362.5-363 डाउन), (365.4-366.2 डाउन), (367-367.2 डाउन), (369.5-369.7 डाउन), (372.4-376.8 डाउन), (377.1-378.5 डाउन), (378.9-379.3 डाउन), (381-381.2 डाउन), (381.8-382 डाउन), (382.4 -382.8 डाउन), (383.6-385 डाउन), (386.4-387 डाउन), (388.2-389.5 डाउन), (390.1-391.1 डाउन), (392.3-394.8 डाउन), (396.1-396. 6 डाउन), (398.4-400.7 डाउन), (402.2-402.5 डाउन), (359.5-363 अप), (365.4-366.6 अप), (367-367.2 अप), (369.6-369.7 अप), (370.9-372 अप), (373-373.3 अप), (376.4-376.9 अप),(377-377.5 अप), (377.9-378.6 अप), (378.9-379.5 अप), (380.9-381.3 अप), (381.9-382 अप), (382.4-383 अप), (386.3-387 अप), (392.3-393.1 अप), (394.2-394.7 अप) और (0-0.9 एसएल)। **निविदा मूल्य:** रु. 17,34,49,667.10, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 49-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** सहायक अभियंता/बीआरएल/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में न्यू फरक्का-आजिमगंज खंड में सुजनीपाड़ा-जंगीपुर रोड स्टेशनों के बीच किमी 211/7-9 पर प्रमुख पुल संख्या 340/ए (स्पैन: 2x18.3 + 3x76.25 मी.), न्यू फरक्का-तिलडांगा स्टेशन खंड के बीच किमी 0/4-7 पर स्पैन (2x18.3 + 3x76.25) मी. की पुल संख्या 383/डी डाउन लाइन और मालदा टाउन-न्यू फरक्का में चामग्राम-खालतीपुर स्टेशनों के बीच किमी 267/6-268/0 पर स्पैन (4x45.76 मी.) की पुल संख्या 41 अप लाइन के स्टील गर्डर की री-गर्डरिंग के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 64,93,40,376.07, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 22.12.2025 को 15.30 बजे प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन प्रत्येक हेतु।

MLD-248/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प्रेम प्रसंग में हुई हत्या में मां-बेटी गिरफ्तार, अन्य आरोपितों की तलाश तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना कांड संख्या 545/25 में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में गुरुवार रात की गई छापेमारी में मालती देवी और उनकी पुत्री रेखा कुमारी को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में संलिप्त होने का आरोप है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपित शैलेश, आलोक, राकेश और योगेंद्र यादव उर्फ योगी यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। विदित हो कि गुरुवार सुबह टिकारी थाना क्षेत्र के संजय कुमार की गोली मारकर हत्या ददरेजी-बीजहरा पथ पर कर दी गई थी। मृतक ददरेजी बाजार में अपने भाई विमल के साथ बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर काम करता था। हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी है।

# ट्रेनिंग डीएसपी को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार को विदाई दी गई। उन्होंने शेरघाटी थाना में दो महीने का प्रशिक्षण पूरा किया था। प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के बाद उनके अगले पदस्थापन स्थल पर प्रस्थान को लेकर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। विदाई समारोह में अधिकारियों ने फूल-माला एवं बुके देकर अभिषेक कुमार का अभिनंदन किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, व्यवहार और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।पुलिस कर्मियों ने अभिषेक कुमार के सरल स्वभाव और तत्पर नेतृत्व शैली की प्रशंसा की।

# मारपीट कांड में दो आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना कांड संख्या 544/25 में पुलिस ने मारपीट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम धरहरा, थाना कोंच के इंद्रदेव प्रजापत और बालेश्वर प्रजापत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को शुक्रवार दोपहर 3 बजे एसआई शैलेश कुमार सिंह ने पुलिस दल के साथ छापेमारी कर धर दबोचा। आरोपियों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप है जिसकी शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में थी। गिरफ्तारी के बाद दोनों को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# दो लोगों से 70 हजार रुपये लेकर उचक्के फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को बाइक सवार उचक्कों ने अलग अलग जगहों पर दो लोगों को निशाना बना 70 हजार रुपये की राशि लेकर फरार हो गये। पहली घटना भीड़ वाले क्षेत्र बेलहड़िया मोड़ के पास घटित हुई। सियानंदपुर ग्राम के रहने वाले विकास मित्र अमित कुमार उर्फ रोहित बाइक की डिक्की में रख बीस हजार रुपये लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में रास्ते में 20 रुपये का नोट गिरा देखा। नोट देख अमित उठाने लगे इसी का फायदा उठाते हुए उचक्कों ने अमित की बाइक से बीस हजार रुपये निकाल रफूचक्कर हो गये। वहीं दूसरी घटना चिल्ड्रन पार्क के समीप घटित हुई। पंचानपुर थानाक्षेत के करेया ग्राम निवासी मनोज पासवान की पत्नी प्रमिला देवी स्टेट बैंक की टिकारी शाखा से पचास हजार की निकासी कर लौट रही थी। इसी क्रम में चिल्ड्रन पार्क के समीप बाइक से आये उचक्कों ने महिला के हाथ से थैला छीन फरार हो गये। दोनों घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामले को लेकर दोनो पीड़ित द्वारा टिकारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।


**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू**

**नोटिस**

**विविध अपील वाद सं0-36/2023-24**

**(सिता राम मांझी एवं अन्य बनाम जवाहीर सिंह एवं अन्य)**

**नोटिस बनाम :-**

1. जवाहीर सिंह पिता-स्व0 बृजभान सिंह
2. प्रभु सिंह पिता स्व0 सुन्दर सिंह
3. कलावती कुवंर, पति-स्व0 प्यारी सिंह
4. मुनेश्वर सिंह, पिता-स्व0 अभी सिंह,
5. धमेन्द्र सिंह पिता-स्व0 बहादुर सिंह,
6. राजदेव सिंह एवं नन्देव सिंह दोनो पिता-स्व0 नगु सिंह

सभी ग्राम-धुटुआ,पो0-चांपी,थाना-लेस्लीगंज,पलामू,झारखण्ड।

इस समाचार पत्र के माध्यम से आप सभी को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप को पक्षकार बनाया गया है तथा सुनवायी के लिए आपको सूचना निर्गत की गयी थी किन्तु आप विपक्षीगण न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए वाद में पुनः सुनवायी की तिथि 06.12.2025 को निर्धारित की गयी है।

अतः आपको आग्रह किया जाता है कि आप सभी उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम में सुनवायी के लिए उपस्थित नहीं होते है तो एक तरफा सुनवायी करते हुए अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। बाद में पुनः कोई सुनवायी नहीं होगी।

ताकिद सख्त जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर

PR 367314 (District)25-26*D



**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

ई-मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक-सुनवाई की सूचना**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष निम्नलिखित बालूघाटों का औरंगाबाद जिला में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है:-**

1. मेसर्स जीत होम सॉल्यूशन प्रा० लि०, निदेशकः श्री जीतेन्द्र कुमार, पिताः श्री ललन प्रसाद सिन्हा, पताः माता वैष्णों कॉलोनी, डोमरी, जिला- वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221102 द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन बलॉक सं०-14B, बालू घाट, मौजा-दिहारा, प्रखंड- ओबरा, जिला-औरंगाबाद; एवं
2. आवेदकः श्री प्रवीण कुमार, पिताः श्री राजेन्द्र शर्मा, ग्राम- दाउदनगर, पोस्ट- दाउदनगर, थाना- दाउदनगर, जिला- औरंगाबाद द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन ब्लॉक सं०-19B बालु घाट, मौजा-बगही, प्रखंड-बारूण, जिला-औरंगाबाद।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक-सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालाय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई-मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक-सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है:-

| कमांक | दिनांक: | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक-सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09.01.2026 | अपराह्न 12:00 बजे | ओबरा, जिला-औरंगाबाद | दिहारा | औरंगाबाद सोन बलॉक सं०-14B | प्रखंड कार्यालय, ओबरा, जिला-औरंगाबाद |
| 2. | 09.01.2026 | अपराह्न 03:30 बजे | बारूण, जिला-औरंगाबाद | बगही | औरंगाबाद सोन ब्लॉक सं०-19B | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला-औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक-सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड-19 गाईड-लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेंगे।

PR. No. 018522 (B&C) 2025-26 — सदस्य सचिव

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

संपादकीय

## चंडीगढ़ बन नए टकराव की आहट

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पर नियंत्रण की वर्तमान संवैधानिक स्थिति बदलने को लेकर लाए जाने वाले बिल का हालांकि केन्द्र सरकार ने खंडन कर दिया है, लेकिन इससे पंजाब में गुस्से की चिंगारी फिर भड़कने लगी है। इस बिल के आने की सुगबुगाहट के साथ ही पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और पूर्व में भाजपा की सहयोगी रही शिरोमणि अकाली दल ने केन्द्र सरकार पर हमले शुरू कर दिए थे। हाल में पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ को संविधान की धारा 240 के दायरे में शामिल करने संबंधित बिल संसद में लाने की चर्चा जोरों पर थी। कहा जा रहा था कि केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ को संविधान की धारा 239 की जगह धारा 240 में शामिल करने को लेकर एक विधेयक पेश कर सकती है। इस पर राजनीति शुरू हो गई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि शीतकालीन सत्र में इस संबंध में विधेयक पेश करने का कोई इरादा नहीं है। संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ़ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव सरकार के स्तर पर विचाराधीन है। इस प्रस्ताव में किसी भी तरह से चंडीगढ़ की शासन-प्रशासन की व्यवस्था या चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने की कोई बात नहीं है। सभी हितधारकों से पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद ही उचित निर्णय लिया जाएगा। आने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इस आशय का कोई बिल प्रस्तुत करने की केंद्र सरकार की कोई मंशा नहीं है। उधर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार की निंदा की। हालांकि लोकसभा और राज्यसभा के 21 नवंबर के बुलेटिन के अनुसार सरकार 1 दिसंबर, 2025 से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में 131वां संविधान संशोधन विधेयक, 2025 पेश करेगी। गौरतलब है कि वर्तमान में पंजाब के राज्यपाल चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश) के प्रशासक हैं। मगर प्रस्तावित विधेयक के पास होने के बाद चंडीगढ़ में प्रशासक के रूप में एलजी (लेफ़्टिनेंट गवर्नर) की नियुक्ति की जा सकती है। दरअसल चंडीगढ़ पर पंजाब का दावा पहले है। इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पहल पर नई दिल्ली से लगभग 240 किलोमीटर दूर शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में इसलिए बसाया गया था, क्योंकि 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान पंजाब की राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गई थी। इसे नेहरू के सपनों का शहर भी कहा जाता है। इसकी डिजाइन फ्रांसीसी आर्किटेक्ट ली कोर्बुज़िए ने बनाई थी। कार्बुजिए की टीम को अन्य लोगों के अलावा युवा भारतीय योजनाकारों एमएन शर्मा और एआर प्रभावलकर का भी साथ मिला। यही भी सच है कि चंडीगढ़ का निर्माण पंजाब के लगभग 27 गांवों को उजाड़कर किया गया था, यही कारण है कि पंजाब के लोग और राजनीतिक दल इस पर अपना अधिकार मानते हैं। 1 नवंबर, 1966 को पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के पुनर्गठन के दौरान चंडीगढ़ को पंजाब और हरियाणा दोनों की राजधानी बनाया गया। इसे एक केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया और केंद्र सरकार के सीधे नियंत्रण में रखा गया। पंजाब के लिए चंडीगढ़ सदा से एक अहम मुद्दा रहा है। 1985 में पंजाब में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हुए राजीव गांधी लोंगोवाल समझौते में सहमति बनी थी कि चंडीगढ़ पंजाब को सौंप दिया जाएगा और बदले में हरियाणा को पंजाब के हिंदी भाषी इलाके दिए जाएंगे। हालांकि उस पर अमल आज तक नहीं हुआ। अगर केन्द्र सरकार चंडीगढ़ की संवैधानिक स्थिति में कोई बदलाव करती है तो टकराव का नया पिटारा खुल जाएगा। यह देश के लिए अच्छा नहीं होगा।

# आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता की अनिवार्य पुकार

**राष्ट्र की सुरक्षा किसी भी संप्रभु देश की रीढ़ होती है। यह केवल सीमापर तैनात जवानों की बहादुरी का प्रश्न नहीं, बल्कि उन वैज्ञानिक, तकनीकीऔर औद्योगिक क्षमताओं का भी परिणाम है, जो किसी राष्ट्र को मजबूत रक्षातैयारियों का आधार प्रदान करती हैं। भारत में पिछले एक दशक में जिस तेजीसे आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, वह न केवल बदलते वैश्विक परिदृश्य का अनिवार्य परिणाम है, बल्कि उन चुनौतियों का उत्तर भी है जो नई तकनीकों, आधुनिक युद्धक रणनीतियों और जटिल सुरक्षा परिवेश के कारण उभर रही हैं। इसी संदर्भ में तेजस लड़ाकू विमान के विकास, उसके परीक्षण, उसके साथ घटित घटना और उससे निकले सबक हमें यह समझने का अवसर देते हैं कि आत्मनिर्भरता का मार्ग कितना जटिल और जरूरी है।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

भारतीय रक्षा तकनीकी विकास के इतिहास में तेजस एक ऐसा अध्याय है, जिसने देश को वैश्विक मंच पर नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा किया। 2007 में इसके निर्माण की शुरुआत के साथ ही भारत ने यह संदेश दिया कि वह अपने लड़ाकू विमानों को पूरी तरह देश में विकसित करने की क्षमता रखता है। जुलाई 2016 में जब भारतीय वायुसेना ने तेजस के पहले स्क्वॉड्रन का गठन किया, तो यह केवल एक विमान की उड़ान नहीं थी, बल्कि भारतीय वैज्ञानिक, इंजीनियरिंग और विविध रक्षा अनुसंधान संस्थानों की सामूहिक क्षमता का उद्घोष था। यह वह क्षण था जहां अनुभव से अधिक संकल्प का महत्व दिखाई देता है, एक ऐसा राष्ट्र जो दशकों तक विदेशी रक्षा तकनीक पर निर्भर रहा, अब स्वयं के बलबूते पर आधुनिक विमान निर्माण में अग्रसर था। लेकिन विकास की इस यात्रा में चुनौतियाँ स्वाभाविक थीं। हाल ही में तेजस के एक विमान ने तकनीकी कारणों से आपातकालीन लैंडिंग की, जिसने देशभर में चर्चा और चिंता दोनों को जन्म दिया। यह घटना अपने आप में कोई असाधारण दुर्घटना नहीं थी, लेकिन उसने रक्षा प्रणाली में तकनीकी परिशुद्धता, निगरानी और उच्चतम मानकों की आवश्यकता को पुनः रेखांकित किया। हर उन्नत देश में, चाहे वह अमेरिका हो या रूस, ऐसे तकनीकी बाधाओं के उदाहरण मिलते हैं। किंतु भारत के संदर्भ में यह घटना इसलिए महत्वपूर्ण बन जाती है क्योंकि यह समय उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ देश आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता को न केवल लक्ष्य, बल्कि प्राथमिकता का विषय बना चुका है।




तेजस की तकनीकी संरचना की बात करें तो यह विमान अत्याधुनिक डिजाइन, हल्के कॉम्पोज़िट ढांचे और उच्च सुरक्षा प्रणालियों का बेहतरीन संगम है। 'कार्बन फाइबर' से निर्मित इसके ढांचे ने न केवल विमान का वजन कम किया, बल्कि उड़ान के दौरान इसकी स्थिरता और मजबूती को भी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचाया। इसकी 'फ्लाई-बाय-वायर' प्रणाली, उन्नत एवियोनिक्स और चौथी पीढ़ी के मानकों पर आधारित क्षमताएँ इसे दुनिया के उन चुनिंदा विमानों की श्रेणी में शामिल करती हैं जो गति, तकनीक और सुरक्षा में संतुलन बनाए रखते हैं। वर्षों के परीक्षणों और संशोधनों के बाद तेजस एक भरोसेमंद और कुशल लड़ाकू विमान बन चुका है, जिसे भारतीय वायुसेना लगातार उन्नत संस्करणों में शामिल कर रही है। किन्तु हर तकनीकी उपलब्धि की तरह तेजस के विकास में भी समस्याएँ आईं, कभी इंजन के प्रदर्शन को लेकर, कभी इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों को लेकर और कभी उड़ान परीक्षणों के दौरान आवश्यक संतुलन को लेकर। इन समस्याओं को हल करने में वैज्ञानिकों ने अनगिनत दिन-रात खर्च किए। और यही वह श्रम है जो आत्मनिर्भरता को मूल्यवान बनाता है। यदि किसी राष्ट्र को अपने पैरों पर खड़ा होना है, तो उसे ऐसे संघर्षों से गुजरना ही पड़ता है। किसी विमान का एक पुर्जा भी यदि बाहर से मंगाना पड़े, तो सुरक्षा की एक छोटी-सी खिड़की खुल जाती है, जिसे आधुनिक युद्धक परिदृश्य में कोई भी देश वहन नहीं कर सकता।

भारत की रक्षा नीति में इन दिनों दो स्पष्ट लक्ष्य दिखाई देते हैं- पहला, पूरी तरह स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना और दूसरा, रक्षा निर्यात को नए स्तर पर ले जाना। 2013- 14 में जहां भारत का रक्षा निर्यात मात्र 686 करोड़ रुपये था, वहीं 2024- 25 में यह 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह आंकड़ा केवल उत्पादन का नहीं, बल्कि भारतीय तकनीक पर वैश्विक विश्वास का संकेत है। यह विश्वास एक दिन में नहीं बनता; यह वर्षों की लगातार मेहनत, प्रयोगों, असफलताओं और सुधारों की देन है। तेजस की हालिया तकनीकी समस्या ने एक बार फिर यह चेतावनी दी है कि आत्मनिर्भरता को लक्ष्य बनाना जितना महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी गुणवत्ता को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखना भी है। रक्षा उपकरण कोई सामान्य औद्योगिक वस्तु नहीं होते। उनका एक-एक पुर्जा सैनिकों की जान, राष्ट्र की सुरक्षा और करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा होता है। इसलिए उनकी गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता संभव नहीं। तेजस के किसी भी तकनीकी परीक्षण में आई त्रुटि केवल एक तकनीकी मामला नहीं, बल्कि एक सबक है कि सुधार की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए और आत्मनिर्भरता का मार्ग केवल उत्पादन का नहीं, बल्कि उत्कृष्टता का मार्ग है। तेजस की घटना यह भी बताती है कि तकनीक की दुनिया बदलते समय के साथ चुनौतीपूर्ण होती जाती है। जैसे-जैसे युद्धक तकनीक विकसित होती है, वैसे-वैसे उसके मानक भी कठोर होते जाते हैं। आज का विमान केवल तेज या हल्का होना पर्याप्त नहीं, उसे साइबर-सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, उच्च-स्तरीय सेंसर तकनीक और नेटवर्क-आधारित युद्ध प्रणाली के अनुरूप भी होना चाहिए। इसीलिए तेजस के वर्तमान संस्करण के साथ-साथ भारतीय वैज्ञानिक 'तेजस मार्क- 2' और 'एएमसीए' जैसे अत्याधुनिक विमानों पर काम कर रहे हैं, जिनसे आने वाले समय में भारत की वायु-शक्ति अधिक स्वदेशी, अधिक सक्षम और अधिक तकनीकी रूप से उन्नत होने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है- विश्वास। देश का विश्वास अपने वैज्ञानिकों पर, वैज्ञानिकों का विश्वास अपनी खोजों पर और रक्षा बलों का विश्वास स्वदेशी प्रणालियों पर। तेजस की घटना ने इस विश्वास को झकझोरा नहीं, बल्कि मजबूत किया है क्योंकि यह घटना तकनीकी समस्या के बाद भी विमान को सुरक्षित उतारने और पायलट की जान बचाने की क्षमता को प्रमाणित करती है। ऐसी घटनाएँ यह भी याद दिलाती हैं कि आत्मनिर्भरता का मार्ग शुरुआत में कठिन अवश्य होता है, लेकिन अंत में यही मार्ग किसी भी देश को मजबूत, स्वतंत्र और सुरक्षित बनाता है। इस तरह से तेजस की हालिया तकनीकी बाधा एक घटना भर नहीं, बल्कि एक संदेश है, हमें अपने रक्षा निर्माण की नींव को और मजबूत बनाना होगा, अनुसंधान को और गहरा करना होगा, निगरानी की प्रणालियों को अधिक संवेदनशील बनाना होगा और गुणवत्ता के मानकों को अटल दृढ़ता के साथ लागू करना होगा। जब तक हम रक्षा उपकरणों की प्रत्येक प्रक्रिया को अपने नियंत्रित और सक्षम हाथों में नहीं लेते, तब तक आत्मनिर्भरता का स्वप्न अधूरा रहेगा। भारत आज सही दिशा में अग्रसर है। तेजस जैसे प्रयास, उनकी चुनौतियाँ और उनसे निकले सीखें इस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यदि राष्ट्र अपनी तकनीकी क्षमता को उत्कृष्टता के स्तर तक ले जाने का संकल्प रखते हुए आगे बढ़ता रहा, तो न केवल देश की वायु-शक्ति अधिक सुरक्षित बनेगी, बल्कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के सबसे विश्वसनीय रक्षा उत्पादकों में भी शामिल होगा। यही वह रास्ता है, जिस पर चलकर हम एक सुदृढ़, आत्मनिर्भर और आधुनिक रक्षा प्रणाली वाले भारत का निर्माण कर सकते हैं, जहाँ हर उड़ान आत्मविश्वास की हो, हर तकनीक स्वदेशी गर्व का प्रतीक हो, और हर सबक हमें और अधिक सक्षम तथा सजग बनाता हो।

अध्यात्म

## बच्चे की राजा को 4 शर्तें



एक बार एक राजा नगर भ्रमण को गया तो रास्ते में क्या देखता है कि, एक छोटा बच्चा माटी के खिलौनो को कान में कुछ कहता फिर तोड कर माटी में मिला रहा है।

राजा को बड़ा अचरज हुआ तो उसने बच्चे से पूछा कि तुम ये सब क्या कर रहे हो?

तो बच्चे ने जवाब दिया कि मैं इन से पूछता हूँ कि कभी राम नाम जपा? और माटी को माटी में मिला रहा हूँ।

तो राजा ने सोचा इतना छोटा सा बच्चा इतनी ज्ञान की बात..

राजा ने बच्चे से पूछा कि तुम मेरे साथ मेरे राजमहल में रहोगे?

तो बच्चे ने कहा कि जरुर रहूंगा पर मेरी चार शर्त है।

1) जब मैं सोऊं तब तुम्हें जागना पड़ेगा।

2) मैं भोजन खाऊंगा तुम्हें भूखा रहना पड़ेगा।

3) मैं कपड़े पहनूंगा मगर तुम्हें नग्न रहना पड़ेगा।

4) और जब मैं कभी मुसीबत में होऊ तो तुम्हें अपने सारे काम छोड़ कर मेरे पास आना पड़ेगा।

आप यदि हमारी ये सभी शर्तें मानते हैं, तो मैं आपके राजमहल में चलने को तैयार हूँ।

राजा ने कहा कि ये तो असम्भव है।

तो बच्चे ने कहा राजन तो मैं उस परमात्मा का आसरा छोड़ कर आपके आसरे क्यूँ रहूँ. जो खुद नग्न रहकर मुझे पहनाता है। खुद भूखा रह कर मुझे खिलाता है। खुद जागता है और मैं निश्चिंत सोता हूँ। और जब मैं किसी मुश्किल में होता हूँ, तो वो बिना बुलाए मेरे लिए अपने सारे काम छोड़ कर दौडा आता है।

कहने का भाव केवल इतना ही है कि हम लोग सब कुछ जानते समझते हुए भी बेकार के विषय विकारो में उलझ कर परमात्मा को भुलाए बैठे हैं।

# एक शहर के खराब होते फेफड़ों का सच लोकतंत्र और हमारा संविधान

**सर्दियों की शुरुआत के साथ दिल्ली-एनसीआर की हवा हर वर्ष एक अलग रूप धारण करने लगती है। जैसे-जैसे तापमान नीचे उतरता है और सूर्य की किरणें कमजोर पड़ती हैं, हवा की गति भी सुस्त होती जाती है। लेकिन मौसम का यह परिवर्तन सिर्फ ठंड का अहसास नहीं लाता, वह अपने साथ धुआँ, धूल और जहरीले कणों का ऐसा भारी मिश्रण भी लेकर आता है, जो इस महानगरीय क्षेत्र को एक बार फिर धुंध के आवरण में ढँक देता है। नवंबर 2025 इसका ताज़ा उदाहरण रहा, जब शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से ऊपर दर्ज किया गया। कई इलाकों में पीएम 2.5 का स्तर 300 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ऊपर पहुँच गया, जो कि स्वास्थ्य मानकों की तुलना में पाँच गुना ज्यादा था। ऐसी हवा में सांस लेना केवल जोखिम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए घातक स्थिति है। यह कोई एक-दो दिनों की समस्या नहीं, बल्कि हर वर्ष दो से तीन महीनों की वह स्थायी आपदा है जिससे दिल्ली-एनसीआर को गुजरना पड़ता है।**

कुमार सिद्धार्थ

पिछले एक दशक में किए गए अधिकांश राष्ट्रीय और वैश्विक सर्वेक्षण बताते हैं कि दिल्ली का प्रदूषण ग्राफ लगातार ऊँचाई पर टिका हुआ है। वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग डेटा दिखाता है कि दिल्ली-एनसीआर का औसत पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। हालिया सर्वे में भारत के 293 शहरी केंद्रों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 88 प्रतिशत ने पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की वार्षिक सीमा पार कर दी थी। इस सूची में दिल्ली दूसरे स्थान पर दर्ज हुई, जहाँ पीएम 2.5 का औसत स्तर लगभग 87 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पहुँचा, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की दीर्घकालिक स्वास्थ्य संकट की गंभीरता को दर्शाता है। वैश्विक सर्वेक्षणों में भी दिल्ली बार-बार दुनिया के सबसे प्रदूषित महानगरों में स्थान पाती रही है। 2025 के विश्लेषण में इसे शीर्ष दस सबसे प्रदूषित शहरों में गिना गया, जबकि 2024 की कई रिपोर्टों ने इसे 'गंभीर प्रदूषण' श्रेणी में स्थिर बताया। इन आंकड़ों का निष्कर्ष साफ है दिल्ली का प्रदूषण किसी मौसमी उतार-चढ़ाव की कहानी नहीं, बल्कि एक स्थायी, जड़ जमाए हुए पर्यावरणीय संकट का प्रमाण है। 5 दिल्ली की हवा आखिर हर साल इतनी जहरीली क्यों बन जाती है? इसका जवाब किसी एक वजह में नहीं मिलता। यह समस्या संरचनागत, प्राकृतिक और आर्थिक कारणों के ऐसे सम्मिश्रण का परिणाम है जो वर्षों से इस क्षेत्र की हवा को जकड़े हुए हैं। शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है, सड़कें विस्तार ले रही हैं, निजी वाहनों की संख्या हर साल तेज़ी से बढ़ती जा रही है, औद्योगिक इकाइयाँ फैलाव ले रही हैं और साथ ही पड़ोसी राज्यों की कृषि-प्रणालियाँ भी दिल्ली की हवा को प्रभावित कर रही हैं। मौसम की भूमिका इन सभी कारकों को और विकराल रूप दे देती है।

दूसरी ओर देखे तो दिल्ली की हरियाली को शहर के 'फेफड़े' कहा जाता है, लेकिन वन विभाग के आँकड़े बताते हैं कि राजधानी का वास्तविक हरित आवरण अब भी कमजोर है। कुल क्षेत्रफल के मुकाबले दिल्ली में वन आवरण लगभग 13 प्रतिशत और वृक्ष आवरण मिलाकर कुल हरियाली करीब 25 प्रतिशत है। देखने में यह संख्या ठीक लगती है, लेकिन इनमें बहुत घना जंगल बेहद कम है और ज़्यादातर क्षेत्र बिखरी हुई या खुली हरियाली के रूप में दर्ज है। यानी पेड़ हैं, पर उतने सघन और प्रभावी नहीं कि लगातार बढ़ते प्रदूषण के बोझ को संतुलित कर सके।

शहर के भीतर सबसे अधिक प्रदूषण वाहनों से आता है। लाखों कारें, स्कूटर, बसें और भारी वाहन रोजाना सड़कों पर उतरते हैं। जैसे-जैसे ट्रैफिक का दबाव बढ़ता है, वाहनों की गति धीमी पड़ती है और उत्सर्जन बढ़ता जाता है। पुराने डीज़ल वाहनों का धुआँ और भारी ट्रकों का उत्सर्जन हवा में घुलते हुए जहरीले कणों की मात्रा को और बढ़ा देता है। कई अध्ययनों में यह साफ हुआ है कि दिल्ली के प्रदूषण में लगभग 35 से 40 प्रतिशत योगदान अकेले वाहनों का है। यह समस्या केवल बढ़ते उत्सर्जन की नहीं, बल्कि शहर की जीवन-व्यवस्था की है जिसमें निजी वाहनों का उपयोग लगातार बढ़ा है।

लेकिन दिल्ली सिर्फ अपने ही धुएँ से नहीं जूझती। हर साल अक्टूबर-नवंबर में पंजाब और हरियाणा के खेतों में पराली जलाने की प्रक्रिया तेज़ी पकड़ लेती है। धान काटने के बाद खेतों को जल्दी तैयार करने के लिए किसानों के पास पराली जलाना ही आसान विकल्प बचता है। यह धुआँ उत्तर-पश्चिमी हवाओं के साथ दिल्ली की ओर बढ़ता है और जैसे ही तापमान गिरना शुरू होता है, हवा भारी होने लगती है। हवाई परतों के नीचे बैठ जाने के कारण पराली का धुआँ जमीन के पास ही अटक जाता है और शहर के ऊपर स्मॉग की मोटी परत बन जाती है। यह स्थिति वह समय होता है जब दिल्ली की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर से भी नीचे गिरकर 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुँच जाती है। शहर की धूल एक अलग और महत्वपूर्ण कारक है। दिल्ली-एनसीआर एक विशाल निर्माण-क्षेत्र में तब्दील हो चुका है। मेट्रो परियोजनाएँ, फ्लाईओवर, सड़क विस्तार, नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास–इन सभी गतिविधियों से भारी मात्रा में मिट्टी और धूल हवा में फैलती रहती है। कई निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के लिए तय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जाता। खुली निर्माण सामग्री, टूटी-फूटी सड़कें, खाली पड़े भूखंड और मालवाहक वाहनों की आवाजाही हवा में भारी मात्रा में पीएम 10 कण घोल देते हैं। हल्की हवा होने पर यह धूल घंटों हवा में तैरती रहती है और धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैल जाती है, जो वायु गुणवत्ता को और खराब करती है।

औद्योगिक क्षेत्रों में भी कई पुरानी तकनीकें और कम गुणवत्ता वाले ईंधन उपयोग में लाए जाते हैं। इससे निकलने वाला सल्फर, नाइट्रोजन और कार्बन का घना मिश्रण हवा को और अधिक दूषित कर देता है। शहर के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों–बवाना, नरेला, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम–से निकलने वाला प्रदूषण दिल्ली की हवा में घुलकर पूरे क्षेत्र के लिए चुनौती बढ़ाता है। इसके साथ ही कचरे का खुला जलना भी वातावरण को विषाक्त करने में बराबर की भूमिका निभाता है। प्लास्टिक और रबर का जलना हवा में जहरीली गैसों का ऐसा मिश्रण घोलता है, जो स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करता है। दिल्ली की हवा को जहरीला बनाने में एक और बड़ा कारक है शहर के कचरा-पर्वत। गाजीपुर, भलस्वा और ओखला की लैंडफिल साइटें अब वर्षों पुराने ऐसे कचरा-ढेर बन गई हैं जिनसे उठती गैसें हवा को लगातार विषाक्त करती रहती हैं। इन ढेरों में जमा जैविक पदार्थों के विघटन से मीथेन गैस बनती है, जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है और जिसमें न तो रंग होता है और न गंध इसलिए इसका रिसाव पकड़ना मुश्किल होता है। जब तापमान बढ़ता है, तो इन लैंडफिल साइटों में अचानक आग लग जाती है और यह आग कई दिनों तक जलती रहती है। इससे निकलने वाला धुआँ न केवल आसपास के क्षेत्रों, बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा को खतरनाक स्तर पर पहुँचा देता है। इन लैंडफिल साइटों पर बढ़ते खतरों को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने हाल ही में कई तकनीकी उपाय लागू करने का निर्णय लिया है। शुरुआती चेतावनी प्रणाली, इंफ्रारेड तापमान निगरानी और मीथेन डिटेक्टर लगाने जैसी व्यवस्थाएँ इस दिशा में कदम हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि वास्तविक समाधान निगरानी में नहीं, बल्कि इन ढेरों के अस्तित्व को समाप्त करने में है। जब तक कचरे का पृथक्करण, रीसाइक्लिंग, कम्पोस्टिंग और ईंधन-निर्माण बड़े पैमाने पर नहीं होता, तब तक दिल्ली की हवा को साफ करने की कोई भी कोशिश अधूरी ही रहेगी।गौरतलब है कि वर्ष 2017-18 के मुकाबले 2024-25 में पीएम 10 स्तर लगभग 15 प्रतिशत कम हुआ, लेकिन यह गिरावट भी दिल्ली की हवा को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए पर्याप्त नहीं है। हवा में तैरते सूक्ष्म कणों का स्तर अब भी राष्ट्रीय मानकों से तीन से चार गुना अधिक है। यही कारण है कि दिल्ली हर वर्ष शरद और शीत ऋतु में प्रदूषण की 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुँच जाती है। वायु गुणवत्ता बिगड़ने के इस संकट में दिल्ली सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार ने दिल्ली-एनसीआर के निजी कार्यालयों से अनुरोध किया है कि वे अपने कुल कर्मचारियों में से कम से कम पचास प्रतिशत को वर्क-फ्रॉम-होम व्यवस्था दें। इस कदम का उद्देश्य केवल कार्यालय-प्रबंधन नहीं है, बल्कि सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करना भी है। यदि लाखों लोग घर से काम करें तो पिक ऑवर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वाहनों से निकलने वाला धुआँ घटेगा और हवा में घुलने वाले जहरीले कणों की मात्रा कम होगी।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी बातों को मनवाने के लिये किसी पर दबाव न डालें। मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। बुद्धिमान मित्रों और सन्तजनों का दर्शन लाभ मिल सकता है।

**वृषभ**
नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें। आपको कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। अहंकार के कारण निजी रिश्तों में टकराहट पैदा हो सकती है।

**मिथुन**
विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। घर के लिये आज आप शॉपिंग कर सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे।

**कर्क**
सन्तान के भविष्य को लेकर चिन्ता लगी रहेगी। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। निम्न रक्तचाप की समस्या हो सकती है।

**सिंह**
अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाने का विचार बना सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। व्यवसाय में कोई बड़ा सौदा सावधानी पूर्वक करें।

**कन्या**
कोर्ट-कचहरी के मामलों में समस्या हो सकती है। परिवार के सदस्यों के मध्य अशान्ति हो सकती है। अपनी जीवनशैली में सुधार करें।

**तुला**
कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। किसी महत्वाकांक्षी योजना का आरम्भ करने के लिये दिन हितकारी है। आपको मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक**
अपने करियर को लेकर थोड़े नाखुश रहेंगे। धन उधार देने से बचें, क्योंकि फँसने की पर्याप्त सम्भावना है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**धनु**
व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की सम्भावना है। पारिवारिक विवादों को निपटाने का अच्छा अवसर मिल सकता है।

**मकर**
शुभचिन्तकों के सुझावों को गम्भीरता से लें। धन की स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी। ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मनमुटाव हो सकता है। अनैतिक कार्यों की ओर मन न लगायें।

**कुंभ**
बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर में पूजा-पाठ का माहौल रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिये दिन अत्यन्त अनुकूल है।

**मीन**
लम्बे समय से रुके कार्यों के पूरे होने से मन में सन्तुष्टि होगी। आप कुछ नया और इनोवेटिव करना चाहते हैं, जिसके लिये प्रयास भी करेंगे।

# बेगूसराय की 25 हजार महिलाओं के खाते में आये दस-दस हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लाभुकों को दस करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपए प्रति लाभुक के अनुसार 10 करोड़ रूपये डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना एवं उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगार प्रारंभ करने के उपरांत महिलाओं को आवश्यकता अनुसार 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अब कुल 1,45,84,882 लाभार्थियों को राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 लाख महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरित किया गया है जिसमें बेगूसराय जिले के लगभग 25000 महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरित किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय बढ़ाने तथा परिवार के बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल साबित हो रही है। अब तक बेगूसराय जिले के 4.38 लाख महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरित किया जा चुका है।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक तेघड़ा रजनीश कुमार, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, निदेशक डीआरडीए, जिला परियोजना समन्वय इकाई, जीविका, सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

# आम सभा में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों को प्राथमिकता देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** रजाकपुर पंचायत भवन में शुक्रवार को आमसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया श्वेता भारती ने की। आम सभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही षष्ठम वित्त आयोग एवं पंद्रहवीं वित्त योजना के तहत प्रस्तावित योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभा में विभिन्न विकासात्मक कार्यों, पंचायत स्तर पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। आगामी वर्ष के लिए पंचायत के विकास रोडमैप को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए। ग्रामीणों ने आशा जताई कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश पासवान, उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान, उप मुखिया मोहम्मद अमजद, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार राय,वार्ड सदस्य राम जपो महतो, डाटा अपरेटर पूजा कुमारी सहित ग्रामीण अशोक साह, योगेन्द्र पासवान, देवकी देवी, मुस्तफा बेगम, खुशबू देवी, मैजल खातून, जोगी महतो, राम चरित्र तांती सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## जीविका दीदियों के खाते में राशि हस्तांतरित

**नावकोठी(नबिटा संवाददाता)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरण का सीधा प्रसारण ई किसान भवन के सभागार में महिलाओं ने देखा तथा सुना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राशि हस्तांतरण के क्रम में कहा कि महिलाओं को रोजगारोन्मुखी तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस राशि से महिला अपना रोजगार की शुरुआत कर सकती है तो उन्हें इसे बढाने के लिए दो लाख रुपए की सहायता कम ब्याज दर पर की जाएगी। संपूर्ण प्रखंड के 1,200 महिलाओं को दस हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से लाभुकों को राशि का अंतरन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं। मौके पर बीपीएम मनोरंजन कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक रूपम कुमारी, रेणु कुमारी, रोहित कुमार, अर्चना कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी(नबिटा संवाददाता)।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी थाने के पहसारा के राम सकल पासवान का पुत्र मोती पासवान है। वह नावकोठी थाना कांड संख्या 47-09 का प्राथमिकी नामजद था। लंबे समय से वह न्यायालय में अपनी उपस्थिति नहीं दे रहा था। इससे न्यायालय ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था इस गिरफ्तारी में एस आई अबोध कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आइएएस संतोष वर्मा का पुतला फूंका

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के ब्राह्मण बेटियों पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में बक्सर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उनका पुतला फूंका गया। गुरुकुलम के छात्रों और पदाधिकारियों ने संतोष वर्मा के बयान पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने किसी समुदाय, विशेषकर ब्राह्मण बेटियों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना असंवैधानिक है। यह समाज में सौहार्द और सद्भाव को भी खतरे में डालता है।

### 700 लीटर स्पिरिट जब्त

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** मोतिहारी पुलिस ने कोटवा थाना क्षेत्र में स्पिरिट माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 700 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई नवगांव चौक के पास की गई। सदर डीएसपी जितेश पांडे ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। डीएसपी पांडे के अनुसार, अपर थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह और एसआई अमन कुमार के नेतृत्व में सिविल वर्दी में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पिकअप वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखे गए 35 डिब्बों में कुल 700 लीटर अवैध स्पिरिट बरामद हुई। मौके से तस्कर प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, दो अन्य तस्कर मुन्ना यादव और जयचंद्र कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उत्तरी कनछेदवा गांव में गुरुवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दो घरों में ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। गृह स्वामी केशव कुमार सिंह पिता गौतम सिंह, दिलीप कुमार सिंह ने वीडियो कॉलिंग पर अपने घर की चोरी का नजर को देखा। केशव कुमार सिंह महाराष्ट्र के पुणे में एक कंपनी में काम करते हैं जो पुणे में अभी भी है। उन्होंने लिखित आवेदन देकर थाना में बताया कि शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने गेट का खुला दरवाजा देखकर फोन किया और अंदर जाकर देखा तो कपड़ा, बर्तन अन्य सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमीरा टूटा हुआ था। केशव कुमार सिंह ने बताया कि कपड़ा, बर्तन, जेवरात, गैस सिलेंडर, मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 05 जेएस 5752 को अज्ञात चोरों के द्वारा चुरा लिया गया है। उनके घर के बगल में दिलीप सिंह के भी घर का गेट तोड़कर 5 हजार नगद, कपड़ा, बर्तन भी चुरा लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच शुरू कर दिया है।

### खसरा से एक दर्जन बच्चे प्रभावित

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** तुरकौलिया प्रखंड के लक्ष्मीपुर गदरिया दलित बस्ती में मिजिल्स(खसरा) नामक बीमारी से करीब एक दर्जन बच्चे प्रभावित हुए हैं। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम दलित बस्ती में शुक्रवार को पहुंची। यह बीमारी खास कर छोटे बच्चे को अपने चपेट में ले रहा है। बच्चों के बीच यह बीमारी फैल रही है। डब्लूएचओ की टीम के साथ एसएमओ, एफएम, डीआईओ, एमवाईसी, बीएचएम, बीसीएम, एएनएम व आशा फैसलेटर के साथ मेडिकल टीम उक्त स्थल पर पंहुच कर प्रभावित बच्चो का जांच किया। उन्हें विटामिन ए का खुराक पीलाया। प्रभावित बच्चों में ऋषि कुमार, धीरज कुमार, अनुष्का कुमार, सूर्या कुमार, आर्यन कुमार, शुभम कुमार, अंशु कुमारी, शिवम कुमार सहित अन्य बच्चे हैं। उनको घर के अन्य सदस्यों से दूर रहने की सलाह दी गई है। पूरे गांव में मेडिकल टीम मॉनीटरिंग कर रही है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ संजय कुमार ने बताया कि यह बीमारी खसरा का टीका नहीं लेने पर होता है।

### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने पर चर्चा

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** रक्सौल शहर के नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता तथा कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी की उपस्थिति में शहर के विभिन्न संघ-संस्थाओं तथा व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने किया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय महत्ता के शहर रक्सौल को स्वच्छ व सुंदर बनाने मे महत्वपूर्ण एवं आवश्यक पहल के लिए रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ साथ लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, राम रसोई, भारत विकास परिषद् आदि अनन्य स्वंयसेवी संस्थाओं ने भी अपने अपने सुझाव साझा करते हुए ज्ञापन सौंपा जिसमें रक्सौल की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए 18 बिंदुओं को प्राथमिकता से इंगित किया गया है। इसपर विधायक श्री सिन्हा व कार्यपालक पदाधिकारी डॉ कुमार ने उचित पहल करने की बात कहीं। मौके पर चैंबर के अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा, नितिन कुमार, दिनेश प्रसाद, राज कुमार गुप्ता, दिलीप शाह, रमेश कुमार, अजय कुमार, अरविंद कुमार, आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में घुड़सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के पर्रा गांव के पास बेगूसराय संजात पथ पर गुरुवार को देर रात लगभग 12 बजे सड़क दुर्घटना में घोड़ा सहित घुड़सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा वीरपुर थाना को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने दल वल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन करते हुए। घटना में घायल घुड़सवार को बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि एक शादी समारोह से बारात को दुअर लग्गी करा कर घुड़सवार घोड़ा सहित वापस बेगूसराय की ओर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बेगूसराय की ओर से संजात की ओर जा रहे स्कर्पियो बीआर 09 पीए 4406 तेज गति से अनियंत्रित होकर घोड़ा सहित घुड़सवार को जबरदस्त सामने से टक्कर मार दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने यह भी बताया कि ठोकर इतना जबरदस्त था कि घोड़ा कहीं, और घुड़सवार कहीं और जाकर गिरा। घोड़ा की मौत मौके पर ही हो गई। लोगों ने यह भी बताया कि स्कार्पियो के ड्राइवर कुदकर कर अपनी जान बचाते हुए भागने में सफल हो गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही युवक को बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया गया लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के सीहमा स्थित गोंसाईटोल निवासी वशिष्ठ कुमार यादव के रूप में की गयी है।

# निदेशक ने किया माउन्ट लिट्रा का निरीक्षण


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जी लर्न, ईस्ट क्लस्टर की निदेशक डा. जेबा तसलीम ने दो दिवसीय विद्यालय का विशेष निरीक्षण किया। साथ ही अभिभावक संवाद सत्र आयोजित किया गया। अपने संबोधन में डा. जेबा तसलीम ने नई शैक्षणिक दिशा दृष्टि के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। जिनमें लिट्रा नोवाद्दनई शिक्षण पद्धति टाइनी स्टेप्स, बिग ड्रीम्स प्रारंभिक शिक्षा के नए आयाम बैलेंस्ड स्क्रनन टाइम उम्रानुसार मोबाइल उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण प्रमुख हैं। विद्यालय निदेशक डा. मनीष देवा ने कहा डा. जेबा जैसी अनुभवी एवं दूरदर्शी शिक्षाविद का मार्गदर्शन हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है। उनकी उपस्थिति ने विद्यालय के शिक्षण मानकों को और अधिक सशक्त बनाया है। अभिभावकों के साथ उनका संवाद निश्चित रूप से बच्चों के विकास में सकारात्मक बदलाव लाएगा। विद्यालय की प्राचार्या ड शीतल देवा ने कहा हम ड तसलीम का हृदय से धन्यवाद करते हैं। अभिभावकों ने इस सत्र की अत्यधिक सराहना की। हमें बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, स्क्रीन टाइम और भविष्य की तैयारी को लेकर कई उपयोगी बातें सीखने को मिलीं। हम विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद करते हैं कि हमें इतने अनुभवी विशेषज्ञ से मिलने का अवसर मिला।



# भिखारी ठाकुर रंग जलसा की तैयारी पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** सरदार पटेल बस पड़ाव, आरा में अवस्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान, आरा द्वारा भिखारी ठाकुर रंग जलसा-2025 के तैयारी के लिए विस्तारित बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रो डॉ जया जैन व संचालन पत्रकार नरेन्द्र सिंह ने किया। इस बैठक में भिखारी ठाकुर जयंती समारोह में होने वाले कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा किया गया और उसका रूपरेखा तैयार किया गया। निर्णय हुआ कि यह एक दिवसीय कार्यक्रम होगा। जो पूर्वाहन 11 बजे से शुरू होगा और शाम सात बजे तक चलेगा। बैठक में प्रो डॉ नंदजी दुबे, वरिष्ठ रंगकर्मी कृष्णेंदु, अंबुज आकाश, डॉ अनिल सिंह, योग गुरु स्वामी विक्रमादित्य, गायक कमलेश व्यास, समाजसेविका संजला सिन्हा, समाजसेवी कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ़ पप्पू सिंह, रंगकर्मी, चैतन्य निर्भय, रंजन यादव, भरत आर्य, जितेन्द्र प्रसाद उर्फ़ लड्डू भोपाली, करण कुमार, अनिल कुमार, मुकेश मुस्कान, साधना श्रीवास्तव व रामजी यादव मौजूद थे। बैठक में उपस्थित कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापन रांची से आए गीतकार विनय सिंह ने किया।

# दिसंबर में होगी माध्यमिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड की प्रथम माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, जून तथा द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसंबर से संबंधित आवश्यक सूचना जारी की गई है। इन परीक्षाओं की प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र, समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं जिन्हें परीक्षार्थी 27 नवंबर से परीक्षा अवधि तक डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बताया गया कि प्रायोगिक परीक्षा 6 दिसंबर से 9 दिसंबर तक तथा सैद्धांतिक परीक्षा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षाएँ जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर तथा सैद्धांतिक परीक्षाएँ प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालय जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि अध्ययन केंद्र के को-अर्डिनेटर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए समिति की वेबसाइट पर लग-इन कर डैशबोर्ड के एडमिट कार्ड मेन्यू में उपलब्ध थेओरी अथवा प्रेक्टिकल विकल्प के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र पर को-अर्डिनेटर के हस्ताक्षर एवं मुहर अनिवार्य होंगे। सभी परीक्षार्थी अपने अध्ययन केंद्र को-अर्डिनेटर से संपर्क कर हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त प्रवेश पत्र प्राप्त करेंगे तथा प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि एवं पाली में परीक्षा में सम्मिलित होंगे। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए विशेष सुविधा के तहत स्वयं से लिखने में असमर्थ अभ्यर्थियों को अनुरोध के उपरांत श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जाएगा तथा वे अपना स्वयं का श्रुतिलेखक भी ला सकते हैं।

# 55 हजार महिलाओं को 55 करोड़ मिले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को बिहार राज्य में महिलाओं के खातों में चुनाव के बाद पहली किस्त की राशि सीधे क्ठ्ठ के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करना है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में किया गया, जिसमें पूर्वी चंपारण जिले ने सर्वाधिक महिलाओं की भागीदारी दर्ज कर एक रिकॉर्ड बनाया। पूर्वी चंपारण जिले में लाइव प्रसारण का मुख्य कार्यक्रम मोतिहारी के राजेंद्र भवन में आयोजित हुआ। इसमें जिला पदाधिकारी और उप विकास आयुक्त समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 500 जीविका दीदियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त जिले के 27 प्रखंड मुख्यालयों में भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक प्रखंड से लगभग 500 महिलाएं शामिल हुईं, जिससे प्रखंड स्तर पर कुल 13,500 महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। जीविका संगठन की बहुस्तरीय संरचना के माध्यम से भी बड़ी संख्या में महिलाएं इस कार्यक्रम से जुड़ीं। जिले के 80 संकुल स्तरीय संघों से लगभग 16,000 महिलाएं और 3,700 ग्राम संगठनों से लगभग 4,44,000 महिलाएं वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। पूर्वी चंपारण में अब तक इस योजना के अंतर्गत कुल 6,03,000 महिलाओं को 603 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है। मंगलवार को हुए कार्यक्रम में जिले की 55,000 महिलाओं के खातों में 55 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ परिवार और समाज में उनकी भूमिका को भी मजबूत करेगी।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** छतौनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। बस-स्टैंड पर सक्रिय इस गिरोह के चार सदस्यों को चोरी के सामान और कैश के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह लंबे समय से बस खलासी बनकर यात्रियों को ठगने और उनका सामान चोरी करने में शामिल था। छतौनी थानाध्यक्ष सुनील कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड में खलासी बनकर यात्रियों के बैग से चोरी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने निगरानी शुरू की। इसी दौरान एक युवक को यात्री के बैग से पैसे निकालते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से नकदी के साथ-साथ बैग का चेन तोड़ने और काटने वाले औजार भी बरामद किए गए।

## दस किसानों के बीच कृषि यांत्रिकरण मिनी कीट का वितरण

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत ई-किसान भवन में कैंप लगाकर 10 किसानों को कृषि यांत्रिकरण मिनी कीट(आईएमपी यंत्र) का वितरण कैंप लगाकर किया गया। कैंप में यंत्र का वितरण चंद्रवंशी सीड्स एंड कंपनी के बैनर तले हुआ। कृषि यांत्रिकरण योजना के तहत मिनी कीट यंत्र के लिए किसानो द्वारा ऑनलाइन आवेदन के विरुद्ध 25 किसानों का बड़हरा प्रखंड में स्वीकृति पत्र दिया गया था। जिसमें 10 किसान कैंप में पहुचे थे। इस योजना में पांच यंत्र जिसमें मक्का दाना छुड़ाने का यंत्र, कुदाल, खुरपी, हसुआं, घास निकालने का मशीन किसानो की दी जाती है। इसमें 1000 रुपये पर 800 रुपये सब्सिडी कृषि विभाग द्वारा दी जाती है। यानि 200 रुपये में यह यंत्र मिलता है।

# 14 हजार जीविका दीदियों को भेजे 14 करोड़ रुपए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में कुल 1000 करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण किया। प्रत्येक लाभार्थी को 10 हजार रुपए की राशि मिली। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बक्सर समाहरणालय में भी किया गया, जहाँ अधिकारी और लाभार्थी महिलाएं मौजूद थीं। इस योजना के तहत बक्सर जिले की 14,057 जीविका दीदियों के बैंक खातों में 14.05 करोड़ रुपए भेजे गए। जिला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, बक्सर जिले में अब तक कुल 1,92,963 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। सरकार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। इसके तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रारंभिक सहायता के रूप में 10,000 रुपए दिए जाते हैं। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आकलन के आधार पर 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त ऋण सहायता का भी प्रावधान है। लाभार्थियों को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा, जहां उन्हें प्रशिक्षण और व्यवसाय शुरू करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त, महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हाट-बाज़ार विकसित करने का भी निर्णय लिया गया है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह योजना सामुदायिक सहकारिता पर आधारित है। इसका लक्ष्य महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, जिससे उनकी आर्थिक प्रगति के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में मौजूद जीविका दीदियों ने कहा कि यह आर्थिक सहायता उन्हें अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने और परिवार की आय बढ़ाने में मदद करेगी।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

**(जिला कल्याण शाखा)**

**नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

विभागीय पत्रांक–5513 दिनांक–02.07.2025 के आलोक में संघ लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा/ बिहार लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा एवं अन्य राज्य स्तरीय सिविल सेवा में मुख्य परीक्षा में उत्तीर्णता हासिल करने वाले एवं आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने की अहर्त्ता रखने वाले अनु0 जाति के छात्रों के लिए डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास में मार्गदर्शक (मेंटॉर) के रूप में नामांकन लिया जाना है। उक्त के आलोक में दिनांक– 28.11.2025 से 15.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक विभागीय ऑनलाईन पोर्टल https://Scstonline.bihar.gov.in/ पर आवेदन आमंत्रित किए जाते है। छात्रावास में नामांकन हेतु अनु0 जाति के योग्य छात्र आवेदन कर सकते है। जिसकी आवासन क्षमता एवं रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | छात्रावास का नाम | कोटि | आवासन क्षमता | नामांकन हेतु रिक्त स्थानों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, औरंगाबाद | अनु0 जाति | 50 आसन | 1 |

विशेश जानकारी के लिए संबंधित छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास समन्वयक एवं जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद से छात्र/अभिभावक प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते है।

**नामांकन की शर्ते :–**

1. नमांकन के लिए छात्रों को UPSC Civil Services/ BPSC Civil Services अथवा अन्य राज्यों के Civil Services Mains परीक्षा में सम्मलित होना अनिवार्य है।
2. नमांकन के लिए अधिकतम आयु 35 वर्श तथा आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए योग्य हों।
3. छात्र चयन प्रक्रिया में क्रमशः UPSC Civil Services/ BPSC Civil Services अथवा अन्य राज्यों के Civil Services Mains उत्तीर्ण छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. उपर्युक्त किसी एक श्रेणी में यदि एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते है तो मेघा सूची विगत UPSC Civil Services/ BPSC Civil Services अथवा अन्य राज्यों के Civil Services Mains में प्राप्त अंक के आधार पर तैयारी की जाएगी।
5. छात्रावास में नामांकन के लिए चयन UPSC Civil Services/ BPSC Civil Services अथवा अन्य राज्यों के Civil Services Mains परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थि का विगत दो वर्शो में से अंतिम प्राप्त अंक के आधार पर होगा।
6. चयनित छात्रों द्वारा प्रतिदिन सुबह एवं शाम कम से कम एक घंटा अन्य आवासीत छात्रों को लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के संदर्भ में सहयोग एवं निःशुल्क कक्षा ली जाएगी।
7. छात्र का नामांकन औपबंधिक रूप से एक वर्श के लिए होगा। परीक्षा परिणाम एवं आचरण संतोश जनक रहने पर अतिरिक्त एक वर्श के लिए विस्तार किया जायेगा।
8. छात्रों के चयन सूची का अनुमोदन मुख्यालय स्तर पर निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार पटना के अध्यक्षता में उप निदेशक (मु0) एवं सहायक निदेशक (मु0) के स्तर से किया जायेगा।
9. छात्रों के चयन, निश्कासन, कमरा आवंटन एवं अन्य प्रशासनिक मामलों में निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार पटना का निर्णय अंतिम होगा।


**जिला कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR. No. 018561 (Welfare) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

# निशांत कुमार सिन्हा को मिला पुलिस उपाधीक्षक का पद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शुक्रवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के लिए बहुत गौरव का अनुभव लेकर आया था क्योंकि उस दिन झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित किया था। इस घोषणा के साथ विद्यालय के कई छात्रों ने इस सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अपना परचम फहराया था । इस परिणाम ने डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह को भी गौरवान्वित करने का कार्य किया। जिसमें निशांत सिन्हा ने 61 वाँ स्थान, दिव्या भारती ने 101 वाँ स्थान तथा रूपाली रोशन ने 106 वाँ स्थान प्राप्त कर खुद को साबित करते हुए परिवार सहित पूरे विद्यालय के मान को भी बढ़ाया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने कहा की पूर्व में भी कई छात्रों ने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है । यह परिणाम भी विद्यालय के बच्चों को प्रोत्साहित करेगा कि वे भी देश के कठिनतम परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर परिवार ,विद्यालय,जिला सहित पूरे राज्य का मान बढ़ाए। आज झारखंड सरकार से निशांत कुमार सिन्हा को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त हुई एवं अन्य सफल अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र मिला। पूरे विद्यालय प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों के आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। विद्यालय प्रबंधन आशा करता है कि ये सभी नव नियुक्त अधिकारी अपने कार्य से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# अंतिम दिन शिविरों में उमड़ा जनसमूह

## 1,40275 प्राप्त आवेदनों में से 74114 आवेदनों का हुआ निष्पादन



**हजारीबाग ब्यूरो**

**हजारीबाग।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह के अंतिम दिन 28 नवंबर को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध विभिन्न सरकारी सेवाओं को आम जनता तक समयबद्ध रूप से पहुँचाना था। शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया और विभिन्न सेवाओं से जुड़ी समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया गया। सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर तत्परता से निष्पादन करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है।

आज आयोजित जिलेभर के शिविरों से प्राप्त आवेदनों में अब तक पूरे जिले में कुल 1,40,275 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 74,114 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सेवा का अधिकार सप्ताह के अबतक के शिविरों से प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निष्पादन हो, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुँच सके।

# बोलेरो से 28 पेटी अवैध शराब जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। हुसैनाबाद थाना की पुलिस बल रात्रि गश्ती के दौरान एक बोलेरो नमक वाहन से 28 पेटी में बंद अवैध शराब को पकड़ा है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने प्रेस के समक्ष गाड़ी संचालित कर रहे आरोपी व अवैध शराब को प्रस्तुत किया। थाना प्रभारी ने बताया कि गश्ती दल 27 नवंबर की रात्रि क्षेत्र की गश्ती पर निकले थे। इसी बीच नारायणपुर बाजार के पास गश्ती दल पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से पथरा गांव की ओर से एक उजाला रंग का बोलोरो आ रहा था। पुलिस की गाड़ी को देखकर अपनी गाड़ी को घुमाकर भगाना चाहता था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भगा रहे बोलेरो वाहन सहित उसमें लदे हुए अवैध शराब को जप्त किया। उन्होंने बताया कि वाहन को पकड़ने के बाद हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर निवासी 24 वर्षीय वाहन चालक सौरभ सिंह से पूछताछ की गई। चालक से शराब से संबंधित कागजात की मांग की गई । लेकिन वह किसी तरह का कागजात नहीं दिखा सका। उन्होंने बताया कि बोलेरो की तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान प्लास्टिक के पांच बोरे में 28 कार्टुन देशी शराब जप्त किया गया। साथ ही हुसैनाबाद थाना कांड सं. 269/25 दर्ज किया गया। कांड में गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ सिंह न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि गश्ती दल में सअनि कालिका राम, हवलदार नवकिशोर प्रधान, आरक्षी सोभनाथ साव, आरक्षी अरविन्द कुमार, लचा आरक्षी सुरेन्द्र पाल शामिल थे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुगम बनाने के उद्देश्य से आज जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुगम बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अस्पताल प्रबंधन की बैठक में कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराए गए संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ लोगों को अधिक से अधिक दिया जा सके। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रतिनियुक्ति सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। साथ ही कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि जो भी स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम अपने दायित्वों में लापरवाही बरतने का काम करते हैं उन्हें चिन्हित कर स्पष्ट अनुशंसा के साथ कार्रवाई के लिए लिखें। साथ ही एमओआईसी को निर्देशित किया नियमित समीक्षा करें, आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करें, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की जिम्मेवारी का निर्वहन करें।इसके अलावा उपायुक्त ने सदर अस्पताल में कार्यरत स्टॉफ की संख्या, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा नियमित मॉनिटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, संसाधनों की उपलब्धता, अस्पताल की नियमित




साफ-सफाई, महिला चिकित्सकों नर्सों की उपस्थिति, ओपीडी का संचालन एवं रख-रखाव, आयुष्मान भारत के तहत लाभान्वित संख्या, ब्लड बैंक का संचालन समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुगम बनाने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। मरीजों को सुगम तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलें, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबकी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित में सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी अनुमंडल अस्पतालों में अनुभवी चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने की बात कहीं। ताकि अस्पतालों में रोगी देखभाल की गुणवत्ता और विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, सिविल सर्जन, अस्पताल उपाधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीपीएम, एनएचएम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## चौपारण-2 क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं पर हुआ गंभीर मंथन

# जिप सदस्य रवि शंकर अकेला ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा प्रतिवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** रांची में शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात के दौरान जिला परिषद क्षेत्र-2 चौपारण के जिप सदस्य रवि शंकर अकेला ने स्वास्थ्य व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बैठक में चौपारण व बरही विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से संबंधित विस्तारपूर्वक रिपोर्ट मंत्री को सौंपी। श्री अकेला ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही कई स्वास्थ्य उप-केंद्र डॉक्टरों, नर्सों और आवश्यक चिकित्साकर्मियों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। दवाइयों की नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण मरीजों को निजी क्लीनिकों पर निर्भर होना पड़ रहा है। साथ ही एम्बुलेंस सेवा की अनियमितता के कारण गंभीर मरीज और प्रसूता माताएँ समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रही हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शिकायतों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि सरकार जल्द आवश्यक कदम उठाएगी और प्राथमिकता के आधार पर चौपारण व बरही क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

मुलाकात के अंत में जिप सदस्य रवि शंकर अकेला ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही क्षेत्र की आम जनता बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पाने की उम्मीद कर रही है।



# डीआईजी ने किया थानों का निरीक्षण

## लंबित कांडों के निष्पादन पर दिया जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार नगर।** पूर्णियाँ क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक प्रमोद कुमार मंडल ने जिले का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले स्थापित साइबर थाना और महिला थाना का गहन निरीक्षण किया। कटिहार आगमन डीआईजी को सम्मानपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने दोनों थानों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से थानों में लंबित कांडों के शीघ्र और प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित थानाध्यक्षों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपराधिक और साइबर अपराधों से जुड़े मामलों के त्वरित निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। डीआईजी के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अभिजीत कुमार सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदुलता उपस्थित रहे।

# अरदास और शब्द-वाणी की गूंज के बीच 350वां महान शहीदी शताब्दी गुरुपर्व सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी /कटिहार ।** श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय भव्य गुरुपर्व का समापन शाम को ऐतिहासिक श्री गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा लक्ष्मीपुर में विश्व कल्याण की अरदास और गुरु का अटूट लंगर सेवा के साथ हो गया। पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम, झारखंड और बिहार प्रान्त के विविध शहरों से लगभग दो हजार संगतों के अलावा कटिहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 25 हजार श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचे और गुरु महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन अवसर पर बिहार अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय,पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, सेमापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भगत सहित कई विशिष्ट व्यक्तियों ने माथा टेका।




सभी अतिथियों ने गुरुद्वारा की धरोहर हस्तलिखित गुरुग्रंथ साहिब, गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा भेजे गए माछीवारा हुक्मनामा तथा अन्य ऐतिहासिक ग्रंथों का दर्शन कर अध्ययन भी किया।तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ और पंच प्यारों की अगुवाई में निकाले गए नगर कीर्तन से हुई थी।

गुरुद्वारा परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों का भ्रमण किया। समापन दिवस पर देशभर से आए प्रसिद्ध रागी जत्थों—लखनऊ की बीबी जसप्रीत कौर,भाई सुखप्रीत सिंह, भाई पवनदीप सिंह, रांची के भरपूर सिंह, अमृतसर के भाई चरनजीत सिंह फानी, और जालंधर के ढाढी जत्थे भाई जगजीवन सिंह ने अपनी स्वर-नाद से संगत को गुरुवाणी के विचारों से निहाल किया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने सभी गणमान्यों को शिरोपा एवं श्री साहब देकर सम्मानित किया। समापन के दौरान लखविंदर सिंह लक्खा ने गुरुतेग बहादुर जी की शहादत को मानवाधिकार, धर्म-सुरक्षा और आत्मसम्मान की सर्वोच्च मिसाल बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि गुरु महाराज की कृपा से उन्हें पुनः दरबार में माथा टेकने का सौभाग्य मिला। जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि गुरु दरबार में आकर हर कष्ट दूर हो जाता है और यहां की सेवा सभी के लिए प्रेरक है। ग्रामवासियों के सहयोग और सेवा भावना ने पूरे गुरुपर्व को सफल बनाया। समापन अरदास के बाद गुरु का लंगर सेवा अटूट जारी रही।

# स्वास्थ्य केंद्रों का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सतबरवा में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव व स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों की टीम शुक्रवार को एएएम, पीएचसी व सीएचसी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे कार्यों की प्रगति, उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं व संसाधनों का आंकलन किया। सिविल सर्जन ने ट्रॉमा सेंटर शुरू करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इसके लिए मौजूद भवन व अवसंरचना, आवश्यक मानव बल, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता व अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत का बारीकी से मूल्यांकन किया। सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव के निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में लंबे समय से खड़ी एम्बुलेंस का भी मुद्दा सामने आया। अधिकारियों ने एम्बुलेंस के पार्क रहने के कारणों की पड़ताल की। साथ ही जल्द समाधान निकालकर इसे सेवा में वापस लाने के निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# शिविरों में उमड़ रही लाभुकों की भीड़, ग्रामीणों को हो रही सहूलियत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रखंड के मांगरोडीह चुजका, अकडोनीखुर्द सोनादोनी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगा। मांगरोडीह पंचायत में लगे शिविर में मुख्य रूप से बीडीओ गणेश रजक मुखिया आशा देवी ने लोगों से अपील की सभी ईस केम्प का लाभ ले केम्प मै उपस्थित पंसस, वार्ड सदस्य, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकायें व अन्य कार्यालय कर्मी शामिल हुए। शिविर में पंचायत के ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीणों को कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं राशनकार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पीएम आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं एवं लाभुकों की आहर्ता और आवेदन देने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। जहां लाभुकों से आवेदन लिये गये। कई लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं मनरेगा लेबर कार्ड का वितरण किया गया। वहीं इस दौरान सभी पंचायतों में एक-एक शिशु का अन्नप्राशन मुंहजुठी एवं एक-एक गर्भवती महिला की गोद भराई की गई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यालय कर्मी आदि उपस्थित थे।

इसी तरह गिरिडीह प्रखंड के चूजका में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगा। चुजका पंचायत में लगे शिविर का उदघाटन 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा किया गया। मुखिया सावित्री देवीने कहा इस कैम्प का ग्रामीण लाभ उठाएं। कैम्प में पंसस, वार्ड सदस्य, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकायें व अन्य कार्यालय कर्मी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों को कार्यक्रम का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं राशनकार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पीएम आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं एवं लाभुकों की आहर्ता और आवेदन देने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। जहां लाभुकों से आवेदन लिये गये। कई लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं मनरेगा लेबर कार्ड का वितरण किया गया। वहीं इस दौरान सभी पंचायतों में एक-एक शिशु का अन्नप्राशन मुंहजुठी एवं एक-एक गर्भवती महिला की गोद भराई की गई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष, झामुमो नेता, मुखिया, प्रखंड कार्यालय कर्मी आदि उपस्थित थे।



## उम्मीदों की सरकार है अबुआ सरकारः झामुमो

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** अबुआ सरकार का एक साल पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित हजारों अभ्यर्थियों को शुक्रवार को रांची में नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र मिलने से अभ्यर्थियों के चेहरों पर खुशी छा गई । अबुआ सरकार का एक साल पूरा होने के अवसर पर झामुमो के जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि अबुआ सरकार उम्मीदों की सरकार है। आज पूरे झारखंड में उत्सव का माहौल है। सभी वर्गों को इस सरकार से उम्मीद है। विशेष कर एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक को अबुआ सरकार से ज्यादा उम्मीद है। आज वो उम्मीद साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की जनता ने पिछले साल अबुआ सरकार को अपना भरपूर आशीर्वाद देकर इतिहास रचा था। आज झारखण्ड सरकार का एक साल पूरा हुआ। इसी ऐतिहासिक अवसर पर झारखण्ड के हजारों नौजवानों को सरकारी नौकरी की सौगात दी गई । उन्होंने सभी नव नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जनता दरबार में समस्याओं का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज उपायुक्त, रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों से ज्यादा लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं।



CMYK

# 3,431 जीविका दीदियों के खाते में पहुंची दस हजार की राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं के खातों में बड़ी संख्या में सहायता राशि भेजी जा रही है। इसी कड़ी में जहानाबाद जिले की हजारों महिलाओं को सीधे आर्थिक लाभ मिला है, जिससे पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक 4.41 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जीविका दीदी के खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को जहानाबाद जिले की 3,431 जीविका दीदी के खातों में 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजी गई। यह राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।




राशि मिलते ही विभिन्न प्रखंडों में महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने बताया कि यह आर्थिक सहयोग उनके छोटे-छोटे घरेलू व्यवसायों, स्वरोजगार और आजीविका के साधनों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।जिला प्रशासन ने बताया कि जहानाबाद जिले में अब तक 1,71,000 से अधिक महिलाओं को जीविका समूहों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। लाभार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और सरकार की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नई पहलें भी चलाई जा रही हैं।

**"राशि का सदुपयोग कर रोजगार बढ़ाएं": जिलाधिकारी**

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि सरकार चाहती है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए ताकि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बना सकें।उन्होंने सभी लाभार्थी महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा—"इस राशि का उपयोग अपने छोटे स्वरोजगार को बड़ा बनाने में करें। सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ें और उनका पूरा लाभ उठाएं। आप सभी महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हों, यही सरकार का लक्ष्य है।" जिलाधिकारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण बिहार सरकार की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से जीविका समूहों का विस्तार और वित्तीय सहायता का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। उनके अनुसार, इस प्रकार का आर्थिक सहयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा और महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।सरकार की इस पहल से जिले की हजारों महिलाएं अब न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं बल्कि छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से परिवार की आमदनी में भी योगदान दे रही हैं। आने वाले समय में इस योजना से कई नए रोजगार अवसर भी उत्पन्न होने की संभावना जताई जा रही है।

# सरकारी खंभे व जमीन से हो रही कमाई, राजस्व नदारद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र में एक हजार से अधिक विद्युत के खंभे लगे हैं और इससे इंटरनेट आपूर्ति करने वाली कंपनियों का केवल लटका है। बड़ी मात्रा में मुख्य मार्ग में स्थित बिजली के खंभे पर इंटरनेट कंपनियों के बॉक्स टंगे हुए हैं। इन्हीं बॉक्स से घरों में इंटरनेट कनेक्शन दिए जाते हैं, जहां बैठकर लोग मोबाइल से अधिक तेज गति और कम मूल्य पर अधिक डाटा इस्तेमाल कर पाते हैं। शहर में इंटरनेटर केवल का जाल बिछा है। घरों, व्यवसायिक व शैक्षणिक प्रतिष्ठानों ने इंटरनेट कनेक्शन वाईफाई के लिए ले रखा है। ऐसे में यह स्वाभाविक प्रश्न है कि एयरटेल या जिओ जैसे कंपनियां जो इंटरनेट तार और बॉक्स लटका रखे हैं उसके बदले में विद्युत विभाग या नगर नगर परिषद को कितनी राजस्व देते हैं। नगर परिषद क्षेत्र इंटरनेट आपूर्ति करने वाली एयरटेल या जिओ समेत तमाम कंपनियों की तरफ से एक



रुपये राजस्व का भुगतान नहीं होता है। बिजली कंपनियों को भुगतान तो होता है परंतु इसमें विभाग का क्षेत्र कार्यालय शामिल नहीं हैं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि केवल के बदले कोई कंपनी एक रुपये भी नगर परिषद को राजस्व नहीं देता है। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता बताते हैं कि पटना स्थित विद्युत भवन से तमाम कंपनियां एग्रीमेंट करती हैं और राजस्व पहीं भुगतान करते हैं। उनके द्वारा आजतक कोई एग्रीमेंट किसी कंपनी से नहीं किया गया है और न ही कोई कंपनी विद्युत विभाग से संबंधित क्षोत्रीय, स्थानीय कार्यालय में संपर्क करती हैं। बता दें कि बिजली विभाग के खंभो पर इंटरनेट के केबल और उनके बॉक्स टंगे हुए हैं। प्रश्न उठता है कि क्या इससे कोई खतरा पैदा हो सकता है। इससे कोई खतरा नहीं है क्योंकि इन लटके हुए इंटरनेट के केबल और लगे हुए बॉक्स में विद्युत करंट प्रवाहित नहीं होता है बल्कि इन तारों में लिंक प्रवाहित होता है। इससे किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं होता है।

# जनता दरबार में जनसुविधाओं से संबंधित 36 आवेदन प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता मे उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से जनसुविधाओं से संबंधित थे। जिन मामलों का निवारण तत्काल संभव था, उन्हें वहीं उपस्थित संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित कर समाधान हेतु कार्रवाई आरंभ करवाई गई। जबकि जिन मामलों की सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अधीन है, उन्हें विधि अनुसार लोक शिकायत निवारण कार्यालय को भेजा गया।




जनता दरबार में उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति,अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## खलिहान लगाने को लेकर हुई मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सेरथुआ टोला दाउदपुर गांव में खलिहान लगाने को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक अशोक कुमार उर्फ उदय कुमार बताया जाता है। इस बाबत घायल युवक ने रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में बताया कि उनका पड़ोसी से जमीनी विवाद चल रहा था। वहीं उनके जमीन पर पड़ोसी खलिहान लगा दिए थे।जिसे मना करने गए तो लाठी डंटे से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है। इस बाबत प्राथमिकी को लेकर टेहटा थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एसएस कॉलेज में 'स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद में शुक्रवार को एन.एस.एस., आइक्यूएसी तथा पीरामल फाउंडेशन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में "स्वास्थ्य एवं पोषण" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकरिया के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोरी प्रजापति ने कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार स्वास्थ्य की आधारशिला है। उन्होंने कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनरल्स तथा अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए मोटे अनाज, फल एवं हरी सब्जियों का सेवन अत्यंत आवश्यक है। आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार राय ने कहा कि हमारे युवा छात्र-छात्राएं समाज में पोषण एवं




स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि "आज की सुपोषित किशोरी ही भविष्य की सशक्त नारी बन सकती है।" वहीं एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंशु कुमार मल्लिक ने स्वयंसेवकों को महिलाओं एवं बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा तर्कसंगत ढंग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व पोषण का संदेश प्रभावी रूप से पहुंचा सकते हैं।

कार्यशाला को संबोधित करने वालों में जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी सुनील कुमार, पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रबंधक रविरंजन कुमार, तथा जिला कार्यक्रम लीडर धनंजय कुमार ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान (सत्र 2025–27) के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमितता और सकारात्मक अध्ययन संस्कृति अपनाने का आग्रह किया।

जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण दीपक ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# अतिक्रमण, ओवरलोडिंग एवं नियम उल्लंघन पर संयुक्त कार्रवाई के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिक्रमण, जाम, ओवरलोडिंग, शराब की अवैध आवाजाही, और यातायात नियमों के उल्लंघन जैसी प्रमुख समस्याओं पर व्यापक चर्चा हुई एवं ठोस निर्देश जारी किए गए।जिला पदाधिकारी द्वारा जहानाबाद नगर क्षेत्र को सड़क जाम से मुक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए जिनमें नगर क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्गो की विभागीय निर्देश अनुसार कलर कोडिंग कर ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा की परिचालन को व्यवस्थित किया जाएगा। पार्किंग और टेंपो स्टैंड के लिए चिन्हित स्थल



को क्रियान्वित किया जाएगा ताकि सड़क पर अवैध पार्किंग और टेंपो पड़ाव पर रोक लगाया जा सके। वहीं सड़क पर अवैध तरीके से पार्क किए गए वाहनों को टोइंग गाड़ी के माध्यम से हटाया जाएगा और नियमानुसार दंड अधिरोपित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाएंगे ताकि सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके। राजा बाजार अंडरपास को जल जमाव से मुक्त करने के लिए कार्यपालक अभियंता को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परिवहन, पुलिस, उत्पाद, खनन विभाग एवं नगर परिषद संयुक्त रूप से विशेष ड्राइव चलाकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, ओवरलोडिंग, अवैध बालू/गिट्टी वाहन, और शराब सेवन जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर जुर्माना वसूली की जाए। ऑटो रिक्शा के लिए निर्देशः जिलाधिकारी ने सभी ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने निर्धारित रूट व ऑटो स्टैंड से ही वाहन चलाएं।

**गुड सेमेरिटन को सम्मानः** दुर्घटना में घायलों की सहायता करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी अस्पतालों, बसों व थानों में फ्लैक्स व प्रचार की व्यवस्था होगी।

**सीट बेल्ट व हेलमेट उल्लंघनः** जिला पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों को समन जारी किया गया है। भविष्य में और सख्त कार्रवाई होगी।

ओवरलोडिंग पर अभियानः नियमित जांच व कार्रवाई से दुर्घटना व सड़क क्षति पर रोक लगाने का प्रयास।

**चालान लंबित मामलों में सख्तीः** तीन माह से अधिक समय तक चालान भुगतान नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर वाहन जब्ती की कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने अंत में निर्देश दिया कि यातायात नियमों के पालन को लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा नियम तोड़ने वालों पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जाए।

# एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। विधानसभा चुनाव में गोह विधानसभा से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डा रणविजय कुमार की हुई 4041 मतों से हार को लेकर बुधवार की दोपहर हसपुरा ड्रीम पैलेस के सभा हांल में पंचायत वार बूथों पर मिले वोटों की समीक्षा की गई।

अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री सह विधानसभा संयोजक रविशंकर शर्मा ने की जबकि संचालन भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना एवं उत्तरी मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने किया। पांचो घटक दल के हर पंचायत के अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष से अपने अपने बूथ पर मिले मत की जानकारी लिया गया। साथ हीं जिस बूथ पर उम्मीद से कम मत मिले थें,वहां कारण जानने का प्रयास किया गया। पूर्व विधायक प्रो.रणविजय कुमार ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा चुनाव के समय किए गए अथक प्रयास व मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। लोकतंत्र में हार-जीत एक प्रक्रिया है। प्रत्याशी होने के नाते इस हार की जिम्मेदारी मेरी है। किसी पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से परिणाम बदलने वाला नहीं है। कहा कि मुझे भी मालूम है कि कमी कहाँ रही,जिससे हम जीता हुआ चुनाव हारें हैं लेकिन गोह विधानसभा की महान जनता से यही वादा करता हूं कि पूर्व की भांति आपसबों के बीच हर सुख-दुःख में हमेशा खड़ा रहूंगा। आपने कुल 89, 583 मत देकर मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस भरोसे क़ो कभी टूटने नहीं दूंगा। लोजपा के प्रदेश सचिव विजय कुमार अकेला, रालोमो के महासचिव विनोद सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, नन्दन यादव, विरेंद्र कुमार, निर्भय पाठक, सुरेश आर्य, राजेन्द्र सिंह, रामबली सिंह, नारायण शर्मा, देवनारायण यादव, धर्मेंद्र लाला, बिजेन्द्र सिंह, रामजित राम, महिपाल सिंह, डा राजेश कुमार विचारक सहित अन्य सभी घटक दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा,जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण सिंह, पौथू के भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी,कृष्णा सिंह, दिलीप शर्मा, धनंजय कुमार मुन्ना, सागर गुप्ता, शैलेश शर्मा के अलावा अन्य सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मदनपुर में जीटी रोड पर किए गए अतिक्रमण से दुर्घटना की आशंका

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता**। मदनपुर में जीटी रोड पर अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। यहां सड़क पर टेंपो और अन्य वाहनों की पार्किंग होती है जबकि दोनों तरफ फुटपाथी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर मछली बाजार भी लगता है जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है। टेंपो चालक यात्रियों को सड़क पर ही बैठाते हैं जिससे तेज रफ्तार में गुजरते कार, टक और अन्य वाहनों के बीच दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ जाता है। स्थानीय प्रखंड सह अंचल के अधिकारी और थाना पुलिस इस स्थिति को प्रतिदिन देखते हैं परंतु अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। जिला और पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारी भी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। मदनपुर निवासी बब्लू कुमार, गणेश कुमार ने बताया कि मदनपुर बाजार के पास अतिक्रमण के कारण यात्रियों की जान को खतरा है। सड़क पर दुकानों के लगने और मछली बाजार के कारण गंदगी फैलती है जिससे लोगों को चलने में कठिनाई होती है। जीटी रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर शांति समिति और बीस सूत्री की बैठक में भी आवाज उठाई गई है परंतु जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# जेंडर आधारित हिंसा व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास निगम, जहानाबाद के तत्वाधान में बाल विकास परियोजना कार्यालय, मखदुमपुर में जेंडर आधारित हिंसा एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के जेंडर स्पेशलिस्ट श्री शैलेश कुमार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाली हिंसा, भेदभाव तथा असमानता के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा एवं त्वरित सहायता हेतु उपलब्ध आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर 112 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क




कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।बाल विवाह को एक सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके दुष्परिणामों एवं रोकथाम के प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला प्रवेक्षिका अनीता कुमारी, अर्चना कुमारी एवं किरण कुमारी सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

# सीएससी सेंटर में दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस व ई-मापी की मिलेगी सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारुण**। शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बारुण प्रखंड में कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी का फीता काट कर उद्घाटन किया। जबकि संचालन संचालक मिथिलेश कुमार एवं चितरंजन कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सीएससी ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब बारुण प्रखंड के नागरिक अंचल कार्यालय में सीएससी के प्रशिक्षित वीएलइ ऑनलाइन राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। राजस्व व भूमि सुधार



विभाग की आमजनों को दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, भू-लगान भुगतान, ई-मापी समेत अन्य ऑनलाइन सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी सेवाएं नियत शुल्क पर उपलब्ध होंगे। सभी ऑनलाइन राजस्व सेवाओं से संबंधित शुल्क-दर भी प्रदर्शित किया गया है। इस केंद्र के संचालन से आम जनता को सरकारी सेवाओं की त्वरित व पारदर्शी सुविधा मिलेगी। मौके प्रखंड के बड़ा बाबू राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं आरटीपीएस कर्मचारी पौथू के पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह , मनीष कुमार,नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार, रवि कुमार अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेत में कचरा फेंक उपज को बना रहे जहरीला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। कुछ लोग हम नहीं सुधरेंगे की मानसिकता में जीते हैं। वह ऐसी स्थिति पैदा करते हैं कि जन सामान्य को जहरीला भोजन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। यह सब कुछ अनजाने में होता है परंतु समझने और समझाने की कोशिश लगातार चलती रहती है और लोगों को समझना चाहिए। कुछ समझते ही नहीं लेकिन हमें क्या हानि होगी ऐसी सोच रखने वाले लोग सुधरते नहीं और नतीजा बड़ी आबादी को जहरीला कृषि उपज खाने पर मजबूर होना पड़ता है। इससे तमाम तरह की समस्याएं खड़ी होती है। बीमारियां पैदा होती हैं। बता दें कि मुख्य पटना नहर में दाउदनगर से संसा, भाव बिगहा, रघु बिगहा, कनाप होते हुए जाने वाली एक नहर है कोचहासा लाइन। इसमें गोरडीहा के बाद और कनाप से पहले बसन बिगहा के समीन नहर में एक पेड़ झुका है। विशाल पेड़ है इसके तने और पत्ते नहर में बह रहे पानी को छूते हैं। नतीजा वहां पर हजारों की संख्या में प्लास्टिक और थर्मोकोल के कचरे फंसे हुए हैं। यह लोग समझते नहीं हैं और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र लोग नहर में कचरा डाल देते हैं।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के चित्रसारी गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। 20 वर्षीय दीपक कुमार की हालत गंभीर होने पर उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। दीपक कुमार, जो अजय कुमार के पुत्र हैं, ने अपने घर में जानवर के लिए रखी चमोकन मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। परिजनों ने उसे तत्काल रफीगंज सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टर धनंजय कुमार शर्मा ने दीपक को प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, उसे बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, दीपक की शादी सात महीने पहले हुई थी।

# स्नातक तृतीय सेमेस्टर परीक्षा संचालन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय एस.एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024–28) की आगामी परीक्षा—जो 29 नवंबर 2025 से 06 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी—के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मेघन प्रसाद ने की। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थित एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन हेतु सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों को आवश्यक



निर्देश दिए। नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. बब्लू कुमार ने भी बैठक को संबोधित करते हुए परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश बताए और सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर रहने की अपील की। वहीं नव नियुक्त सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. हर्षवर्धन भी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग दिखे।बैठक में मौजूद अन्य प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भी परीक्षा संचालन को सुचारू बनाने हेतु अपने सुझाव साझा किए।गौरतलब है कि इस परीक्षा केंद्र पर जिले के तीन हजार से अधिक परीक्षार्थी दोनों पालियों में परीक्षा देंगे, जिसके मद्देनज़र कॉलेज प्रशासन की तैयारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।बैठक में प्रो. अख्तर रोमानी, डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, डॉ. यास्मीन बानो, डॉ सुमन कुमारी, डॉ. ब्रजेश कुमार के साथ-साथ अधिकांश शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 58 किलो गांजा, 15.66 लाख नकद और हजारों गोगो बरामद, छह तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के चांगर मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थ कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित तस्करी गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से 58 किलो गांजा, 15,66,900 रुपये नकद, 6,340 पीस गोगो और छह मोबाइल फोन बरामद किए। यह बरामदगी हाल के महीनों में पटना में मादक पदार्थों के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जानकारी अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चांगर मोड़ स्थित एक घर में बाहरी जिलों से लाई गई बड़ी खेप की डील होने वाली है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार की देर शाम रणनीति बनाकर त्वरित छापेमारी की। जैसे ही टीम ने घर को घेरा, अंदर मौजूद तस्कर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया।

जांच के दौरान कमरे से भारी मात्रा में गांजा के पैकेट, तस्करी में इस्तेमाल होने वाला कैश और गोगो की खेप मिली। पुलिस का कहना है कि यह गोगो शहर के युवाओं, खासकर कॉलेजों में सप्लाई किया जाता था। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने गिरोह की कई परतें खोलते हुए बताया कि यह नेटवर्क पटना, नालंदा, आरा और झारखंड के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों तक फैला है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड और कुछ प्रमुख सप्लायर अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है। टीम तस्करों के बैंकिंग लेन-देन, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स की जांच कर रही है, ताकि सप्लाई चैन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। बरामद कैश को लेकर पुलिस जांच कर रही है कि यह हालिया बिक्री का पैसा है या अगली खेप की एडवांस राशि।

नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर पटना पुलिस की नजर लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयों को और तेज किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े और चेहरों का पर्दाफाश किया जाएगा। गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की निगरानी खुद वरिष्ठ स्तर से कर रही है।

## विभिन्न थानों से पांच वारंटी भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** वारंटी धर पकड़ अभियान के तहत मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थानों की पुलिस इन दोनों विशेष अभियान चलाकर न्यायालय द्वारा प्राप्त निर्गत वारंट के आधार पर धड़ पकड़ अभियान चला रही है। ऐसे में बीते गुरुवार की देर शाम को भगवानगंज पुलिस ने चेथौल चकिया गांव में छापेमारी कर चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें गणेश मोची, सोहन रविदास, उमेश एवं दिनेश प्रसाद है वहीं पिपरा थाने के पुलिस ने डेहरी गांव से उदय सिंह है को वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है यह सभी गिरफ्तार वारंटी न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार की गई है।

# जीविका दीदियों के खातें में आई दस हजार की राशि, खिल उठे चेहरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत शुक्रवार को एक बार फिर से जीविका से जुड़े हुए महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि ट्रांसफर की गई है। बिहार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका से जुड़ी हर एक महिला को 10-10 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण की गई, इसको लेकर जीविका दीदियों में काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं का कहना है कि सरकार के इस फैसले का हमलोग स्वागत करते हैं, पहले हमलोग किसी भी चीज में पैसा इन्वेस्ट करने में यह सोचते थे की पूंजी कहां से आएगा लेकिन सरकार अब हमलोगों को 10 हजार रुपए दे रही हैं। जिससे हमलोग आसानी से कोई छोटा सा व्यवसाय करेंगे और उसी को आगे बढ़ाएंगे। मसौढ़ी की जीविका दीदी बताती है कि पहले हम गृहणी थे। घर से बाहर नहीं निकलते थे लेकिन 2009 में मैं जीविका से जुड़ी, फिर मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ, यह सभी उपलब्धि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही देन है। आज हमलोग इस मुकाम पे आ गए हैं कि अब अन्य लोग मुझे मेरे पति के नाम से नहीं बल्कि मेरे नाम से मेरे पति जाने जाते हैं। 10 हजार रुपया हमलोगों के लिए बहुत बड़ी राशि है, हमलोग इससे छोटे व्यापार की शुरुआत करेंगे। बहरहाल शुक्रवार को मसौढी प्रखंड में एक हजार जीविका दीदी, धनरूआ प्रखंड में भी एक हजार जीविका दीदी जबकि पुनपुन प्रखंड में 886 जीविका दीदीयों के बीच 10 हजार का राशि हस्तांतरित किए गए हैं। मसौढी में 44 हजार जिविका दीदीया है जो जिविका से जुड कर आत्मनिर्भर बन रही है। मौके पर मसौढी बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्श, कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार, नोडल पदाधिकारी युसूफ सिद्दीकी कार्यालय सहायक आनंद कुमार आदि शामिल रहे।

# एसएमडी कॉलेज में मना एनसीसी का 77वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** एसएमडी कॉलेज पुनपुन मे 77 वां एनसीसी दिवस उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम में कैडेट्स को प्रेरित करने के साथ ही एनसीसी के मुख्य सिद्धांतों एकता और अनुशासन को भी प्रभावी ढंग से उजागर किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा रंगोली, पेंटिंग दौड़ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में जो भी कैडेट्स शामिल हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय प्रो डॉ मधुरेंद्र और एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के द्वारा एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सारे एनसीसी कैडेट को हौसला देते हुए जीवन के अच्छे मोड़ पर ऊंचे ऊंचे पोस्ट का तैयारी करने का बातें साझा किया। स्थापना दिवस समारोह के उपरांत आयोजित विशेष परिचर्चा में छात्रों को भारतीय संविधान के इतिहास, उसकी मूल आत्मा, तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्र-निर्माण के लिए अनुशासन, सेवा और संवैधानिक मूल्यों पर चलते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। एनसीसी दिवस के अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ मधुरेंद्र, डॉ राकेश कुमार, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार, रंजीत कुमार एवं सीनियर और जूनियर कैडेट्स उपस्थित हुए।

# डुमरी जंक्शन बनने के बावजूद आज भी हाल्ट जैसी स्थिति, नहीं रुकती महत्वपूर्ण ट्रेने

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पटना गया रेलखंड का एक ऐसा रेलवे स्टेशन जो सिर्फ नाम का ही जंक्शन है। इसकी सूरत बदलने के लिए यहां डेढ़ साल पहले मॉडलिंग का काम हुआ था। लेकिन आज तक यहां एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकी। लोगों को कोसों दूर जाकर दूसरे स्टेशनों से लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इस जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट भी नहीं कटता है ।डुमरी जंक्शन को चमकाने में रेलवे ने कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन रेलवे की वे कवायद यात्रियों के काम नाहीं आ रही है। डेढ़ साल पहले इस हॉल्ट को जर्कशन का दर्जा दी गई थी। यहां कुल प्लेटफार्म बनाए गए, फिर भी इस जंक्शन पर सन्नाटा पसरा रहता है, क्याकि यहां एक्सप्रेस ट्रेनें आज भी नहीं रुकतीं। यहां के लोगों को नजदीकी रेलवे स्टेशन पुनपुन जाकर लंबी दूरी की ट्रेनें पकड़नी पड़ती हैं। स्थानीय निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि डुमरी जंक्शन पर रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, कोसी सुपर एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र गया एक्सप्रेस, पटना गया मेमू मेला स्पेशल, भभुआ रोड इंटरसिटी एक्सप्रेस, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस, गंगा दामोदर एक्सप्रेस, जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों की आज भी दरकार है। ये ट्रेनें यहां से गुजरती तो हैं, लेकिन रुकतीं नहीं। अगर ये ट्रेनें यहां रुकने लगें तो लोगों को दूसरे स्टेशनों पर जाने की जरूरत ना पड़े। रेलवे से कई बार इस विषय में मांग की गा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों में कृष्णा प्रसाद यादव, केसरी नंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राम लखन यादव, अजय यादव, संगीता देवी, राजगीर बादल मंटु यादव आदि ने बताया कि बीते 11.03. 2025 को दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों को लिखित पत्र देकर डुमरी जंक्शन पर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की गई थी, बहरहाल बीते 9 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल इस जंक्शन उद्घाटन किया था, लोगों की उम्मीद जगी थी कि अब कई एक्सप्रेस ट्रेन देखने को मिलेंगे, बावजूद डुमरी जंक्शन बनने के बावजूद आज भी यह हॉल्ट जैसा। फितरत बनी है। वही डुमरी जंक्शन के स्टेशन मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि कई एक्सप्रेस ट्रेनों का अभी तक ठहराव की प्रासनिक स्वीकृति नहीं मिली है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 195 _2025-26, 196 _2025-26 एवं 197_2025-26, दिनांक 27.11.2025.** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं **(सीनि. डीईएन/4/हावड़ा): क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 195 _2025-26, कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/आरपीएच के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एनएचटी, आरपीएच, एसकेआईपी, पीआरजीआर में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-04 अदद) तथा एमआरआर, आरजेजी, पीकेआर एवं जीएमएएन में (पीआई)-04 अदद का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु. 5,54,88,782.33; **बयाना राशि:** रु. 4,27,500। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 196 _2025-26, कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एएमपी एवं एसएनटी में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-02 अदद) तथा जेटीएल, जीकेएच एवं पीएनई में पीआई-03 अदद का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** रु. 3,48,03,847.77; **बयाना राशि:** रु. 3,24,000। **क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 197_2025-26, कार्य का विवरण:** एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/पी. वे/बीएचपी अनुभाग में केएएन-केपीएलई के बीच अप लाइन किमी. 1/19 से 45/31 तथा डाउन लाइन किमी.-1/2 से 45/32 तक पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,19,23,271.39; **बयाना राशि:** रु. 2,09,600। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए) तथा स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने (क्रमांक 3 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 19.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-423/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# जब्त अवैध बालू की चोरी का मामला गर्माया, सिटी एसपी ने लिया संज्ञान, डीएसपी-2 को जांच सौंपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** पटना में अवैध बालू खनन के खिलाफ इओयू और जिला प्रशासन द्वारा जब्त किए गए करोड़ों रुपये के बालू के चोरी होने का मामला गंभीर रूप से उभर आया है। रानीतलाब और बिक्रम थाना क्षेत्र में जब्त बालू को माफियाओं द्वारा कथित रूप से बेच दिए जाने के खुलासे के बाद सिटी एसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने मामले का संज्ञान लेते हुए डीएसपी-2, बिक्रम को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

जिला खनन पदाधिकारी कार्तिक कुमार के निर्देश पर खनन निरीक्षक उत्तम मणि ने रानीतलाब और बिक्रम थाना क्षेत्रों में अज्ञात के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज कराई हैं। बताया गया कि चोरी हुए बालू से सरकार को 5 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। जब्त बालू को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी संबंधित थाना पुलिस को दी गई थी, लेकिन जांच पूरी होने तथा नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही पूरा स्टॉक गायब हो गया।

मामले को द अधिकार फाउंडेशन ने प्रमुखता से उठाते हुए शुक्रवार को संगठन के अध्यक्ष मुकुंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी पश्चिम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आवेदन देकर आरोप लगाया कि रानीतलाब और बिक्रम थाना के केस आईओ की मिलीभगत और घोर लापरवाही से करोड़ों का सरकारी बालू माफियाओं के हाथों बेच दिया गया। फाउंडेशन का कहना है कि यह न सिर्फ सरकारी संपत्ति की क्षति है, बल्कि कानून व्यवस्था पर सीधा प्रहार है।

फाउंडेशन ने मांग की है कि संबंधित थानों के केस आईओ, पुलिसकर्मियों और बालू माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा पूरे नुकसान की राजस्व वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि जिस बालू पर पुलिस पहरा था, उसकी चोरी स्पष्ट रूप से पुलिस की नाकामी और मिलीभगत को दर्शाती है। बालू माफियाओं को जमानत मिलने के तुरंत बाद बालू स्टॉक का गायब होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है।

सिटी एसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने संगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीर मानते हुए तुरंत डीएसपी-2 को जांच सौंपते हुए कहा है कि मामले में

## डीआइजी ने थानों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार नगर।** पूर्णियां क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक प्रमोद कुमार मंडल ने जिले का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले स्थापित साइबर थाना और महिला थाना का गहन निरीक्षण किया।

कटिहार आगमन डीआइजी को सम्मानपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। गार्ड ऑफ ऑनर के उपरांत, डीआइजी प्रमोद कुमार मंडल ने दोनों थानों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से थानों में लंबित कांडों के शीघ्र और प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित थानाध्यक्षों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपराधिक मामलों, विशेषकर महिलाओं और साइबर अपराधों से जुड़े मामलों के त्वरित निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। डीआइजी के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अभिजीत कुमार सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदुलता उपस्थित रहे।

# कृषि विद्युत कनेक्शन लेने में किसान उदासीन

## विद्युत विभाग लगातार कर रहा है किसानों को जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान खेती के लिए बिजली का कनेक्शन लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जबकी बिजली विभाग के द्वारा लगातार पंचायत स्तर पर किसानों को शिविर लगाकर न केवल उन्हें जागरूक कर रहे हैं, बल्कि कृषि फीडर के तहत उन्हें कनेक्शन भी सुविधा एप के जरिए दे रहे हैं। इसके अलावा किसानों को सिंचाई के लिए बिजली बिल में दी जाने वाली विशेष सहायता से डीजल की तुलना में बिजली की सिंचाई हो रही है जो 10 गुना सस्ती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल सुनिश्चित करने से संबंधित योजनाओं के बिजली दर में राज्य सरकार 70 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार ने करोड़ों रुपए का वित्तीय सहायता प्रदान किया है। बावजूद मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में इन दिनों बिजली कनेक्शन लेने में किसान उदासीन दिख रहे हैं। किसानों को बिजली कनेक्शन देने के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 5 हजार 476 उपभोक्ताओं को सुविधा एप से कनेक्शन दिया गया है। जबकि पूरे अनुमंडल में तकरीबन 50 हजार उपभोक्ता होनी चाहिए थी।साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए पांच उपभोक्ता पर एक कृषि ट्रांसफार्मर लगाये जा रहे है। इस योजना के तहत अब तक सिचाई के लिए पांच सौ कृषि ट्रांसफार्मर लगाया जा चुका हैं। इसके अलावा उन्होंने किसानों से अपील की है की खेती के लिए कृषि का बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य है। वहीं बिजली चोरी कर पटवन करने वाले किसानों को चेतावनी दी है। बिजली चोरी कर पटवन करने वालों के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है जो लगातार हर जगह पर छापेमारी कर रही है।जो अब तक 42 लोगों पर बिजली चोरी करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई की गई है और यह निरंतर कार्रवाई चलती रहेगी।

# कटिहार मे 61 हजार से अधिक महिलाओं को दस हजार की प्रथम किश्त जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर जिले की 61 हजार 250 महिलाओं को प्रथम किश्त के रूप में दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जीविका की ओर से शुक्रवार को विकास भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार की 10 लाख महिला लाभार्थियों को संबोधित किया और उनके खाते में राशि भेजी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में 10,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके छह महीने के पश्चात उनकी रोजगार की स्थिति को देखते हुए दो लाख तक की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने उपस्थित 150 से अधिक जीविका दीदियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है। बल्कि आत्मविश्वास और स्वावलंबन की दिशा में एक नई शुरुआत है। उन्होंने जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपने प्रयासों से न सिर्फ अपने परिवार की स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि समाज के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार, डीडीसी अमित कुमार, निदेशक डीआरडीए सुदामा प्रसाद सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, प्रबंधक डीआरसीसी एवं जिला स्तरीय सभी प्रबंधक शामिल मौजूद रहे ।

## सड़क निर्माण कंपनी के मजदूरों से लूट में शामिल दो बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** गौरीचक थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कंपनी के मजदूरों से लूटपाट करने वाले दो बदमाश कल्लू और सन्नी को पुलिस ने कराय परशुराय, सलेमपुर नालंदा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि लूट का सामान उनके भाई सुजीत के पास है। पुलिस सुजीत की तलाश में छापेमारी कर रही है। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना 19.11 को हुई थी, जब काजी बीघा गौरीचक इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा था और मजदूरों के ठहरने वाले स्थान पर दोनों बदमाशों ने धावा बोलकर पांच मोबाइल फोन और 12 हजार रुपये लूट लिए थे। लूटपाट के बाद वहां पहुंची पुलिस में मजदूरों से पूछताछ की और मामला और मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी।

# 'हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा और निपुण बनेगा बिहार हमारा' थीम पर आयोजित होगी शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

**मसौढ़ी/नबिटा संवाददाता।** मसौढी के सभी प्रारंभिक स्कूलों में आगामी 29 नवंबर यानी आज शनिवार को राज्य सरकार के निर्देश पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) आयोजित की जायेगी। यह संगोष्ठी दो प्रमुख थीम हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा व निपुण बनेगा बिहार हमारा पर आधारित होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि इससे पूर्व 27 सितंबर को आयोजित होने वाली यह संगोष्ठी त्योहारों की वजह से स्थगित कर दी गयी थी। अब 29 नवंबर को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के महत्व को अभिभावकों तक पहुंचाना है, ताकि हर बच्चा सीखने की समान सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण व समावेशी शिक्षा पा सके। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि चाहे बच्चे की पृष्ठभूमि, भाषा, क्षमता या सामाजिक स्थिति कोई भी हो, उसे सीखने के अवसरों से वंचित न किया जाए।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 26.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-152-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों के एफओबी पर शेड का प्रावधान एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,68,60,906.91, **बयाना राशि :** रु.2,34,300/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-276/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/714, दिनांक 27.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3509, कार्य का नाम :** "बैण्डेल डिपो में बीसीएन प्रीमियम रेक एग्जामिनेशन" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.63,61,040/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,27,200/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3510, कार्य का नाम :** पाकुड यार्ड में यार्ड लाइटिंग का सुधार कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,41,701/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,800/-, **क्रम संख्या 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3314-आर2, कार्य का नाम :** (1) "हावड़ा मंडल के तहत हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचबीडी) की स्थापना (09 स्थान)" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (2) "बेलानगर स्टेशन लिमिट में एलसी गेट नं. 5/बी/टी/एसपीएल के पास किमी 10/18-20 में अप एचबीसी लाइन में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 13,11,470/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 26,200/- **क्रम सं. 4, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3300-आर2, कार्य का नाम :** "एईएन/बर्द्धमान के अधीन खाना जंक्शन और शक्तिगढ़ स्टेशनों में स्टैंडबाई बोरिंग के साथ क्लोरिनेशन प्लांट सहित कामनारा, खेतिया, चामारदिघी, कर्जना ग्राम, आमारुन में डीप ट्यूब वेल (200 मिमी X 150 मिमी) का प्रावधान" कार्य के संबंध में पंप-मोटर सेट की स्थापना। **निविदा मूल्य :** रु. 24,88,991/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 49,800/-, **पूर्णता अवधि:** प्रत्येक के लिए 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** प्रत्येक के लिए दिनांक 18.12.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-417/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' एवं 'हमारा शौचालय हमारा भविष्य' अभियान की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा समीक्षा के क्रम में पाया गया कि शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन नागरिक पोर्टल पर प्रखंड काको एवं जहानाबाद का आवेदन ज्यादा लंबित है, इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित प्रखंड समन्वयकों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि तीन दिनों के अंदर सभी लंबित आवेदन का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। शौचालय निर्माण में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति कम रहने के कारण प्रखंड - हुलासगंज रतनी एवं काको को निदेशित किया गया कि शत प्रतिशत शौचालय का निर्माण निर्धारित अवधि में कराना सुनिश्चित करें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयकों को यह बताया गया कि मिशन 40 दिवस के तहत लक्षित शौचालयो का निर्माण बेहतर रणनीति के तहत प्राथमिकता से पूर्ण करें। इस दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु पंचायतो को दी गई राशि के विरुद्ध उपयोगिता प्रमाण पत्र के समीक्षा के क्रम में संबंधितों को निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर अवशेष राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें अथवा नहीं खर्च होने की स्थिति में राशि की वापसी राज्य कार्यालय के खाते में सीधे हस्तांतरित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। इन अभियानों का उद्देश्य शौचालय निर्माण, उपयोग सुनिश्चित करना, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के माध्यम से स्वच्छता को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। अभियान के दौरान उन परिवारों को लक्षित किया जाएगा, जिन परिवारों में अभी तक शौचालय नहीं है और उन्हें शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वाले टोले पर ध्यान देते हुए छूटे हुए परिवारों की पहचान कर शौचालय निर्माण कराया जाए।



डब्ल्यूपीएल की वैभव सूर्यवंशी

# दिया यादव ने ऑक्शन में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने एक ऐसी खिलाड़ी पर दांव खेला है जिसकी उम्र महज 16 साल है लेकिन उसके पास टैलेंट कमाल है. बात हो रही है दिया यादव की जिन्हें पहली बार महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा. दिया ने ऑक्शन में बिकते ही इतिहास रच दिया है क्योंकि वो इस लीग की सबसे उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं. दिया की उम्र सिर्फ 16 साल है और वो हरियाणा की ओपनिंग बल्लेबाज हैं. जिस तरह से वैभव सूर्यवंशी ने महज 13 साल की उम्र में आईपीएल में खेलकर इतिहास रचा था, अब वैसा ही मौका 16 साल की दिया के पास है.

## दिया यादव कौन हैं?

दिया यादव हरियाणा की ओपनिंग बल्लेबाज हैं जो अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं. हरियाणा की ये बल्लेबाज उम्र में छोटी हैं लेकिन अच्छी-अच्छी गेंदबाजों की वो लाइन लेंग्थ बिगाड़ देती हैं. दिया महज 14 साल की उम्र में शतक लगाकर सुर्खियों में आई थी. इस खिलाड़ी ने वीमेंस अंडर 15 वनडे कप ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ नाबाद 124 रन बनाकर कमाल किया था.

## दिया ने टी20 ट्रॉफी में दिखाया दम

हाल ही में दिया सीनियर वीमेंस इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के लिए खेल रही थीं जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहा. दिया ने 5 पारियों में 30.20 की औसत से 151 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 150 के करीब रहा. सबसे अच्छे स्ट्राइक रेट के मामले में वो तीसरे नंबर पर रहीं और सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में ये खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रही. दिया यादव के टी20 करियर की बात करें तो इस खिलाड़ी ने 19 पारियों में लगभग 40 की औसत से 590 रन बनाए हैं. उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले हैं.

# रांची के मैदान पर विराट रन नहीं आग बरसाते हैं




**रांची, एजेंसी।** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार है। तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रांची में होगा। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। यही वजह है कि भारतीय टीम पर वनडे सीरीज से पहले काफी दबाव है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में दोनों टीमों की भिड़ंत होगी। 2013 से इस मैदान पर इंटरनेशनल क्रिकेट खेली जा रही है। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला हुआ था। यह विराट कोहली के सबसे फेवरेट मैदानों में से एक है।

## रांची में विराट का औसत 192 का

विराट कोहली ने रांची में अभी तक 5 वनडे मैच खेले हैं। चार पारियों में उनकी बैटिंग आई है और इसमें 384 रन बनाए हैं। वह इस मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। अन्य किसी बल्लेबाज के नाम 150 रन भी नहीं हैं। रांची के मैदान पर विराट कोहली के बल्ले से शतक और एक फिफ्टी निकली है। उनका औसत 192 जबकि स्ट्राइक रेट 109 का है। इस मैदान पर उनकी सबसे छोटी पारी 45 रनों की है। विराट कोहली ने अपने करियर में 59 मैदानों पर एक से ज्यादा मैच खेले हैं। उनका सबसे अच्छा औसत रांची में ही है। गुवाहाटी के बारसापारा और साउथ अफ्रीका के न्यूलैंड के मैदान पर उन्होंने वनडे में 126 की औसत से रन बनाए हैं।

## . साउथ अफ्रीका को हरा चुका भारत

विराट कोहली के अलावा इस मैदान पर वनडे में सिर्फ श्रेयस अय्यर के नाम शतक है। हालांकि वह चोटिल चल रहे हैं और इसी वजह से सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं हैं। अय्यर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही यहां शतकीय पारी खेली थी। इस मैदान पर आखिरी वनडे मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2022 में हुआ था। उस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से अपने नाम किया था।

म्यूजिक कंपोजर की मां ने दिया बड़ा अपडेट

# स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल की कब होगी शादी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी 23 नवंबर को होनी थी, जो अनिश्चितकाल के लिए टल गई थी. शादी के दिन ही स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते ये फैसला लिया गया.

इसी बीच सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलीं.कुछ अनकन्फर्म्ड चैट वायरल हुए, जिसक जरिए दावा किया गया कि पलाश मुच्छल ने स्मृति मंधाना को धोखा दिया. हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. इसके बीच यह राहत की बात है कि स्मृति के पिता अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं.

अफवाहों के बीच अब पलाश मुच्छल की मां अमिता मुच्छल का स्टेटमेंट सामने आया है. अमिता ने कहा कि सब कुछ तय योजना के अनुसार ही होगा. उन्होंने यह भी बताया कि पलाश का स्मृति के पिता से बहुत करीबी रिश्ता है, इसलिए उन्हीं की हालत देखकर शादी टालने का फैसला लिया गया.

## 'शादी की तैयारी हो चुकी है...'

अमिता मुच्छल ने बताया, 'हमने पलाश को हल्दी की रस्म के बाद से बाहर नहीं जाने दिया है. वह बहुत तनाव में है, रो रहा है. उसकी तबीयत भी बिगड़ गई थी, इसलिए उसे चार घंटे अस्पताल में रखना पड़ा. आईवी ड्रिप लगाई गई, ईसीजी हुआ.

सब सामान्य निकला, पर तनाव बहुत है.' अमिता मुच्छल ने कहा कि स्मृति और पलाश दोनों ही इस स्थिति को लेकर परेशान हैं और परिवार शादी के लिए पूरी तैयारी कर चुका है. अमिता ने बताया कि उनका बेटा जल्द ही दुल्हन को घर लाएगा.


अमिता मुच्छल ने आगे कहा, 'सब कुछ प्लान के अनुसार ही होगा और शादी भी जल्द होगी. पलाश का स्मृति के पिता से बहुत गहरा रिश्ता है. वह स्मृति से ज्यादा उनके पिता के करीब है. इसलिए जब उनकी तबीयत खराब हुई, तो पलाश ने ही शादी टालने का फैसला किया. अब वे ठीक हो रहे हैं, इसलिए आगे सब सही रहेगा.' बता दें कि स्मृति मंधाना उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. पूरे टूर्नामेंट में स्मृति की बल्लेबाजी शानदार रही. खिताबी मुकाबले में भी उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई.

## टाटा स्टील वर्ल्ड 25के : 10वें संस्करण में रजिस्ट्रेशन का टूटा रिकॉर्ड, बाईचुंग भूटिया ने की औपचारिक शुरुआत



**कोलकाता, एजेंसी।** काउंटडाउन की शुरुआत फुटबॉल स्टार और टाटा स्टील वर्ल्ड 25के रत्न, बाईचुंग भूटिया के 'बाईचुंग्स 10' नामक प्रदर्शनी मैच से हुई। पांच-सदस्यीय इस रोमांचक मुकाबले में आनंदा रन कैटेगरी के नौ पंजीकृत प्रतिभागियों ने फुटबॉल आइकन भूटिया के साथ खेल का मजा लिया। टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता के 10वें संस्करण को लेकर राजधानी में उत्साह चरम पर है। भारतीय फुटबॉल के पूर्व कप्तान और आइकन और टाटा स्टील वर्ल्ड 25के रत्न बाईचुंग भूटिया ने वर्षगांठ रन को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। रजिस्ट्रेशन इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। फिटनेस, एकजुटता और सामुदायिक भागीदारी को समर्पित यह इवेंट कोलकाता को एक बार फिर देश की 'रनिंग सिटी' साबित कर रहा है। उल्लेखनीय है कि टाटा 25के, 21 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित होगी। काउंटडाउन की शुरुआत फुटबॉल स्टार और टाटा स्टील वर्ल्ड 25के रत्न, बाईचुंग भूटिया के 'बाईचुंग्स 10' नामक प्रदर्शनी मैच से हुई। पांच-सदस्यीय इस रोमांचक मुकाबले में आनंदा रन कैटेगरी के नौ पंजीकृत प्रतिभागियों ने फुटबॉल आइकन भूटिया के साथ खेल का मजा लिया। मैदान पर खिलाड़ियों, प्रायोजकों और हस्तियों का जोश देखने लायक था।

## अंडर-19 एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, इन खिलाड़ियों की चमकी किस्मत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 12 से 21 दिसंबर 2025 तक दुबई में होने वाले पुरुष अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। मुंबई और चेन्नई सुपर किंग्स के जबरदस्त बैटर आयुष म्हात्रे अंडर-19 टीम की कप्तानी करेंगे। वैभव सूर्यवंशी भी एशिया कप के लिए अंडर-19 टीम में वापस आ गए हैं, जो 50-ओवर के फॉर्मेट में खेला जाएगा। 14 साल के इस खिलाड़ी ने पहले ऑस्ट्रेलिया में मल्टी-फॉर्मेट टूर में हिस्सा लिया था और हाल ही में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया था। 18 साल के ऑल-राउंडर विहान मनोज मल्होत्रा को भारतीय अंडर-19 टीम का वाइस-कैप्टन बनाया गया। यह टूर्नामेंट 19 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए एक प्लेटफॉर्म का काम करेगा, जो अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

यूरोपा लीग :

## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, रोमा और एस्टन विला ने जीते मुकाबले



**नॉटिंघमशायर, एजेंसी।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया।

माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। यहां से माल्मो की टीम दबाव से बाहर नहीं निकल सकी। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है। एक अन्य मैच में, रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।

डच फुटबॉलर ने मुकाबले के 27वें मिनट गोल दागकर मैच का खाता खोला, जिसके बाद 42वें मिनट एक और गोल दागकर एस्टन विला को 2-0 से आगे कर दिया। यंग बॉयज ने मुकाबले के 90वें मिनट सब्स्टीट्यूट जोएल मोंटेइरो की शानदार हाफ-वॉली के साथ अपना खाता खोला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के हेड कोच बने सैंटियागो नीवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने सैंटियागो नीवा को महिला नेशनल बॉक्सिंग टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। नीवा साल 2017 से 2021 तक भारत के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। भारत के साथ नीवा के पिछले कार्यकाल ने देश के हाई-परफॉर्मेंस स्ट्रक्चर पर गहरी छाप छोड़ी है। ऐसे में स्वीडिश टैक्टिशियन टीम को और बेहतर बनाने के मकसद से भारतीय खेमे में वापस आ रहे हैं। नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय बॉक्सिंग ने 2019 मेन्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीते, जिसमें अमित पंघाल ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था, जबकि मनीष कौशिक ने देश को ब्रॉन्ज जिताया। इसके बाद भारत ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में अब तक की सबसे बड़ी ओलंपिक बॉक्सिंग टीम उतारी, जहां लवलीना बोरगोहेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

लॉस एंजिल्स 2028 के मद्देनजर नीवा सभी वेट कैटेगरी में भारतीय महिला खिलाड़ियों को मेडल की दावेदार बनाने पर काम करेंगे। नीवा के पास दो दशकों से ज्यादा एलीट इंटरनेशनल कोचिंग अनुभव है, उन्होंने वर्ल्ड बॉक्सिंग में कुछ सबसे असरदार हाई-परफॉर्मेंस रोल निभाए हैं। नेशनल महिला टीम ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

इस मौके पर नीवा ने कहा, 'मैं भारत वापस आकर बहुत उत्सुक हूं। मेरे पिछले कार्यकाल के 5 साल बहुत शानदार रहे हैं। मैं इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है कि हम साथ मिलकर बड़ा मुकाम हासिल करेंगे। मुझे पहले भी महिला बॉक्सर्स के साथ काफी सफलता मिली है। भारतीय महिला टीम में बहुत क्षमता है। 2028 एलए ओलंपिक में हम इतिहास रचना चाहेंगे। नीवा की नियुक्ति पर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'सैंटियागो की नियुक्ति हमारे विमेंस प्रोग्राम के लिए एक जरूरी कदम है। वह टेक्निकल एक्सीलेंस और अंतरराष्ट्रीय समझ का मिश्रण लेकर आए हैं, जिससे भारत के प्रदर्शन में निखार आएगा।

उन्होंने कहा, 'हमारे एथलीट्स ने दिखाया है कि वे दुनिया के सबसे मुश्किल प्लेटफॉर्म पर भी आगे बढ़ सकते हैं। सैंटियागो के मार्गदर्शन से हमें दुनिया के सबसे बड़े मंच पर भारत की मौजूदगी और महत्वाकांक्षा को मजबूत करने का भरोसा है।

# एशेज : 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम घोषित, नहीं खेलेंगे पैट कमिंस

**मेलबर्न, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ



ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉगेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे। इस टीम में अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को शामिल किया गया है। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ में खेल गए सीरीज के पहले मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे

'क्रिकेटडॉटकॉमडॉटएयू' के मुताबिक, कमिंस ने शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में जमकर ट्रेनिंग की। उन्होंने मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के क्रिकेट सेंट्रल हेडक्वार्टर में ट्रेनिंग सेशन किया। इस दौरान पिंक बॉल से स्टीव स्मिथ को एक घंटे से ज्यादा समय तक पूरी गति से बॉलिंग की।

ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को गाबा में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन करेगी, जिसके बाद सोमवार को एक सेशन होगा। पर्थ स्टेडियम में खेले गए सीरीज के शुरुआती मैच में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 172 रन पर सिमट गई। इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट हासिल किए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पहली पारी में महज 132 रन ही बना सकी। इंग्लैंड के पास यहां से 40 रन की लीड थी, लेकिन मेहमान टीम दूसरी पारी में सिर्फ 164 रन पर सिमट गई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 205 रन का टारगेट मिला, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

## दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम :

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसेर, मिचेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### स्कूलों में छात्रों की कम उपस्थिति पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को किया जवाब तलब

# छात्रों की उपस्थिति में लाएं सुधार : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, उपस्थिति व्यवस्था तथा समग्र अनुशासन की स्थिति का आकलन करने हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित गेट स्कूल एवं अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों में अटेंडेंस रजिस्टर, नामांकन विवरण, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं में चल रहे शिक्षण कार्य तथा विद्यालय से संबंधित अन्य अभिलेखों की भी गहन जांच की गई, जिसके आधार पर कई महत्वपूर्ण निर्देश विद्यालय प्रशासन को दिए गए। गेट स्कूल में निरीक्षण के दौरान छात्रों की अत्यंत कम उपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से कठोर शब्दों में जवाब तलब किया और उपस्थिति में सुधार के लिए दैनिक समीक्षा की व्यवस्था करने को कहा। विद्यालय में छात्राओं के



वास्तविक नामांकन की तुलना में अत्यधिक संख्या में शिक्षकों की उपलब्धता पाए जाने पर डीपीओ स्थापना से विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और छात्राओं की पढ़ाई, शिक्षण पद्धति तथा कक्षा-कक्ष की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कक्षा 11वीं में छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई किंतु कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं कमरों में पेंट न होने पर उन्होंने प्रधानाध्यापक के प्रति कड़ा असंतोष जताया तथा सभी कक्षा-कक्षों को सुव्यवस्थित कर आवश्यक सुविधाएं तत्परता से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन भवन और शौचालयों के चलते फैली अव्यवस्था, गंदगी और असुरक्षित वातावरण की स्थिति पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि निर्माण एजेंसी और विद्यालय प्रशासन संयुक्त रूप से परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा तथा सुचारु शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करें ताकि छात्राओं के अध्ययन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षण व्यवस्था में सुधार, उपस्थिति बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, परिसर की स्वच्छता और शैक्षणिक अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित मानकों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर आगे भी निरंतर निगरानी रखी जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क किनारे से एक युवक का शव और क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। घटना माली थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान खैरा गांव निवासी सुनील सिंह के 20 वर्षीय पुत्र सूर्य मणि सिंह के रूप में की गई है। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने युवक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि घर में चचेरी बहन की शादी थी। आज (शुक्रवार 28 नंवबर 2025) को मंडप था। शनिवार को बारात आने वाली थी। शादी के इंतजाम के सिलसिले में सूर्यमणि रात करीब आठ से नौ बजे के बीच औरंगाबाद गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद था। कुछ पता नहीं चला। सुबह कॉल किया तो फोन



पुलिस ने उठाया और मौत की जानकारी दी। यह सुनते ही परिवार पर मानों पहाड़ टूट पड़ा। घटनास्थल और क्षतिग्रस्त बाइक देखकर पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क दुर्घटना मान रही है। आशंका है कि रात में किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी होगी। अंधेरा होने के कारण किसी को घटना का पता नहीं चला। सुबह जब लोग उधर से गुजरे तो शव दिखाई दिया। परिजन इसे दुर्घटना नहीं मान रहे। हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि हादसे का रूप देने के लिए बाइक को क्षतिग्रस्त कर सड़क किनारे फेंका गया है। मृतक के गले से दो सोने की चेन भी गायब है। जो शक को और गहरा करती है। पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार मंडल ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रथम दृश्यता में यह मामला दुर्घटना प्रतीत हो रहा है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। छानबीन की जा रही है।

# एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य मामलों में 38 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 38 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट 1, हत्या के प्रयास में 8, शराब कांड में 12 एवं अन्य शीर्ष कांड में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 215 लीटर देसी शराब, 3 लीटर विदेशी शराब, 560 लीटर स्प्रिट, 2 बोलेरा एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। इसी क्रम में 11 वारंट का निषादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 896 वाहनों की जांच की गई जिसमें 21500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# डंपर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के खरांटी पुल पर गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया जिसमें मौके पर ही उसकी मौत गई। मृतक की पहचान ओबरा निवासी गफूर हवारी कागजी के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक गफूर बभंडीहा गांव से शादी समारोह में शामिल होने गया था। सामरोह के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान हादसे का शिकार हो गया। गफूर बाइक मैकेनिक का काम करता था। उसी कमाई से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पत्नी माजदा बेगम और परिजन हादसे के बाद से सदमे में हैं। मृतक की एकमात्र बेटी शहनाज परवीन की शादी हो चुकी है। परिवार के एकमात्र सहारे के अचानक चले जाने से घर में कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों ने एनएच-139 पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि यह सड़क अब जानलेवा बन चुकी है। प्रतिदिन दुर्घटना में किसी



न किसी की जान जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हादसे की सूचना पर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की छानबीन की जा रही है।

# अतिक्रमित कांजी हाउस को खाली कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर अंचल मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित एनएच-19 पर सरकारी कांजी हाउस की जमीन का अतिक्रमण होने से लोगों में आक्रोश है। कांजी हाउस की जमीन करीब तीन डिसमील से अधिक है जिसमें पशुओं को रखा जाता था। इस जमीन पर जिला परिषद और नगर पंचायत अपना दावा करती है लेकिन आज तक जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल नहीं की जा सकी है जबकि यह जमीन करोड़ रूपये की हो गई है। प्रखंड मुख्यालय की मुख्य बाजार स्थित होने के कारण बहुउद्देशीय हो गया है। इसमें शौचालय निर्माण कराने के लिए कई बार योजनाएं बनाई गई और सरकारी राशि का निकासी भी किया गया। आधे-अधूरे



निर्माण कार्य करा छोड़ दिए जाने से टूटफूट का क्षतिग्रस्त हो गए। अतिक्रमण के अलावा थोड़ी बहुत जो जमीन बच रही है उसमें कुड़ा-कचड़ा का पहाड़ बना हुआ है। बाज़ार वासियों का कहना है कि कांजी हाउस की जमीन का अतिक्रमण मुक्त करा कर उसमें प्रसाधन केन्द्र बनाई जाए ताकि प्रखंड मुख्यालय और बाजार आने वाले महिला-पुरूष को शौच सुविधा मिल सके। बाजार में एक भी शौचालय नहीं रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# जिले में शिक्षा सुधार पर डीइओ का रुख सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) सुरेन्द्र कुमार ने जिले के सभी प्लस टू एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ देर शाम आपात बैठक की। बैठक में डीइओ ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और शैक्षणिक वातावरण को सुधारने के लिए 10 दिनों के भीतर ठोस उपलब्धि सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस अवधि में लक्ष्य हासिल नहीं होने पर प्रधानाध्यापक समेत संबंधित शिक्षकों पर विभाग सीधी दंडात्मक कार्रवाई करेगी। डीइओ

**दस दिनों में लक्ष्य हासिल नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

का यह कदम उस समय आया है जब जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय एवं अनुग्रह इंटर स्कूल का निरीक्षण किया था और वहां की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था। विशेषकर 10वीं और 12वीं के छात्रों की अनुपस्थिति व विद्यालय परिसर की अव्यवस्थित स्थिति पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई थी। बैठक के दौरान डीईओ ने विद्यालयों में स्वच्छता, साफ-सफाई, शौचालय, रंग-रोगन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और शिक्षण वातावरण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी पहलें की जाएं। इसके लिए विद्यालय कोष और छात्र कोष का विधिसम्मत उपयोग करने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने की सलाह दी गई।इसके अलावा डीईओ ने बेहतर नेतृत्व और कार्य प्रदर्शन करने वाले प्रधानाध्यापकों के लिए 'टीचर ऑफ द मंथ' सम्मान की घोषणा की। बैठक में डीपीओ स्थापना भोला कुमार कर्ण, डीपीओ पीएम पोषण रवि कुमार रौशन एवं डीपीओ समग्र शिक्षा अमृतेश आर्यन ने भी जरूरी दिशानिर्देश दिए और सुधारों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही।

# ट्रक की ठोकर से वृद्ध की मौत, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के केशव मोड़ के समीप एनएच-19 पर ट्रक की टक्कर से साईकिल सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मितराज गांव निवासी 65 वर्गीय रामाशीष पाल के रूप में की गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक किसी कार्य से बारून आन्ने के बाद घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें वे हादसे के शिकार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों के लिए सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है तथा ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सीआरपीएफ जवान का शव पहुंचते ही पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** ओडिसा व छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर तैनात सीआरपीएफ जवान की हार्ट अटैक से मौत हो गयी है। मृत जवान की पहचान ओबरा के मंझियावां गांव निवासी डीलर राम प्रवेश सिंह के 35 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। 26 नवंबर को सीआरपीएफ जवान की मौत ड्यूटी के दौरान ही हो गयी। गुरुवार की रात जवान का पार्थिव शरीर जब पैतृक गांव लाया गया तो कोहराम मच गया। पत्नी पूजा कुमारी की चीत्कार से गांव का कोना-कोना दहल उठा। शव गांव में पहुंचने की सूचना पर आसपास्र के लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र के साथ-साथ पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने पहुंच कर परिजनों को ढांढ़स बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक ने कहा कि आयुष देश की रक्षा में शहीद हुए है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। वह परिजनों के साथ हर परिस्थिति में खड़े है। वैसे जानकारी मिली कि सीआरपीएफ जवान आयुष कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गयी और फिर उनकी मौत हो गयी। मौत के पीछे हार्ट अटैक को कारण बताया जा रहा है। इधर, गांव स्थित श्मशान घाट पर सम्मान के साथ रात में ही जवान का अंतिम संस्कार किया गया। सीआरपीएफ जवान आयुष कुमार की मौत की सूचना जैसे ही गांव में पहुंची, वैसे ही कोहराम मच गया। हालांकि, घर के लोगों को जल्द भरोसा नहीं हो रहा था। 10 दिन पहले यानी 17 नवंबर को छुट्टी काटकर आयुष अपने ड्यूटी पर गये थे। कुछ घंटे पहले पत्नी से उनकी बातचीत भी हुई थी। अचानक घर में सूचना मिली कि उनकी तबीयत खराब है। फिर उनकी मौत की जानकारी मिली।

# यात्रा भत्ता लेकर 221 कर्मियों ने नहीं की चुनाव ड्यूटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव में मतदान अधिकारी व माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में लगाये गये सैकड़ों कर्मियों ने यात्रा भत्ता लेने के बाद चुनाव ड्यूटी नहीं किया। वे चिह्नित योगदान स्थलों से अनुपस्थित पाये गये थे। चुनाव ड्यूटी के दौरान विभिन्न स्थलों से अनुपस्थित पाये गये 221 कर्मियों पर अब कार्रवाई की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्रीकांत शास्त्री द्वारा इन सभी कर्मियों को पूर्व में भुगतान किये गये यात्रा भत्ता (टीए) को अविलंब वापस करने का निर्देश दिया गया है। इन कर्मियों को मतदान अधिकारी व माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में नौ और 10 नवंबर को विभिन्न स्थलों पर चुनाव कार्यों में तैनाती के लिए नामित किया गया था और योगदान करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए इन्हें अग्रिम रूप से यात्रा भत्ता प्रदान किया गया था। लेकिन, निर्धारित तिथि पर चिह्नित स्थल पर उक्त कर्मियों ने योगदान नहीं दिया और अनुपस्थित पाये गये। हालांकि चुनाव पूर्व प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह कहा था कि निर्वाचन कार्य में सभी कर्मी को दायित्व निभाना अनिवार्य है और यह संवैधानिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कहा है कि चिह्नित स्थल से अनुपस्थित रहते हुए यात्रा भत्ता प्राप्त करना पूरी तरह अनुचित है और कर्मियों को इसका कोई औचित्य नहीं है। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि अनुपस्थित कर्मियों के स्थान पर अन्य सुरक्षित कर्मियों की तैनाती करनी पड़ी। ऐसे में अनुपस्थित पाये गये कर्मी यात्रा भत्ता के हकदार नहीं हैं। तीन दिनों के भीतर सभी संबंधित कर्मियों को यात्रा भत्ता की प्राप्त राशि कैनरा बैंक की शाखा में संचालित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के सरकारी खाते में जमा करने का निर्देश दिया गया है। यह भी कहा गया है कि राशि जमा करने के उपरांत सभी कर्मियों को इसकी जमा रसीद जिला निर्वाचन शाखा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि निर्धारित समय सीमा में राशि नहीं लौटाने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# ऑटो स्वीपर मशीन से होगी सड़कों की सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** शहरवासियों व राहगीरों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पर्षद जल्द ही सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब तक सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाकर सड़कों की सफाई की जाती है। इसके कारण धूल उड़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पर्षद द्वारा ऑटो स्वीपर मशीन खरीदने की तैयारी की गयी है। इस विषय पर नगर पर्षद बोर्ड की मासिक बैठक में चर्चा की गयी है। मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी ने बताया कि सड़कों पर पड़े बालू और धूलकण को हटाने के लिए ऑटो स्वीपर मशीन की खरीद की जायेगी। इसके लिए आवश्यक विवरण जुटाया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही खरीद का काम शुरू होगा। मशीन के आने से शहर की सड़कों के किनारे जमा धूल और बालू से लोगों को काफी हद तक निजात मिल सकेगी। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर सफाई की पुरानी पद्धति के कारण अब भी बालू और धूलकण के ढेर लगे रहते हैं। सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाने के दौरान धूल उड़ने से उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। वहीं, कई स्थानों पर सड़क किनारे बालू जमा रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एनएच 139 के तरारी से शहीद प्रमोद सिंह चौक जाने वाली सड़क के किनारे काफी मात्रा में बालू पसरा हुआ है। सोन पुल चौराहा से सोन पुल मार्ग तक भी यही स्थिति बनी हुई है। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फुटपाथ पर भी बालू जमा होने से वाहन चालकों को सड़क पर ही चलना पड़ता है, जिसके कारण गिरकर चोटिल होने की घटनाएं होती रहती हैं। यह सड़क एनएच 120 है। इतनी महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार ऑटो स्वीपर मशीन आधुनिक तकनीक से लैस होगी। यह एक दिन में करीब 30 किलोमीटर लंबी सड़क की सफाई कर सकेगी। इस मशीन से सड़क के साथ फुटपाथ और जेब्रा क्रॉसिंग की भी सफाई होगी। यह मशीन अति सूक्ष्म धूलकण तक को वैक्यूम तकनीक से अपने अंदर समेट लेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# किशोर को देव सूर्य मंदिर में सामुदायिक सेवा का आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर अपराधियों में व्यवहारिक सुधार और सामाजिक संवेदना विकसित करने के उद्देश्य से किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आज बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसडीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने देव थाना कांड संख्या 912/25 एवं जे.जे.बी. वाद संख्या 1673/25 की सुनवाई के दौरान एक विधि-विरुद्ध किशोर को लगातार दस दिनों तक देव सूर्य मंदिर परिसर में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया। आदेश के अनुसार किशोर सूर्य मंदिर परिसर में निर्धारित अवधि तक सेवा कार्य करेगा, जिसका प्रतिवेदन मंदिर प्रबंधन को नियमित रूप से तैयार कर बोर्ड में समर्पित करना होगा।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 12 परिवादियों द्वारा जनहित से जुड़ी विविध समस्याएं प्रस्तुत की गईं जिनमें विद्युत तार हटाने, शस्त्र अनुज्ञप्ति, सड़क निर्माण, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण, मुआवजा भुगतान तथा नल-जल योजना से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस दौरान जनता दरबार में बारून प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत के हल्का कर्मचारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की बदली रोकने से संबंधित उमेश कुमार सिंह एवं अन्य ने आवेदन प्रस्तुत किया गया। नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के सोरी पंचायत अंतर्गत मरहा निवासी सत्येन्द्र सिंह एवं अन्य ग्रामीण जनता द्वारा नल-जल योजना के तहत




लगाए गए पाइप चोरी होने की समस्या रखी गई। नगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर निवासी वैद्यनाथ कुमार द्वारा निबंधन कार्यालय में रोक सूची में नाम संधारित रहने के कारण विक्रय पत्र का निबंधन नहीं होने की शिकायत की गई। नगर थाना क्षेत्र के ही शाहपुर मोहल्ला वार्ड - संख्या 27 निवासी धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 11 हजार वोल्ट के नंगे विद्युत तार हटवाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से कवरिंग तार लगाने का अनुरोध किया गया। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के गणेश नगर मनिका टीम इकोसखी, प्लस टू हाई स्कूल की पारूल प्रिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु शिक्षक को सहयोग नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई। इसी तरह अन्य परिवादियों द्वारा सड़क, नाली, पुल निर्माण, नल-जल आपूर्ति, अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, मुआवजा भुगतान तथा जनसुविधाओं में सुधार से संबंधित विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी प्रकरणों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि जन समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता एवं दक्षता बनी रहे।

# फर्जीवाड़ा गिरोह का मास्टर माइंड समेत दो धराये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लखनऊ पुलिस ने बिहार के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवकों ने मेडिकल कॉलेजों में दाखिला करवाने के नाम पर सौ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। फर्जीवाड़ा गिरोह का मास्टर माइंड अभिनव शर्मा है, जो औरंगाबाद जिले के फतेहपुर गांव का रहने वाला है। वह बी-टेक किया हुआ है। दूसरा युवक संतोष कुमार है जो समस्तीपुर के रहने वाला है। इस मामले में अभिनव शर्मा के पिता सरदार महतो बताते है कि 10 बीघा पुश्तैनी खेत बेचकर बेटे का बेल कराया था और तीन बेटियों की शादियां कराई। कभी हम सुखी-संपन्न थे। आज हम दोनों पति-पत्नी मजदूरी कर पेट पाल रहे हैं। हमें पुश्तैनी जमीन बेचनी पड़ी। मां कहती है कि आठ साल से बेटे का चेहरा नहीं देखा है। न उसका कोई पता है। उन्होंने बताया कि बेटा वाराणसी में किसी लड़की से शादी कर चुका है, पोते-पोतियां भी हैं, लेकिन उन्होंने उनका चेहरा तक नहीं देखा। मां शॉल से चेहरा छुपाए रोते हुए कह रही थी कि बेटा न घर आता है, न पैसा भेजता है। ग्रामीण भीम सिंह बताते हैं कि पहली बार उसकी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी एक साल पहले हुई तब वह यूपी के सहारनपुर से पेशी पर जाते समय मेरठ के रास्ते पुलिस हिरासत से ट्रेन में कूदकर फरार हो गया था।